Page 11



खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09



देश


**इंग्लैंड से पहली बार टी20 सीरीज हारा भारत, 7 साल बाद लगातार दो सीरीज...**

**जम्मू-कश्मीर में सरकार के एक आदेश से मचा हड़कंप, स्कूलों में पढ़ाया जा रहा था अलगाववाद**


कृष्ण पक्ष, रोहिणी, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • शनिवार • 11 जुलाई 2026 • वर्ष 28 • अंक 219 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,32,750 | ₹ 2,40,000 |

## आज का इतिहास

**1405** : चीनी खोजकर्ता झेंग हे ने 317 जहाजों के विशाल बेड़े का नेतृत्व किया, जो भारत के एक व्यापार मिशन पर था।

**1889** : सोवा बाजार क्लब किसी फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने वाला पहला भारतीय दल बना।

## न्यूज बाइट्स

### डेढ़ साल के बच्चे की पटककर हत्या करने वाले दोषी को फांसी की सजा

**फिरोजाबाद(यूपी) (ए.)** शिकोहाबाद में 30 मई को डेढ़ वर्ष के मासूम आरव की जमीन पर पटक-पटककर नृशंस हत्या के मामले में जनपद न्यायाधीश ने शुक्रवार दोपहर 2.45 बजे हत्यारे की सजा तय कर दी।

### बिहार सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत दिया लाभ

# बिहार के 97.84 लाख लाभार्थियों को ₹1,423.94 करोड़ पेंशन जारी

### मुख्यमंत्री ने डीबीटी के जरिए किया ट्रांसफर, पेंशन राशि ₹400 से बढ़ाकर ₹1,100 की गई

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत शनिवार को राज्य के 97.84 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में 1,423.94 करोड़ की पेंशन राशि ट्रांसफर कर दिया है। यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से भेजी गई। सरकार द्वारा जारी की गई राशि में तीनों राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के जून 2026 माह की पेंशन, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) की तीनों पेंशन योजनाओं के मई और जून 2026 की पेंशन राशि शामिल है।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित संकल्प हॉल में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी, मंत्री बिजेंद्र यादव, श्वेता गुप्ता समेत कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 प्रति माह से बढ़ाकर 1,100 प्रति माह कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को अधिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र व्यक्ति किसी भी स्थिति में योजना से वंचित न रहें। इसके लिए जिला स्तर पर विशेष अभियान चलाकर नए पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में हर महीने की 10 तारीख को 'पेंशन दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि 'सहयोग कार्यक्रम' के दौरान गांव-गांव जाकर यह पता करें कि कोई पात्र व्यक्ति पेंशन योजना से वंचित तो नहीं है। यदि कोई जरूरतमंद छूट गया है तो उसे तुरंत योजना से जोड़ने की कार्रवाई की जाए।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को 'विकसित भारत' बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। वहीं, बिहार सरकार 'समृद्ध बिहार' के लक्ष्य को लेकर लगातार काम कर रही है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को मजबूत बनाना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



### हर महीने की 10 तारीख को मिलेगी पेंशन

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों को हर महीने की 10 तारीख को डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में 1,100 की पेंशन राशि मिले। उन्होंने कहा कि अब पेंशन भुगतान की व्यवस्था नियमित और पारदर्शी बना दी गई है, जिससे वृद्धजनों, विधवाओं और दिव्यांगजनों को समय पर आर्थिक सहायता मिल सके।

### सीमावर्ती जिलों में अवैध कमाई पर शिकंजा

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद बिहार के सीमावर्ती जिलों में अवैध कारोबार से अकूत संपत्ति अर्जित करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की तैयारी तेज कर दी है। भू-माफिया, मादक पदार्थ तस्करों, अवैध बालू खनन से जुड़े कारोबारियों तथा जीएसटी एवं आयकर चोरी करने वालों की आय और संपत्तियों की गहन जांच की जाएगी। जिला प्रशासन विभिन्न विभागों के समन्वय से ऐसे संदिग्ध व्यक्तियों का डाटा तैयार कर रहा है, जिनकी घोषित आय और अर्जित संपत्ति में बड़ा अंतर पाया जाता है। जांच के दौरान चल एवं अचल संपत्तियों, बैंक खातों के लेन-देन, व्यावसायिक गतिविधियों तथा आय के स्रोतों का मिलान किया जाएगा। यदि संपत्ति के वैध स्रोत नहीं मिलते हैं, तो संबंधित कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी। सीमावर्ती जिला होने के कारण किशनगंज लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध बालू खनन जैसी गतिविधियों के लिए संवेदनशील माना जाता रहा है।

# डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम को और मजबूत करेगा आयुष्मान भारत मिशन : जेपी नड्डा

- एबीडीएम की समीक्षा बैठक में बोले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री- अब देशभर में मिशन के व्यापक उपयोग पर रहेगा फोकस, 93.95 करोड़ से अधिक एबीएचए नंबर बने
- 5.33 लाख स्वास्थ्य संस्थान और 9.85 लाख स्वास्थ्य पेशेवर डिजिटल रजिस्ट्री से जुड़े।



एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की तीसरी मिशन संचालन समूह (एमएसजी) बैठक की अध्यक्षता करते हुए देश में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने नागरिक-केंद्रित, इंटरऑपरेबल और तकनीक आधारित स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि अब मिशन के अगले चरण में पूरे देश में इसके व्यापक उपयोग को सुनिश्चित करना प्राथमिकता होगी।

बैठक को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, उपलब्धता और पारदर्शिता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को उसके स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक सुरक्षित और सहमति-आधारित डिजिटल पहुंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि समावेशी और सरल तकनीक के माध्यम से 'यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज' के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। बैठक में पिछली समीक्षा के बाद हुए कार्यों का भी आकलन किया गया। इसमें राज्यों में क्षमता निर्माण, सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म का एकीकरण, निजी स्वास्थ्य संस्थानों की भागीदारी और अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। मिशन संचालन समूह ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मॉडल डिस्ट्रिक्ट, मॉडल फैसिलिटी तथा आरोग्य सेतु 2.0 जैसी पहलों की सराहना की। साथ ही आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई, सीजीएचएस, ईएसआईसी और निक्षय जैसी योजनाओं के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म के बेहतर एकीकरण पर संतोष व्यक्त किया। भविष्य की रणनीति पर चर्चा करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग, डिजिटल हेल्थ स्टैंडर्ड्स, इंटरऑपरेबिलिटी और राज्यों के साथ बेहतर समन्वय को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी।

### 93.95 करोड़ से अधिक बने एबीएचए नंबर

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम में से एक बन चुका है। अब तक देशभर में 93.95 करोड़ से अधिक एबीएचए नंबर बनाए जा चुके हैं, जबकि 105 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप से लिंक किए जा चुके हैं। इसके अलावा 5.33 लाख स्वास्थ्य संस्थान और 9.85 लाख स्वास्थ्य पेशेवर नेशनल डिजिटल हेल्थ रजिस्ट्री में पंजीकृत हो चुके हैं। मिशन के तहत 2.72 लाख स्वास्थ्य संस्थानों ने एबीडीएम समर्थित सॉफ्टवेयर अपनाया है। वहीं अस्पतालों में ओपीडी पंजीकरण को आसान बनाने के लिए करीब 24 करोड़ 'स्कैन एंड रजिस्टर' टोकन जारी किए गए हैं, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड का सुरक्षित डिजिटल आदान-प्रदान संभव हो रहा है।

बैठक के समापन पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एबीडीएम के तहत मजबूत डिजिटल स्वास्थ्य ढांचा तैयार हो चुका है। अब इसका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को हासिल करने में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।







बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### अल्पसंख्यक बालक छात्रावास संचालन समिति की बैठक आयोजित, छात्रावास संचालन एवं सुविधाओं की हुई समीक्षा

**नवादा।** श्रीमती नीलिमा साहू, उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में अल्पसंख्यक बालक छात्रावास संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में छात्रावास के सुचारू संचालन, वित्तीय प्रबंधन, विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं तथा नए छात्रावास अधीक्षक के चयन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं उसके अनुपालन की समीक्षा की गई। इसके उपरांत छात्रावास अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत आय-व्यय विवरण की जांच करते हुए वित्तीय प्रबंधन को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही छात्रावास के संचालन से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक एवं प्रबंधन संबंधी विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में नए छात्रावास अधीक्षक के चयन हेतु प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं विभागीय प्रावधानों के अनुरूप संपन्न कराई जाए, ताकि योग्य एवं सक्षम अभ्यर्थी का चयन सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान छात्रावास में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, जैसे आवासीय व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी आवश्यक सुविधाएं गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने छात्रावास की नियमित निगरानी सुनिश्चित करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। बैठक में संचालन समिति के सदस्यगण एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बालू लदा ट्रैक्टर और गिट्टी लदा ट्रक को पुलिस ने पकड़ा

**नरहट (नवादा)।** स्थानीय नरहट थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को और एक अवैध गिट्टी लदा ट्रक को पकड़ कर जप्त किया है। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को खनवां से जप्त किया गया है वहीं अवैध गिट्टी लदा ट्रक को थाना चौक के पास से जप्त किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जप्त ट्रैक्टर और ट्रक पर खनन पदाधिकारी संतोष झा के आवेदन पर केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### डीएम के हस्तक्षेप से ओड़ो गांव में जल-नल योजना बहाल



**नवादा।** जिले के नारदीगंज प्रखंड अंतर्गत ओड़ो ग्राम के वार्ड संख्या 7 एवं 8 में करीब एक माह से बंद पड़ी जल-नल योजना आखिरकार फिर से चालू हो गई। मोटर जल जाने के कारण हजारों ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे थे। भीषण गर्मी के बीच महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा था। एंटी क्राइम ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद मिश्रा ने पहले विभागीय अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन समाधान नहीं होने पर जिलाधिकारी रवि प्रकाश का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया। जिलाधिकारी के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खराब मोटर बदलकर जलापूर्ति बहाल कर दी। योजना शुरू होने से दोनों वार्डों के लोगों में खुशी का माहौल है। अरविंद मिश्रा ने जिलाधिकारी एवं विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर प्रशासनिक हस्तक्षेप से हजारों लोगों को राहत मिली है। उन्होंने विभाग से जल-नल योजना के नियमित रखरखाव की मांग भी की, ताकि भविष्य में ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े।

### जनसुनवाई में 42 मामलों की सुनवाई, कई शिकायतों का मौके पर हुआ समाधान



**नवादा।** बिहार सरकार के *सात निश्चय-3 के तहत शुक्रवार को जिले के सभी पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिला स्तर पर समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई की अध्यक्षता जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने की। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने कुल 42 शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए कई शिकायतों का मौके पर ही निष्पादन कराया। शेष मामलों को जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। जनसुनवाई के दौरान वारिसलीगंज के बेल्धा गांव से बिजली के पोल एवं तार लगाने, हिसुआ के लटावर से भूमि मापी, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सलुगंज से आवास हेतु भूमि उपलब्ध कराने तथा रोह के कुम्हरावां से दाखिल-खारिज से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा विभिन्न विभागों से संबंधित अन्य शिकायतों पर भी सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी न्याय मिल सके। जिले के अन्य सरकारी कार्यालयों में भी आयोजित जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई।

# पीएम अजय योजना से चमकेगी रजौली के 16 गांवों की तकदीर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



प्रखंड सभागार में बैठक को संबोधित करते बीडीओ, सीओ एवं बीपीआरओ।

**रजौली।** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय (पीएम अजय) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव झा ने की, जबकि अंचल अधिकारी गुफरान मजहरी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी हरिमोहन भी मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न पंचायतों के मुखिया, विकास मित्र एवं पंचायत सचिवों को योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत रजौली प्रखंड के अनुसूचित जाति बहुल 16 गांवों का चयन किया गया है। इन गांवों में बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता और वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों में विशेष कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए केंद्र सरकार से मिलने वाली अतिरिक्त राशि का उपयोग गांवों की स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि योजना के प्रथम चरण में चयनित गांवों का विस्तृत सर्वे कराया जाएगा। सर्वे के माध्यम से प्रत्येक गांव की जरूरतों और कमियों का आकलन किया जाएगा। इसके बाद ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर अंतिम कार्ययोजना तैयार की जाएगी, ताकि विकास कार्य स्थानीय जरूरतों के अनुरूप और पारदर्शी तरीके से पूरे किए जा सकें।

अंचल अधिकारी गुफरान मजहरी ने योजना के विभिन्न मानकों की जानकारी देते हुए सभी जनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों से समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता से किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि योजना का लाभ हर पात्र परिवार तक पहुंचे। उन्होंने रजौली प्रखंड को योजना के क्रियान्वयन में जिले का अग्रणी प्रखंड बनाने का आह्वान किया।

योजना के तहत फरकाबुजुर्ग पंचायत के जोगनी, पहवाचक, हाथोचक, गागन बुजुर्ग, मानडीह व बिराज, जोगियामारण पंचायत के बखोरी व खुशहाली भीत्ता, लेंगुरा पंचायत के बौजबन व धमोदरपुर, बहादुरपुर पंचायत के करीगांव व बहादुरपुर, शिरोडाबर पंचायत के फुलवरिया खुर्द व शिरोडाबर तथा हरदिया पंचायत के चोरडीहा गांव का चयन किया गया है। इन गांवों में चरणबद्ध तरीके से समग्र विकास कार्य कराए जाएंगे।

## 12 जुलाई को नवादा के 20 केंद्रों पर होगी मद्य निषेध अवर निरीक्षक की लिखित परीक्षा



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

नवादा बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा आयोजित अवर निरीक्षक (मद्य निषेध) पद की लिखित परीक्षा 12 जुलाई (रविवार) को नवादा जिले के 20 परीक्षा केंद्रों पर एकल पाली में आयोजित होगी। परीक्षा पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक चलेगी। परीक्षा की तैयारी को लेकर जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश पर उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग हुई। अधिकारियों को परीक्षा को पूरी तरह कदाचारमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। अभ्यर्थियों को सुबह 10:30 बजे तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिलेगा। इसके बाद किसी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट या अन्य वैध फोटो पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा केंद्र में पूरी तरह वर्जित रहेगी।

पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) निशु मलिक ने बताया कि सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल, सीसीटीवी, मोबाइल जैमर, उड़नदस्ता दल एवं जोनल दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। संदिग्ध गतिविधियों और कदाचार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा की निगरानी के लिए समाहरणालय में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष 06324-212261 है। परीक्षा के दौरान विधि-व्यवस्था की जिम्मेदारी उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू एवं पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) निशु मलिक के जिम्मे रहेगी।

## शौचालय प्रोत्साहन राशि में महाघोटाले का आरोप,आरजेडी अध्यक्ष ने दी अनिश्चितकालीन अनशन की चेतावनी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

◆ प्रखंड समन्वयक पर लगे नियमों की अनदेखी और भ्रष्टाचार के संगीन आरोप, जिलाधिकारी को पत्र भेजकर एक सप्ताह के भीतर जांच की उठाई मांग

**रजौली।** रजौली प्रखंड में स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के बाद मिलने वाली सरकारी प्रोत्साहन राशि के वितरण में बड़े पैमाने पर धांधली और भ्रष्टाचार का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है, जिसने स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रखंड अध्यक्ष अनूप कुमार ने प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार को इस भ्रष्टाचार के केंद्र में बताते हुए उन पर नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाने का सीधा आरोप लगाया है। राजद अध्यक्ष के अनुसार, सरकार द्वारा पात्र और जरूरतमंद लाभार्थियों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता का रजौली प्रखंड में जमकर दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने दावा किया है कि प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में ऐसे दर्जनों रसूखदार और अपात्र लोग हैं, जिन्होंने धरातल पर बिना किसी शौचालय का निर्माण कराए ही कथित रूप से साठगांठ करके सरकारी खजाने से सीधे प्रोत्साहन राशि का भुगतान प्राप्त कर लिया है। भ्रष्टाचार का यह खेल यहीं नहीं रुका, बल्कि नियमों को पूरी तरह ताक पर रखकर एक ही चहेते लाभार्थियों को बार-बार वित्तीय लाभ पहुंचाकर सरकारी धन की बंदरबांट की गई है।

इस वित्तीय अनियमितता को उजागर करते हुए अनूप कुमार ने प्रमाण के तौर पर अमावां पूर्वी पंचायत के विशिष्ट मामलों का हवाला दिया है, जिसमें लाभुक संगीत देवी पति अशोक चौधरी, आईडी संख्या 5381040BC एवं रिंकू देवी पति संजय राजवंशी, आईडी संख्या 5433136BC के नाम शामिल हैं, जिन्हें नियम विरुद्ध तरीके से प्रोत्साहन राशि का दोहरा लाभ देकर राजकोष को चूना लगाया गया है। इस संगठित भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुए राजद प्रखंड अध्यक्ष ने मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग उठाई है। अपनी मांग को लेकर उन्होंने नवादा के जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त और रजौली के प्रखंड विकास पदाधिकारी को विस्तृत लिखित शिकायत पत्र भेजा है। साथ ही उन्होंने प्रशासन को दो टूक शब्दों में अल्टीमेटम दिया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर निष्पक्ष जांच शुरू कर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे रजौली मुख्यालय में अनिश्चितकालीन अनशन और उग्र आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे। इस संबंध में जब समन्वयक सतीश कुमार का पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया, तो उन्होंने फोन काट दिया, जिससे उनका पक्ष स्पष्ट नहीं हो सका है।हालांकि बीडीओ संजीव झा से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आवेदन मिलेगी तो जांचोपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।

## हजरतपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, हत्या का आरोप; जांच में जुटी पुलिस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट (नवादा):** नवादा जिले के नरहट थाना क्षेत्र के हजरतपुर गांव में गुरुवार की रात एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान हजरतपुर निवासी बाल्मीकि चौधरी की 45 वर्षीय पत्नी पुतुल देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। मामले को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है।

नरहट थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि गुरुवार रात करीब डेढ़ बजे घटना की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने बताया कि फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने के बाद अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रथम दृष्टया महिला की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, जिसकी सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।



पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल पहुंचे मृतका के स्वजन

वहीं मृतका के पुत्र मुकेश कुमार ने अपनी मां की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मुंडन संस्कार और बहन की शादी में न्योता नहीं देने को लेकर स्वजन के साथ विवाद चल रहा था। दो दिन पहले भी इसी बात को लेकर विवाद हुई थी, जिसे गांव के लोगों ने समझौता कर शांत कराया था। मुकेश ने बताया कि वह बाहर रहकर पढ़ाई करते हैं और पिता विदेश में रहते हैं। घटना के समय उनकी मां घर पर अकेली थीं। उनका आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर स्वजन ने उनकी मां के साथ मारपीट कर हत्या कर दी। थानाध्यक्ष का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और प्राप्त आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 20 सूत्री बैठक में जनसमस्याओं पर गरमाई बहस सीमेंट प्लांट व मनरेगा मामले पर उठे सवाल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**वारिसलीगंज (नवादा)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक अध्यक्ष सुमन कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, आपूर्ति, ग्रामीण विकास एवं नगर परिषद से जुड़े कई जनहित के मुद्दों पर सदस्यों ने अधिकारियों से जवाब-तलब किया। कई मामलों में अधिकारियों के जवाब से सदस्य असंतुष्ट नजर आए।

बैठक में अडानी समूह के प्रस्तावित सीमेंट प्लांट का मामला प्रमुखता से उठा। सदस्यों ने सवाल किया कि नगर परिषद से अब तक अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी नहीं होने के बावजूद निर्माण कार्य किस आधार पर चल रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।

वारिसलीगंज बाजार में लगातार लगने वाले जाम और महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था नहीं होने का मुद्दा भी जोर-शोर से उठा। अधिकारियों ने बताया कि जाम की समस्या के समाधान के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया है। वहीं सदस्यों ने कहा कि पिछली बैठक में भी महिला शौचालय की मांग उठाई गई थी, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं हुई।

20 सूत्री के उपाध्यक्ष अजय कुमार ने मकनपुर में मनरेगा योजना के तहत फर्जी मास्टर रोल बनाकर करीब 1.94 लाख रुपये की अवैध निकासी का आरोप लगाया। उन्होंने नगर परिषद द्वारा कराए गए कार्य को मनरेगा मद में दर्शाए जाने की भी उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा निर्मित नई सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि पीसीसी ढलाई के तुरंत बाद ही नाले का पानी सड़क पर बहने लगा, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

बैठक में सदस्य रणविजय कुमार ने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने तथा सहकारिता विभाग के माध्यम से दुग्ध, सब्जी एवं मधुमक्खी पालन समितियों को सुदृढ़ कर किसानों को लाभ पहुंचाने की मांग की। आपूर्ति विभाग द्वारा राशन कार्ड से नाम हटाए जाने और नए राशन कार्ड बनाने में हो रही देरी का मुद्दा भी उठाया गया।

बैठक के दौरान पिछली बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस (शो-कॉज) जारी करने की बात कही गई। बैठक में सदस्य बम सिंह, मिथिलेश पासवान, भगवान सिंह चंद्रवंशी, चंदन कुमार, श्रावण कुमार, मीरा देवी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरती अर्चना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## वारिसलीगंज में साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, चार आरोपी गिरफ्तार


सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**वारिसलीगंज (नवादा)** साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वारिसलीगंज थाना पुलिस एवं बिहार पुलिस की साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई, पटना की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 9 एवं 10 जुलाई को वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के माफी गली तथा अदानी सीमेंट फैक्ट्री के पश्चिम रेलवे लाइन के समीप छापेमारी कर की गई। गिरफ्तार आरोपितों के पास से 7 एंड्रॉयड मोबाइल, 71,300 रुपये नकद, 26 फर्जी एटीएम कार्ड, 7 फर्जी पासबुक, 2 फर्जी सिम, 3 पेन कार्ड, एक आधार कार्ड, एक चेकबुक, एक आरटीओ कार्ड, एक वोटर कार्ड तथा एक लेनोवो कंपनी का लैपटॉप बरामद किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपित फाइनेंस व बजाज फाइनेंस समेत विभिन्न कंपनियों के नाम पर ग्राहकों को ऋण दिलाने का झांसा देकर ठगी करते थे। इसके लिए कस्टमर डाटा का इस्तेमाल कर लोगों से संपर्क किया जाता था। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान माफी गली निवासी करण गोयल, नितु कुमार, अपसढ़ निवासी रंजीत कुमार तथा लीला बिगहा निवासी धनराज कुमार पिता टुन्टुन तांती के रूप में हुई है। इस संबंध में वारिसलीगंज थाना में दो अलग-अलग कांड दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता एवं आईटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा लोगों से किसी भी प्रकार के ऑनलाइन लोन या वित्तीय प्रलोभन के झांसे में नहीं आने की अपील की गई है।

## आवासीय छात्रावास में तीन महीनों से गैस आपूर्ति ठप,141 बच्चों के निवाले पर संकट, शिकायत के बाद भी एजेंसी की मनमानी जारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




छात्रावास परिसर में खड़े छात्रगण

**रजौली।** रजौली के हरदिया सेक्टर 'बी' स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय छात्रावास मध्य विद्यालय चिरैला में पिछले तीन महीनों से रसोई गैस की आपूर्ति पूरी तरह से ठप होने के कारण नामांकित 141 बच्चों के सामने भोजन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

इस संबंध में छात्रावास प्रबंधन द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी,प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई गई है। छात्रावास के प्रधानाध्यापक सह संचालक सोमनाथ ने साफ तौर पर कहा है कि निशा भारत गैस ग्रामीण वितरक रजौली द्वारा उपभोक्ता क्रमांक 123484855 पर गैस की सप्लाई नहीं की जा रही है,जिससे बच्चों के लिए भोजन तैयार करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय गैस एजेंसी संचालक द्वारा यह तर्क दिया जा रहा है कि डोमेस्टिक एक्जम्पटेड कैटेगरी के तहत हुआ यह कनेक्शन अभी सेल्स मैनेजर या संबंधित अधिकारियों द्वारा स्वीकृत नहीं किया गया है, जबकि पीड़ितों का कहना है कि तीन महीने पहले तक नियमित रूप से गैस मिल रही थी और कनेक्शन को व्यवस्थित करना पूरी तरह से एजेंसी की जिम्मेदारी है।वर्तमान में स्थिति इतनी बदतर हो चुकी है कि छात्रावास प्रबंधन को कभी आस-पड़ोस से मांगकर तो कभी अन्य वैकल्पिक माध्यमों से जैसे-तैसे खाना बनवाना पड़ रहा है जो कि इस समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं है।विभागीय अधिकारियों को मामले की जानकारी देने के बावजूद अब तक गैस एजेंसी पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे परेशान होकर अब पीड़ित पक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि सोमवार तक इस समस्या का समाधान कर गैस आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे इस मामले को जिला पदाधिकारी और जिला आपूर्ति पदाधिकारी के समक्ष ले जाएंगे ताकि बच्चों के निवाले के साथ हो रहे इस खिलवाड़ को तुरंत रोका जा सके। इस संबंध में निशा गैस भारत की संचालिका निशा राजवंशी ने बताई कि छात्रावास संचालक द्वारा कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की जगह घरेलू गैस की मांग की गई थी। इस कारण गैस सिलेंडर बाधित था। हालांकि गैस संचालिका द्वारा शुक्रवार की शाम को दो घरेलू गैस सिलेंडर भिजवाया गया है।

## नरहट में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर भव्य जागरूकता रैली का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



रैली में शामिल स्कूली बच्चे एवं शिक्षक

**नरहट (नवादा)।** विश्व जनसंख्या दिवस के शुभ अवसर पर जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बरौली (नरहट) से जनसंख्या स्थिरता एवं परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विद्यालय परिसर से हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं ने "हम दो, हमारे दो", "छोटा परिवार, सुखी परिवार" तथा परिवार नियोजन से संबंधित विभिन्न जागरूकता नारों के माध्यम से ग्रामीणों को जनसंख्या स्थिरता का संदेश दिया। रैली विद्यालय से निकलकर आसपास के विभिन्न मार्गों से गुजरी, जहाँ लोगों को छोटे एवं स्वस्थ परिवार के महत्व तथा परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम एचएम सरिता कुमारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, नरहट के सहयोग एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। साथ ही बीएचएम राहुल कुमार, आरएमएनसीएच+ए काउंसलर मंटू कुमार तथा पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (PFI) की प्रतिनिधि शीला कुमारी के सहयोग से रैली का सफल संचालन किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने कहा कि जनसंख्या स्थिरता स्वस्थ एवं समृद्ध समाज की आधारशिला है। यदि प्रत्येक दंपति परिवार नियोजन को अपनाते हुए "हम दो, हमारे दो" की सोच को अपने जीवन में अपनाए, तो मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार होगा, परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तथा समाज के सतत विकास को नई दिशा मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रा का यौन शोषण करने वाला मोमो बेचता था, जिस हॉस्टल में पीड़िता रहती थी, उसी में आरोपी भी परिवार के साथ रहता था

**नालंदा**। नालंदा में एक निजी गर्ल्स हॉस्टल में 10वीं की छात्रा से यौन शोषण हुआ था। हॉस्टल संचालक का बेटा लंबे समय से छात्रा का शोषण कर रहा था। पुलिस ने आरोपी युवक अनंत उर्फ सत्यांशु को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित अनंत उर्फ सत्यांशु, अपने परिवार के साथ उसी हॉस्टल परिसर में रहता था। शहर के अस्पताल मोड़ के पास ठेले पर मोमोज बेचने का काम करता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, वह एक से अधिक ठेलों का मालिक है। आरोपित शादीशुदा है, बावजूद इसके उसने ऐसी हरकत की। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं इस मोमोज के ठेले की आड़ में वह अन्य गतिविधियों में तो शामिल नहीं था। मामला बिहार थाना क्षेत्र का है। पीड़िता हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती है। छात्रा के अनुसार 12 जनवरी को आरोपी ने उसे डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। इस डर का फायदा उठाकर आरोपी ने कई बार छात्रा का यौन शोषण किया। छात्रा की मां नोएडा में रहती है। बेटी के व्यवहार में अचानक बदलाव और गुमसुम रहने से उन्हें शक हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर छात्रा ने अपनी आपबीती सुनाई। मां ने तुरंत नोएडा में जीरो एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद केस को बिहार थाना स्थानांतरित किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने गिरफ्तारी की। इस घटना के बाद से हॉस्टल में रहने वाली अन्य 40 लड़कियों के अभिभावक दहशत और चिंता में हैं। परिजनों का सवाल है कि हॉस्टल परिसर में सुरक्षा के क्या इंतजाम थे और संचालक की जानकारी के बिना बेटा ऐसी करतूत कैसे अंजाम देता रहा। बिहार थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पूरे मामले में हॉस्टल संचालक (पिता) की भूमिका की भी जांच की जा रही है। यदि उनकी संलिप्तता या लापरवाही पाई गई, तो उन पर भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक से 870 किलो गांजा बरामद, ओडिशा से लाई जा रही थी खेप, मौके से पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार

**गयाजी**। गयाजी में जिला पुलिस और एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। बाराचट्टी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चेकपोस्ट डोभी पर एक एक ट्रक से भारी मात्रा में 860 किलो गांजा बरामद किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपए में आंकी जा रही है। मौके से 2 तस्करों की भी गिरफ्तारी हुई है। जानकारी के मुताबिक बिहार STF और स्थानीय पुलिस को गुरुवार शाम गुप्त सूचना मिली थी कि भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की एक बड़ी खेप इस मार्ग से गुजरने वाली है। सूचना के आधार पर तुरंत एक्शन लेते हुए टीम ने डोभी चेकपोस्ट पर कड़ा पहरा लगा दिया। आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों की सघन तलाशी शुरू कर दी। इसी दौरान ओडिशा की तरफ से आ रहे एक ट्रक को रोका गया। जांच करने पर उसमें छिपाकर रखा गया भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। बाराचट्टी के थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अमरेंद्र किशोर ने ट्रक(PB 05AB 9181) ओडिशा से गांजे की खेप लेकर पंजाब की ओर जा रहा था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। इस मामले में पुलिस ने मौके से ड्राइवर परमिंदर सिंह और खलासी जस्सी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ये दोनों पंजाब के रहने वाले हैं, इस अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क के अहम हिस्से के रूप में काम कर रहे थे। थानाध्यक्ष अमरेंद्र किशोर ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों से गुप्त स्थान पर कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में एक और मुख्य तस्कर की गिरफ्तारी होने की पूरी संभावना है, जिसके लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इस गिरोह के तार ओडिशा से लेकर बिहार और पंजाब तक जुड़े हुए हैं। पूछताछ के आधार पर जल्द ही इस पूरे बड़े नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल पुलिस की आगे की कानूनी कार्रवाई और जांच जारी है।

### फल्गु रबर डैम से अज्ञात युवक का शव बरामद, रस्सी से लटका हुआ था, मृतक की पहचान नहीं हो सकी है

**गयाजी**। गया शहर के विष्णुपद थाना क्षेत्र स्थित फल्गु रबर डेम से शुक्रवार को एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया। शव काफी हद तक सड़ा-गला था और डेम में लटका हुआ मिला। आशंका है कि शव कई दिनों से पानी में फंसा हुआ था। स्थानीय लोगों ने शव देखकर तुरंत विष्णुपद थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद रस्सी के सहारे शव को बाहर निकाला। शव की खराब स्थिति के कारण उसकी तत्काल पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। घटना स्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। विष्णुपद थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए साक्ष्य जुटा रही है। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया है और युवक के डैम तक पहुंचने व मौत की परिस्थितियों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में विष्णुपद थाना अध्यक्ष परमानंद लाल कर्ण ने बताया कि फल्गु रबर डेम से अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है, जिसे पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का मिलान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि यह हत्या का मामला है या आत्महत्या का।

### बोधि वृक्ष की सुरक्षा के लिए खास इंतजाम, वैज्ञानिकों की सलाह पर इको-फ्रेंडली कीटनाशक का छिड़काव



**गयाजी**। महाबोधि मंदिर परिसर स्थित पवित्र बोधि वृक्ष को सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए एक बड़ी पहल की गई है। बारिश का मौसम शुरू होने से पहले ही वृक्ष की सुरक्षा के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी और देहरादून के वन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने मिलकर एक विशेष अभियान चलाया। इस अभियान के तहत पवित्र बोधि वृक्ष और उसके पास स्थित एक अन्य पेड़ पर इको-फ्रेंडली कीटनाशक का छिड़काव किया गया। वैज्ञानिकों की नियमित जांच के दौरान पवित्र बोधि वृक्ष पर 'मीलीबग' (एक प्रकार का कीट) का हल्का असर देखा गया था। इस वजह से पेड़ की कुछ पत्तियां पीली होने लगी थी। एफआरआई के वैज्ञानिक शशैलेश पांडेय और संतन भर्थवाल ने इस स्थिति को देखा। वैज्ञानिकों ने बताया कि मानसून के दौरान उमस बढ़ने से ऐसे कीटों का फैलना स्वाभाविक है। इसलिए, समय रहते इस संक्रमण को रोकने के लिए प्राकृतिक और पर्यावरण के अनुकूल स्प्रे करने की सलाह दी गई। जिसके बाद मुख्य बोधि वृक्ष के साथ-साथ पास के पेड़ पर भी यह स्प्रे किया गया। ताकि कीटों का असर दूसरे पेड़ों पर न फैले। यह पूरी प्रक्रिया वैज्ञानिकों की सीधी देखरेख में पूरी हुई। बारिश के दिनों में हवा में नमी और उमस बढ़ जाती है। इस वजह से कीड़े तेजी से पनपते हैं। इस इको-फ्रेंडली इलाज से न केवल मीलीबग का फैलाव रुकेगा बल्कि पवित्र बोधि वृक्ष की सेहत और उम्र भी लंबी होगी। इस तकनीक से पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुंचता है। इस मौके पर बीटीएमसी की सचिव डॉ. महाश्वेता महारथी, समिति के सदस्य डॉ. अरविंद कुमार सिंह व किरण लामा मौजूद थे। उनके साथ महाबोधि महाविहार मंदिर के मुख्य भिक्षु, भिक्षु चलिंदा, वरिष्ठ भिक्षु भिक्षु डॉ. मनोज और निवासी भिक्षु आदरणीय निमा लामा भी वहां उपस्थित रहे। मंदिर के सुपरवाइजर शिव शंकर सिंह सहित बीटीएमसी के कई अधिकारी और कर्मचारी भी इस दौरान मौजूद रहे।

# ममेरे भाई ने दोस्तों संग मिलकर चोरी की ज्वेलरी फुफेरी बहन ने सौंपी थी घर की जिम्मेदारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी मुफस्सिल थाना क्षेत्र में 8 लाख रुपए की ज्वेलरी चोरी मामले का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी की शिकायत दर्ज कराने वाली महिला के ममेरे भाई समेत तीन नाबालिगों को पकड़ा। उनकी निशानदेही पर ज्वेलरी खरीदने वाले 3 कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने नाबालिगों की निशानदेही पर 2 देसी कट्टा भी बरामद किया है। पकड़े गए नाबालिगों को बाल सुधार गृह जबकि तीनों आरोपी कारोबारियों को जेल भेज दिया गया है। एसडीपीओ सुनील कुमार पांडे ने बताया कि गुरुवार को पूजा कुमारी ने मुफस्सिल थाने में आवेदन दिया था। उन्होंने घर से ज्वेलरी चोरी होने और उसे बेच दिए जाने की शिकायत की थी। इस संबंध में मुफस्सिल थाना कांड संख्या 762/26 दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की गई थी।

**त्वरित कार्रवाई के लिए बनाई गई थी स्पेशल टीमः** एसएसपी सुशील कुमार के निर्देश पर मुफस्सिल थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम में एसआई इमरान, एएसआई आलोक, एएसआई कमल किशोर और एएसआई अमित समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लगातार छापेमारी की।

**पहले तीन नाबालिगों को पकड़ा, निशानदेही पर ज्वेलरी कारोबारियों को किया गिरफ्तारः** पुलिस ने सबसे पहले तीन नाबालिगों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने चोरी की बात स्वीकार की। लड़कों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने चोरी के गहने जहां बेचे थे, वहां से उन्हें पैसे मिले थे। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने तीन ज्वेलरी कारोबारियों को हिरासत में लिया। तीनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने बच्चों से गहने खरीदे और उसे गला दिया।

**गहने खरीदने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार**



**दो देसी कट्टा और गला हुआ सोना जब्तः** नाबालिगों से जब आगे पूछताछ की गई, तो उन्होंने अपने पास हथियार होने की बात भी कबूली। इसके बाद पुलिस एक लड़के को साथ लेकर गई और उसकी बताई जगह से दो देसी कट्टा बरामद किया। इस पूरी कार्रवाई में पुलिस ने दो देसी कट्टा, गलाया हुआ सोना और कुछ सीसीटीवी फुटेज भी हासिल किए हैं।

**गिरफ्तार ज्वेलरी कारोबारियों की हुई पहचानः** पकड़े गए ज्वेलरी कारोबारियों की पहचान कुम्हार टोली निवासी रोहित कुमार, नालंदा के मूल निवासी और वर्तमान में सिद्धार्थपुरी में रह रहे यशवंत सिंह व जनकपुर निवासी अंकित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इन तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार तीनों ज्वेलरी कारोबारियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया, जबकि तीनों नाबालिगों को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा।

**महिला के घर से कैसे चोरी की वारदात को नाबालिगों ने अंजाम दियाः** दरअसल पूजा कुमारी उर्फ सुदर्शना अपने पति के साथ निजी काम से दिल्ली गई हुई थी। उसके घर पर उसकी मामी और मामी के लड़के थे। पूजा जब वापस लौटी तो अपने गहने नदारद देखी। असली गहने के जगह पर नकली गहने रखे मिले। इस पर उसे घर मे रह रहे लोगों पर शक हुआ। इस पर पूजा ने पहले खुद से पूछताछ की तो किसी ने कुछ नहीं बताया। पूछताछ के दौरान पूजा को मामी के लड़के पर शक गहराया तो उसने मुफस्सिल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पूजा ने पुलिस को बताया था कि मां की तस्वीर के पीछे चाबी छूट गई थी। उसी चाबी से आलमारी खोली गई है। करीब 8 लाख रुपए के गहने चोरी गए हैं। इधर पूजा की मामी का लड़का अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर एक एक कर गहने बेच दिए थे। पुलिस ने जब उन तीनों लड़कों को हिरासत में लिया तो सारे राज उगल दिए। पूजा हेल्थ डिपार्टमेंट वजीरगंज में कार्यरत है।

## पुलिस को देखकर भाग रहा शख्स कुएं में गिरा, मौत, परिजन का आरोप- बचाने के बजाय पैसे बटोर कर चली गई टीम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा के सोहडीह मोहल्ले गुरुवार रात पुलिस को देखकर भाग रहे एक व्यक्ति की कुएं में गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान राम स्वरूप राम के पुत्र अमर कुमार(45) के रूप में हुई है। आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल में जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही बिहार और लहेरी पुलिस मौके पर पहुंची। घटना सोहसराय थाना क्षेत्र की है।



**पुलिस को देखकर मची भगदड़ः** चश्मदीद विक्की कुमार ने बताया कि घटना रात करीब 9:00 से 9:10 बजे के बीच की है। अमर कुमार अपने घर के पास बैठे थे। पीछे की तरफ कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। इसी बीच पुलिस वहां पहुंच गई। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इसी भगदड़ में अमर कुमार भी तेजी में गली के अंदर की तरफ भागे। असंतुलित होकर कुएं में जा गिरे। जब स्थानीय लोग उन्हें कुएं से निकाल रहे थे तब उनकी आवाज आ रही थी, लेकिन अस्पताल लाते-लाते जान चली गई।

**पुलिस पर लगाए आरोपः** स्थानीय निवासी यशराज मिश्रा ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वहां जुआ नहीं खेला जा रहा था, बल्कि कुछ लोग बैठकर आपस में बातचीत कर रहे थे। पुलिस के आने पर लोग डर से भागने लगे। भागने के दौरान लोगों की जेब से जो पैसे गिरे, पुलिस ने उन पैसों को उठाया और चले गए। कुएं में गिरे व्यक्ति को बचाने के बजाय प्रशासन वहां से चला गया। बाद में पुलिस दोबारा वहां पहुंची। आम जनता ने खुद मशक्कत कर अमर को कुएं से बाहर निकाला। प्रशासन का काम लोगों की सुरक्षा करना है, लेकिन इस घटना में अमानवीयता दिखाई। पीड़ित को बचाने का कोई प्रयास नहीं किया।

**♦ थानाध्यक्ष ने किया खारिज**

**आवेदन के आधार पर की जाएगी कार्रवाईः** वहीं, इस मामले में सोहसराय थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ने बताया कि कुएं में गिरे व्यक्ति को रेस्क्यू कर अस्पताल लाया गया। जहां उनकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस पर लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## गयाजी में स्विफ्ट डिजायर से आए चोर, स्कॉर्पियो चुराकर फरार

### वारदात सीसीटीवी में कैद, घर के बाहर लगी थी गाड़ी



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र में चोरी की एक घटना सामने आई है। बस स्टैंड के पास देर रात चोरों ने घर के बाहर खड़ी एक स्कॉर्पियो चुरा ली। चोर स्विफ्ट डिजायर कार से मौके पर पहुंचे थे। यह पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। चोरी के बाद आरोपी स्कॉर्पियो लेकर गया-पटना मार्ग की ओर फरार हो गए। रास्ते में जहानाबाद टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों में भी दोनों गाड़ी नजर आई हैं, जिससे पुलिस को जांच में महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है। स्कॉर्पियो डेल्हा बस स्टैंड के पास इंद्रजीत उर्फ फंतुस कुमार के घर के नीचे खड़ी थी। गाड़ी मालिक को सुबह चोरी की जानकारी मिली।

घटना के बाद खंगाली गई सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि चोर पहले स्विफ्ट डिजायर से मौके पर पहुंचे और कुछ ही मिनटों में स्कॉर्पियो लेकर निकल गए। जहानाबाद टोल प्लाजा के सीसीटीवी कैमरों में चोरी की गई स्कॉर्पियो और उसके साथ चल रही स्विफ्ट डिजायर कार की तस्वीरें भी कैद हुई हैं।

**स्विफ्ट डिजायर का रजिस्ट्रेशन नंबर भी दर्जः** फुटेज में एक संदिग्ध का चेहरा और स्विफ्ट डिजायर का रजिस्ट्रेशन नंबर भी दर्ज हुआ है। पुलिस अब इन सुरागों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। स्कॉर्पियो के मालिक आनंद कुमार ने डेल्हा थाना में चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी और सुबह उठने पर वह वहां नहीं मिली। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। इसके बाद आसपास तलाश करने पर भी गाड़ी का कोई पता नहीं चला। बाद में सीसीटीवी फुटेज देखने पर चोरी की पूरी वारदात सामने आई। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

सीसीटीवी फुटेज, टोल प्लाजा के रिकॉर्ड और वाहन के संभावित रूट का विश्लेषण किया जा रहा है। स्विफ्ट डिजायर के नंबर के आधार पर उसके मालिक और संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस को उम्मीद है कि तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जल्द ही आरोपियों तक पहुंचा जा सकेगा। इधर, लगातार सामने आ रही गाड़ी चोरी की घटनाओं ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि रात के समय गश्त बढ़ाने और संवेदनशील इलाकों में पुलिस निगरानी मजबूत करने की आवश्यकता है, ताकि ऐसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच करते हुए चोरी गई स्कॉर्पियो और उसमें शामिल आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## चाकू गोदकर युवक की हत्या, पैसे के विवाद में मारा, मुख्य आरोपी पकड़ाया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी में चाकू गोदकर एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। रुपए लेनदेन के विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान गौतम कुमार(23) के तौर पर हुई है।

घटना मेडिकल थाना क्षेत्र के गोपालपुर की है। पुलिस के अनुसार, गौतम सूद-ब्याज पर पैसा लगाता था। उसका पास के ही गांव मड़ई निवासी अभिषेक से रुपए को लेकर कुछ विवाद था। इसी बात को लेकर गुरुवार को दोनों के बीच बातचीत हो रही थी। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई।



**घर से महज 50 मीटर की दूरी पर मारा चाकूः** विवाद के दौरान आरोपी अभिषेक ने गुस्से में चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गौतम के पेट और पीठ पर चाकू के कई वार किए। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। गौतम के घर से महज 50 मीटर की दूरी पर वारदात को अंजाम दिया गया। लहूलुहान हालत में अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मौके पर कुछ और भी युवक मौजूद थे। बावजूद इसके अभिषेक ने दुस्साहस दिखाते हुए चाकू से हमला बोल दिया और आसानी से फरार भी हो गया।

**पुलिस ने घेराबंदी करके पकड़ाः** सूचना मिलते ही एसपी सिटी अभिषेक कुमार, डीएसपी धर्मेंद्र भारती और मेडिकल थाना इंस्पेक्टर कृष्ण सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। रात में ही घेराबंदी करके मुख्य आरोपी अभिषेक को धर दबोचा।

इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी अब पुलिस की गिरफ्त में है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। फिलहाल पीड़ित पक्ष की ओर से अभी तक कोई आवेदन नहीं आया है।

# नालंदा की नदियों पर अस्तित्व का संकट, 40 छोटी-बड़ी नदी सूखने के कगार पर, किसान पूरी तरह निजी नल पर निर्भर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। कभी जीवनदायिनी मानी जाने वाली नालंदा की नदियां आज अपने वजूद की लड़ाई लड़ रही हैं। जिले में प्रवाहित होने वाली करीब 40 छोटी-बड़ी नदियों की स्थिति चिंताजनक है। अतिक्रमण, गाद की मोटी परत और जलप्रवाह के बाधित होने से इन नदियों का कलेवर सिकुड़ गया है। आलम यह है कि जो बरसाती नदियां साल के अधिकांश समय लबालब रहती थीं, वे अब साल के ज्यादातर महीने सूखी रहती हैं। नदियों के सूखने का यह दुष्प्रभाव केवल जल संकट तक सीमित नहीं है, बल्कि इसने खेती, स्वास्थ्य, पशुपालन और जैव विविधता पर प्रतिकूल असर डालना शुरू कर दिया है।

**खेती और पशुपालन पर दोहरी मारः** नदियों के सूखने से जिले की कृषि अर्थव्यवस्था की कमर टूट गई है। रबी के मौसम में जब खेतों को नमी की सबसे अधिक आवश्यकता होती है, तब नदी, नहर और पइन किसानों का साथ छोड़ देते हैं। इस कारण किसान पूरी तरह निजी नलकूपों पर निर्भर रहने को मजबूर हैं। मुहाने का मुंह बंद होने से आठ प्रखंडों के किसान प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हैं। वहीं, पंचाने, लोकाइन और सकरी जैसी नदियों में गाद भरने के कारण जल निकासी की क्षमता खत्म हो चुकी है, जिससे थोड़ा सा पानी बरसते ही करायपरसुराय, हिलसा, रहुई और अस्थावां जैसे इलाकों में बाढ़ की विभीषिका उत्पन्न हो जाती है। खेती के साथ-साथ पशुपालकों का जीवन भी मुश्किल हो गया है। कभी नदियों के किनारे हरा चारा चरने और नहाने वाले मवेशी आज पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं, जिसका सीधा असर दुग्ध उत्पादन पर पड़ रहा है।



**पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतराः** नदियां धरती के लिए 'कूलेंट' का काम करती हैं, लेकिन इनके सूखने से स्थानीय तापमान में तेजी से वृद्धि हुई है। पर्यावरणविद राजीव रंजन भारती का मानना है कि नदियों के किनारे की हरियाली खत्म होने से 'हीट वेव' का असर बढ़ा है, जिससे डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक और सांस की बीमारियां आम हो गई हैं। नदियों का पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट होने से जलीय जीव-जंतु और मछलियों की कई प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। पंक्षी संरक्षक राहुल कुमार के अनुसार, नदियों में पानी की कमी से स्थानीय पंछियों का प्रजनन क्षेत्र सिकुड़ गया है और प्रवासी परिंदे भी अब कम दिखाई देते हैं।

**जहरीला होता पानी और आर्थिक तबाहीः** नदियों के शेष बचे पानी में मोहल्लों के नाले का गंदा पानी मिलने से स्थिति और भी भयावह हो गई है। यह दूषित पानी न केवल पशुओं को बीमार कर रहा है, बल्कि सब्जियों और दूध के जरिए इंसानी थाली तक पहुंच कर लिवर और किडनी जैसी गंभीर बीमारियों को जन्म दे रहा है। भू-जलस्तर में भारी गिरावट से भी हालात बदतर हुए हैं। वहीं, आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो इन नदियों पर आश्रित मछुआरे, नाविक और धोबी जैसे समुदायों का रोजगार छिन गया है। आजीविका के अभाव में पारंपरिक पेशे से जुड़े लोग अब दूसरे शहरों में मजदूरी करने को विवश हैं।

**जैव विविधता का विनाश और भविष्य की चुनौतीः** नालंदा कॉलेज के भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. भावना का कहना है कि नदियों का सूखना जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बड़ा झटका है। खाद्य श्रृंखला के टूटने से फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े-मकोड़ों की संख्या बढ़ रही है। जिले की प्रमुख नदियों में पंचाने, गोइठवा, जिराइन, सकरी, लोकाइन, पैमार और मुहाने सहित दर्जनों नदियां आज उपेक्षा का शिकार हैं। यदि नदियों को अविरल और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए सार्थक प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाले समय में नालंदा का पारिस्थितिकी संतुलन पूरी तरह बिगड़ सकता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल से निकली छात्रा घर नहीं पहुंची, परेशान परिजनों ने पुलिस से लगाई गुहार

**करगहर (रोहतास)**: करगहर थाना क्षेत्र में एक स्कूली छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। सुबह पढ़ाई के लिए विद्यालय गई छात्रा देर शाम तक घर नहीं लौटी तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। मेडरीपुर गांव निवासी सत्येंद्र राम ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनकी पुत्री उच्च विद्यालय बिलारी में नौवीं कक्षा की छात्रा है। वह प्रतिदिन की तरह स्कूल गई थी, लेकिन निर्धारित समय पर घर नहीं पहुंची। परिजनों ने आसपास के लोगों, रिश्तेदारों और परिचितों से जानकारी ली, लेकिन छात्रा का कहीं पता नहीं चल सका। छात्रा के नहीं मिलने पर परिजनों ने करगहर थाना पहुंचकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई। आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि छात्रा की बरामदगी के लिए पुलिस कार्रवाई शुरू कर दी गई है। संभावित स्थानों पर तलाश की जा रही है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

### चेनारीः शटडाउन के बावजूद करंट लगने से बिजली मिस्त्री गंभीर रूप से घायल, इलाके में आफरा- तफरी का महौल

**चेनारी (रोहतास)** नगरपंचायत चेनारी के पंजाब नेशनल बैंक मल्हीपुर के समीप शुक्रवार शाम 5 बजे के करीब एक बिजली मिस्त्री को करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घायल बिजली मिस्त्री की पहचान मल्हीपुर गांव निवासी शंकर चौधरी के 32 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार चौधरी के रूप में की गई है।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बीच बजार में पीएनबी मल्हीपुर के समीप एक पोल पर बिजली मिस्त्री द्वारा लाइन में आई खराबी को ठीक किया जा रहा था और पावर हाउस द्वारा शटडाउन भी लिया गया था। तभी आई अचानक करंट से बिजली मिस्त्री को जोरदार झटका लगा और वे पोल से जा गिरा। बिजली मिस्त्री की हालात गंभीर बताई जा रही है लेकिन खतरे से बाहर है और चेनारी के एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता सहित अन्य बिजली मिस्त्री मौजूद है। इस घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। घटना के बाद इलाके में दहशत और चर्चा का माहौल गर्म है। स्थानीय प्रशासन मामले की जांच में जुटा है और लोगों से शांति बनाए रखने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। घटना से जुड़े सभी तथ्यों का पता जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 11 जुलाई को सोखोदेवरा में पुलिस–पब्लिक लोक संवाद गोष्ठी का होगा आयोजन

**कौआकोल**। मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास वैभव के निर्देश पर नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 जुलाई 2026 को पुलिस–पब्लिक लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन सोखोदेवरा में किया जाएगा। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना,लोगों की समस्याओं को सुनना तथा कानून-व्यवस्था,अपराध नियंत्रण,साइबर अपराध,नशा मुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर चर्चा करना है। कार्यक्रम में स्थानीय पुलिस पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी,सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक भाग लेंगे। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा करने की अपील की है।

### बदहाल बिजली व्यवस्था पर मंथन 13 जुलाई को सांसद की अध्यक्षता में होगी बैठक



**कटिहार**। जिले में पिछले कई महीनों से बिजली की बिगड़ती आपूर्ति व्यवस्था, लगातार हो रही लोड शेडिंग और लो वोल्टेज की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। कटिहार के सांसद तारिक अनवर के अनुरोध पर जिला स्तरीय विद्युत समिति की महत्वपूर्ण बैठक आगामी 13 जुलाई को आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले की बिजली व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करते हुए आम उपभोक्ताओं को राहत दिलाने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा होगी। बैठक की तैयारियों को लेकर सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव के आवासीय कार्यालय परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिले में लगातार सामने आ रही बिजली संबंधी समस्याओं और उनके समाधान को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव ने बताया कि भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में स्थानीय सांसद की अध्यक्षता में जिला स्तरीय विद्युत समिति का गठन किया गया है, जिसका उद्देश्य बिजली आपूर्ति व्यवस्था,विद्युत संरचना और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने की नियमित निगरानी करना है। इस समिति में जिले के सभी विधायक नामित सदस्य हैं।उन्होंने कहा कि 13 जुलाई को होने वाली बैठक में कटिहार जिले में हाल के दिनों में उत्पन्न बिजली संकट,बार-बार हो रही कटौती,लो वोल्टेज तथा आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक उपायों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

बैठक में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के वरीय अभियंता एवं अधिकारी जिले की वर्तमान विद्युत व्यवस्था पर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

बैठक में समिति द्वारा दिए जाने वाले सुझावों एवं निर्देशों के अनुरूप बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार, तकनीकी खामियों के निराकरण तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस निर्णय लिए जाने की संभावना है। जिले के लोगों को इस बैठक से बिजली संकट के समाधान की बड़ी उम्मीदें हैं। मौके पर किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप विश्वास,पूर्व विधायक सुनीता देवी,प्रोफेसर विनोद यादव,वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्राम सिंह,प्रहलाद गुप्ता,मो०जुबैर, सुबोध यादव सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## क्रेडिट इंटर्नशिप कार्यशाला से वीर कुंवर सिंह कॉलेज छात्रों को किया गया जागरूक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)**।शुक्रवार को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा के तत्वधान में वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर में 4 क्रेडिट इंटर्नशिप कार्यक्रम के संबंध में छात्रों के बीच जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह और संचालन प्रो. बीर बहादुर सिंह ने किया। आयोजित कार्यशाला में कैंपस कंपेनियन की ओर से प्रतिनिधि किशन श्रीवास्तव, रिंकू सिन्हा एवं सुनीता ने छात्राओं को 4 क्रेडिट इंटर्नशिप की संपूर्ण प्रक्रिया, पंजीकरण, प्रशिक्षण, प्रोजेक्ट, प्रमाण-पत्र तथा विभिन्न डोमेन के बारे में छात्र-छात्राओं के बीच विस्तृत जानकारी दी। साथ ही छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए इंटर्नशिप से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जबकि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में उपस्थित सैकड़ों छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप विषय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यशाला आयोजन उनके उज्ज्वल भविष्य में व्यावहारिक ज्ञान,कौशल विकास एवं रोजगार क्षमता को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। दूसरी तरफ इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों ने भाग लेते हुए इंटर्नशिप विषय कार्यशाला के प्रति उत्साह व्यक्त किया।

उक्त मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य ने समेस्टर-5 के सभी छात्र-छात्राओं से निर्धारित समय अनुसार अपना पंजीकरण सुनिश्चित करने की अपील किया। जबकि प्रशिक्षण कर्ता ने बताया कि आयोजित इस कार्यशाला से कैरियर क्षेत्रों में छात्रों को उद्योग एवं कौशल आधारित शिक्षा से जोड़ने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल होगी। इस अवसर पर महाविद्यालय शिक्षक प्रतिनिधि सह सीनेट सदस्य डॉ.मनीष रंजन सभी छात्र व छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रो.अनिल कुमार सिंह, प्रो.दिनेश कुमार,प्रो.अजय सिंह, प्रो.बलवंत सिंह,प्रो.कुमार विवेक,प्रो.सुनील कुमार तिवारी व प्रो.शशि भूषण प्रसाद,प्रो.रंजीत चौधरी,प्रो. प्रियतम कुमार,अभय कुमार,मंटू चौधरी,रोहित तिवारी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

## बिक्रमगंज में एसडीएम के जनता दरबार में 65 मामले का किया गया निष्पादन




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास**। सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी रोहतास दिपक कुमार मिश्र के आदेश पर शुक्रवार को एसडीएम बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने अपने कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किये। एसडीएम बिक्रमगंज द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित "सबका सम्मान-जीवन आसान" के तहत आयोजित जनता दरबार में अपनी समस्याओं को लेकर पूरे अनुमंडल क्षेत्र से आम नागरिक उपस्थित हुए थे। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र से कुल 65 आवेदन पड़े। जिसमें भूमि विवाद से संबंधित 30, राशन कार्ड से संबंधित 18 एवं अन्य 17मामले लेकर परिवादी उपस्थित हुए। सभी ने अपनी-अपनी समस्याएँ रखीं तथा एसडीएम को आवेदन सौपा। एसडीएम ने सभी आवेदन पत्रों का अवलोकन करने के उपरांत शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित कार्यालयों व पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होने कहा कि जनता दरबार का उदेश्य है कि आम लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। उनकी समस्याओं का समाधान हीं हमारी प्राथमिकता है। जनता दरबार में भूमि सुधार उपसमाहर्ता संतोष कुमार, सभी प्रखंड के बीडीओ, अंचल के सीओ और कई विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## दिनारा में बिजली चोरी का खुलासा, दो उपभोक्ताओं पर जुर्माना व प्राथमिकी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**दिनारा /रोहतास**। बिजली चोरी की रोकथाम, राजस्व संरक्षण एवं विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा विशेष जांच एवं छापेमारी अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, दिनारा अंतर्गत कनीय विद्युत अभियंता के नेतृत्व में तकनीकी टीम द्वारा प्रखंड दिनारा के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान टीम ने कई विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शनों की जांच की। जांच में दो उपभोक्ताओं द्वारा मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग किए जाने की पुष्टि हुई। विभागीय नियमों के अनुसार दोनों मामलों में बिजली चोरी का आकलन करते हुए आर्थिक दंड अधिरोपित किया गया तथा कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के तहत खनिता बाजार निवासी कुंज बिहारी दुबे पिता-नारद दुबे पर 29265 तथा अनिल कुमार राय पिता-बृजकिशोर राय पर 154112 का आर्थिक दंड लगाया गया। साथ ही दोनों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के तहत दिनारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कनीय विद्युत अभियंता विकास कुमार ने बताया कि बिजली चोरी से विभाग को आर्थिक क्षति पहुंचने के साथ-साथ विद्युत व्यवस्था भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि विभाग बिजली चोरी के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं करेगा और ऐसे मामलों में नियमानुसार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे केवल वैध विद्युत कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें, मीटर अथवा विद्युत लाइन से किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें तथा समय पर बिजली बिल का भुगतान सुनिश्चित करें। साथ ही यदि कहीं भी बिजली चोरी अथवा विद्युत संबंधी किसी प्रकार की अनियमितता दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल विभाग को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी उपभोक्ताओं को सुरक्षित, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## डा अनुज सिंह समर्थको के द्वारा बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश का किया गया भव्य स्वागत और अभिनंदन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नवादा**। नवादा दौरे पर पहुंचे बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश के आगमन पर मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह एवं उनके समर्थकों के द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष अनुज सिंह एवं सचिव शैलेश कुमार जी ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर मंत्री का अभिनंदन और स्वागत किया गया। स्वागत उपरांत आदरणीय मंत्री श्री दीपक प्रकाश जी ने दोपहर का सुस्वादु भोजन भी न्यू एरिया स्थित डॉ अनुज के निजी आवास पर किया।

अपने संबोधन में मंत्री दीपक प्रकाश ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। उन्होंने मॉडर्न शैक्षणिक समूह द्वारा नवादा सहित दक्षिण बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर डॉ अनुज सिह ने मंत्री के आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें संस्थान की उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने मंत्री दीपक प्रकाश जी के द्वारा चलाए जा रहे पंचायती राज के कार्यक्रमों की सराहना की। ज्ञात हो कि डा अनुज सिंह से मंत्री जी के पिता एवं राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा जी का मधुर संबंध रहा है, जिसका असर शुक्रवार के कार्यक्रम में देखने को मिला। कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के महासचिव अनिल कुमार सिंह, पार्टी के नवादा जिला अध्यक्ष विनय कुमार कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा, नवादा प्रभारी हिमांशु शेखर, आंती पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार सिंह और सरपंच भरत सिंह, नारदीगंज पूर्व प्रखंड प्रमुख गौरी शंकर सिंह, केना पंचायत मुकेश कुमार, ओडो पंचायत मुखिया प्रतिनिधि गौरव कुमार छोटी, जमुआमा पटवासराय सरपंच देवराज पासवान, पचाढा पंचायत पूर्व मुखिया महेश सिंह ,स्वराज ट्रैक्टर्स के प्रोपराइटर संजय कुमार सिंह, बिपिन कुमार सोनू कुमार विपुल कुमार दिलीप कुमार के साथ- साथ बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी, गणमान्य नागरिक , समाजसेवी उपस्थित रहे।

## स्नातक सेमेस्टर-पांच की छात्राओं के लिए इंटर्नशिप विषय पर एक विशेष कार्यशाला का किया गया आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज** : नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप छात्राओं को रोजगारोन्मुख एवं कौशल आधारित शिक्षा से जोड़ने की दिशा में बिक्रमगंज नगर के वीआईपी मोहल्ला स्थित मौनी बाबा यमुना दास लखराजो देवी महिला महाविद्यालय के सभागार में स्नातक सेमेस्टर-पांच की छात्राओं के लिए इंटर्नशिप विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में इंटर्नशिप की गुणवत्ता, आवश्यकता,व्यवहारिक उपयोगिता तथा भविष्य के रोजगार और व्यक्तित्व विकास में उसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई ।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र कुमार मिश्रा ने की । अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री तक सीमित रखना नहीं,बल्कि उन्हें व्यवहारिक ज्ञान, कौशल और कार्यानुभव से भी समृद्ध करना है । उन्होंने छात्राओं से इंटर्नशिप को गंभीरता से लेने तथा इसे अपने उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनाने का आह्वान किया । कार्यशाला में कैंपस कंपेनीयन के निदेशक किशन श्रीवास्तव ने इंटर्नशिप के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव विद्यार्थियों के आत्मविश्वास,व्यक्तित्व विकास और रोजगार क्षमता को कई गुना बढ़ा देता है । वहीं संस्थान के प्रतिनिधि रिंकू सिन्हा ने छात्राओं को इंटर्नशिप की प्रक्रिया,उसके लाभ, कार्यप्रणाली तथा करियर निर्माण में उसकी उपयोगिता की विस्तृत जानकारी दी । प्रतिनिधि सुनीता कुमारी ने भी छात्राओं को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत उपलब्ध अवसरों से अवगत कराया और उन्हें व्यवहारिक शिक्षा अपनाने के लिए प्रेरित किया ।कार्यशाला के दौरान छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से समाधान किया । कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के पदाधिकारी, कैंपस कंपेनीयन के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं । अंत में छात्राओं से प्राप्त अनुभवों को अपने शैक्षणिक जीवन में लागू कर भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करने का आह्वान किया गया ।

## इलेक्ट्रो होमियो क्लिनिक का हुआ भव्य उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज** : नगर के स्टेशन रोड स्थित किसान पेट्रोल पंप के सामने संजीवनी इलेक्ट्रो होमियो क्लिनिक का भव्य उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पी.सी. प्रसाद (आईईएच मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, दाउदनगर,औरंगाबाद) ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया । क्लिनिक के शुभारंभ के साथ ही बिक्रमगंज एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को वैकल्पिक चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो गई है । उद्घाटन समारोह में चिकित्सकों, शिक्षाविदों,समाजसेवियों एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही । कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई । इसके बाद क्लिनिक के डॉ. राम पुकार पांडेय एवं डॉ. मुकेश पांडेय ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया । उक्त अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पी.सी. प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि इलेक्ट्रो होमियोपैथी प्रकृति आधारित एवं शोध-सम्मत चिकित्सा पद्धति है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को सुदृढ़ करने और रोगों के मूल कारणों पर कार्य करने का प्रयास करती है । उन्होंने इस चिकित्सा पद्धति के आविष्कारक के जीवन,वर्षों के अनुसंधान तथा इसके विकास की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि बदलती जीवनशैली और बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों के बीच लोग सुरक्षित एवं वैकल्पिक चिकित्सा की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं । ऐसे समय में इलेक्ट्रो होमियोपैथी प्रभावी विकल्प के रूप में अपनी अलग पहचान बना रही है । उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संजीवनी इलेक्ट्रो होमियो क्लिनिक के शुरू होने से बिक्रमगंज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ चिकित्सा परामर्श स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगा,जिससे उन्हें इलाज के लिए बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी ।समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने क्लिनिक की स्थापना को क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह संस्थान लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगा । उन्होंने क्लिनिक के संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए जनसेवा के इस प्रयास की सराहना की ।

## नगर बिक्रमगंज भाजपा की बैठक संपन्न






◆ **प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में नगर कार्यसमिति की बैठक होगी**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास**। भाजपा कार्यालय नगर कार्यसमिति की बैठक नागेंद्र झा महाविद्यालय में हुई बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह बिक्रमगंज नगर प्रभारी मदन प्रसाद वैश्य ने कहा कि प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में नगर कार्यसमिति की बैठक होगी साथ में शक्ति केंद्र अध्यक्ष, मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भी बैठक में शामिल रहेंगे तीसरा सप्ताह में शक्ति केंद्र का बैठक करना है एवं चौथा सप्ताह में प्रधानमंत्री की मन की बात सुनना है।

बैठक में नवीन चंद शाह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम सिंह, नगर अध्यक्ष शारदा पांडेय, उत्तम सिंह, गुड़िया देवी, डॉ रविंद्र मिश्रा, रविंद्र सिंह ,सुदर्शन प्रसाद इत्यादी कार्यकर्ता थे अध्यक्षता पंकज कुमार नगर कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा किया गया ।

## बिहार सरकार के मुख्य मंत्री सम्राट चौधरी द्वारा दिनांक 10 जुलाई 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**सासाराम /रोहतास**। बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी छः प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत माह जून 2026 की पेंशन राशि का लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) के माध्यम से हस्तांतरण माननीय मुख्यमंत्री, बिहार सम्राट चौधरी द्वारा दिनांक 10 जुलाई 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी जिला मुख्यालय में किया गया।

रोहतास जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के डीआरडीए सभागार में आयोजित लाइव कार्यक्रम में जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्र, उप विकास आयुक्त विजय कुमार पांडेय, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग तथा विभिन्न पेंशन योजनाओं के 50 लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की जानकारी दी गई तथा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर राज्यभर के 97.84 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 1,423.94 करोड़ की राशि हस्तांतरण किया गया है।जबकि रोहतास जिले में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत कुल 2,91,361 लाभुकों के खातों में 40 करोड़ 91 लाख 99 हजार 100 रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य वृद्धजनों, विधवाओं, दिव्यांगजनों एवं अन्य पात्र व्यक्तियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। इन योजनाओं के माध्यम से सरकार समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों को नियमित आर्थिक संबल उपलब्ध करा रही है, जिससे उन्हें दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता मिल सके।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को नियमित रूप से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। डीबीटी प्रणाली के माध्यम से प्रत्येक माह की 10 तारीख को राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजे जाने से प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनी है। जिला प्रशासन ने सभी लाभार्थियों से अपने बैंक खातों एवं आधार संबंधी विवरण अद्यतन रखने की अपील की है, ताकि पेंशन राशि के हस्तांतरण में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### 2.24 लाख पेंशनधारियों को 31.52 करोड़ मिले

**बांका।** बांका जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के बैंक खातों में शुक्रवार को डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से जून माह की पेंशन राशि हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्यभर के लाभार्थियों के खातों में यह राशि भेजी। बांका समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल, संबंधित विभागों के अधिकारी और योजना के लाभार्थी इस कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के दौरान मौजूद रहे। राज्य सरकार के निर्देशानुसार, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत हर महीने की 10 तारीख को लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से पेंशन राशि भेजी जाती है। इस व्यवस्था से पेंशनधारियों को समय पर, पारदर्शी तरीके से और बिना किसी बिचौलिये के सीधे राशि प्राप्त होती है, जिससे उनकी सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित होती है। बांका जिले में कुल 2,24,677 पेंशनधारियों के बैंक खातों में 31.52 करोड़ (31,52,07,700) की राशि हस्तांतरित की गई। इसमें मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 1,41,316 लाभार्थियों को 16.67 करोड़ (16,67,90,600) प्राप्त हुए। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 40,261 लाभार्थियों को 8.85 करोड़ (8,85,74,200) मिले। इसके अतिरिक्त, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 18,284 लाभार्थियों को 2.04 करोड़ (2,04,99,700), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 9,435 लाभार्थियों को 2.07 करोड़ (2,07,57,000), बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के 14,068 लाभार्थियों को 1.56 करोड़ (1,56,97,700) तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के 1,313 लाभार्थियों को 28.88 लाख (28,88,600) की राशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजी गई। जिला प्रशासन के अनुसार, सरकार की यह डीबीटी व्यवस्था सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

### राजद नेता के श्राद्ध कार्यक्रम पर अश्लील आर्केस्ट्रा

**मुंगेर।** मुंगेर में एक श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान बार बालाओं के ठुमके लगाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में मंच के पीछे 'श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं संस्कृति कार्यक्रम' का बैनर लगा हुआ दिख रहा है। यह वीडियो बीते चार दिनों से चर्चा में है। यह वायरल वीडियो मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के खाजेचक गांव का बताया जा रहा है। यह श्राद्ध कार्यक्रम राजद के हवेली खड़गपुर के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश चौटाला के निधन के बाद 6 जुलाई को आयोजित किया गया था। परिवार के सदस्यों ने शोक श्रद्धांजलि कार्यक्रम के तहत आर्केस्ट्रा का आयोजन किया था, जिसमें नृत्य प्रदर्शन के लिए चार से पांच लड़कियों को बुलाया गया था।

**सड़क दुर्घटना में हुई थी मौतः** दरअसल, खाजेचक गांव निवासी ओम प्रकाश चौटाला की 25 जून को एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। बाजार से घर लौटते समय उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थी और इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। राजद नेता के अंतिम संस्कार के बाद, श्राद्ध कार्यक्रम के अंतिम दिन 6 जुलाई को श्रद्धांजलि सभा और शांति भोज का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री और राजद नेता जयप्रकाश नारायण यादव भी शामिल हुए थे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी थी।

**शोक श्रद्धांजलि कार्यक्रम रंगारंग कार्यक्रम में बदलाः** वहीं श्रद्धांजलि कार्यक्रम और शांति भोज खत्म होने के बाद जैसे ही रात ढलती गई वैसे ही यह शोक श्रद्धांजलि कार्यक्रम रंगारंग कार्यक्रम में बदल गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन के नाम पर मृतक राजद नेताओं के परिवार के लोग रातभर बार बालाओं को नचाया। इस दौरान डीजे साउंड बॉक्स पर अश्लील गाने भी परोसे गए। जिसपर बार बालाएं नाचती रही और ग्रामीण युवक सहित परिवार के जो लोग 10 दिनों तक सड़क दुर्घटना में मरने वाले राजद नेताओं की शोक मना रहे थे, वहीं लोग श्राद्ध कार्यक्रम के दौरान अंतिम दिन अशोक श्रद्धांजलि के बाद आर्केस्ट्रा में जमकर पैसे उड़ाए और मंच पर चढ़कर बार बालाओं के साथ नाचते दिखे।

**सोशल मीडिया पर हो रही चर्चाः** वहीं वीडियो वायरल होने के बाद लोग सोशल मीडिया पर तरह-तरह के तंज कस रहे हैं और लोगों के द्वारा भी इस बात का अचंभित हो रहे हैं कि यह किसी खुशी के समारोह पर आर्केस्ट्रा का आयोजन नहीं हुआ है बल्कि जिन राजद नेता की सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी उसके मरने की खुशी पर यह आर्केस्ट्रा का आयोजन कराया गया था। वहीं इस संबंध में हवेली खड़गपुर डीएसपी अनिल कुमार से बातचीत की गई जिसमें डीएसपी ने बताया कि वायरल वीडियो के सत्यता की जांच की जाएगी। अगर वीडियो की पुष्टि होगी तो दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन जांच के क्रम में ट्रक पर लोड 1911 लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**अररिया।** जिले की जोकीहाट थाना पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान एक ट्रक से 1911 लीटर विदेशी शराब बरामद की।मामले में पुलिस ने पश्चिम बंगाल के दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया। जब्त शराब की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशील कुमार ने शुक्रवारा को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।उन्होंने बताया कि एसपी जितेन्द्र कुमार के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में चिन्हित हॉटस्पॉट पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जोकीहाट थाना पुलिस ने बोरिया डायवर्सन, एनएच-327ई के समीप विशेष वाहन जांच अभियान चलाया।वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध ट्रक को रोककर जांच के लिए इशारा किया। ट्रक रुकते ही उसमें सवार दो व्यक्ति उतरकर भागने का प्रयास करने लगे। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को पकड़ लिया।पूछताछ के बाद जब ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमें छिपाकर रखी गई कुल 1911 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। शराब बरामद होने के बाद जोकीहाट थाना में कांड संख्या 291/26 दर्ज कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विश्वजीत मंडल और ननटू मंडल के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल के निवासी बताए जा रहे हैं। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि शराब की यह बड़ी खेप कहां से लाई जा रही थी और इसकी डिलीवरी किस स्थान पर होनी थी।शराब तस्करी के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज को खंगाला जा रहा है।एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर ने पुलिस के पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारी दी है,जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अवर निरीक्षक मद्य निषेध के पद पर नियुक्ति हेतु प्रारंभिक परीक्षा के लिए बनाए गए आठ केंद्र

**अररिया।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में उत्पाद अवर निरीक्षक मद्य निषेध पद पर नियुक्ति हेतु प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा 12 जुलाई रविवार को अररिया जिला मुख्यालय स्थित 08 परीक्षा केन्द्रों पर एक पाली में आयोजित होगी। परीक्षा पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक होगी, जबकि अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग का समय सुबह 9:30 बजे निर्धारित किया गया है। परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर समाहरणालय स्थित आत्मन सभागार में अपर समाहर्ता अनिल कुमार झा की अध्यक्षता में सभी केन्द्राधीक्षकों, प्रेक्षक-सह-स्टैटिक मजिस्ट्रेट, समन्वय प्रेक्षक-सह-जोनल मजिस्ट्रेट, उड़नदस्ता दल, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी पुलिस पदाधिकारियों, वरीय कोषागार पदाधिकारी तथा परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई।बैठक में आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

### 78 बोरी यूरिया और मिनी ट्रक जब्त, एक गिरफ्तार

**अररिया।** एसएसबी 56वीं वाहिनी के एच समवाय घुरना की टीम ने कार्यक्षेत्र अंतर्गत शेख टोला, वार्ड संख्या 6 में सीमा स्तंभ संख्या-191 के निकट भारत की ओर लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर एसएसबी एवं बिहार कृषि विभाग की संयुक्त गश्ती टीम ने कार्रवाई करते हुए 78 बोरी यूरिया तथा एक मिनी ट्रक को जब्त किया।

# बाइक से शराब की तस्करी 19 लीटर जब्त, तस्कर फरार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर की जगदीशपुर थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की है। भागलपुर–दुमका मुख्य मार्ग स्थित अस्पताल चौक के पास शुक्रवार को 99 बोतल विदेशी शराब और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस को देखते ही तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। पुलिस जब्त मोटरसाइकिल के आधार पर उसकी पहचान में जुटी है और जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है। झारखंड की ओर से एक युवक मोटरसाइकिल पर विदेशी शराब की खेप लेकर भागलपुर की ओर आ रहा था। इसी दौरान अस्पताल चौक के पास पुलिस की मौजूदगी देखकर वह घबरा गया। भागने के प्रयास में उसकी मोटरसाइकिल पुलिस गाड़ी से टकरा गई, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा।

**19 लीटर विदेशी शराब जब्त, तस्कर फरारः** इसके बावजूद वह तेजी से उठकर बाइक और शराब छोड़ मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तत्काल बाइक को कब्जे में लेकर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल से करीब 19 लीटर विदेशी शराब, कुल 99 बोतल बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने शराब और मोटरसाइकिल को जब्त कर जगदीशपुर थाना पहुंचाया और मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों के बीच पुलिस की चौकसी को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई। अस्पताल चौक पर पुलिस चेक पोस्ट पर नियमित रूप से एक दरोगा और चार पुलिसकर्मियों की तैनाती रहती है। लोगों ने इस मामले में पुलिस की निगरानी व्यवस्था को और सख्त करने की मांग की है। जगदीशपुर थाना अध्यक्ष रामचंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने 99 बोतल विदेशी शराब और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। मोटरसाइकिल के रजिस्ट्रेशन और अन्य तकनीकी सबूत के आधार पर फरार तस्कर की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि शराब की खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था।

## पानी में डूबने से युवक की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय में कुएं में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। दो महीने पहले ही शादी हुई थी। मृतक की पहचान फतेहपुर वार्ड नंबर-5 निवासी मृत्युंजय कुमार उर्फ छोटे (31) के रूप में हुई है। घटना तेयाय ओपी क्षेत्र की है।

**संतुलन बिगड़ने से 20 फीट गहरे कुएं में गिराः** स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार गुरुवार की रात करीब 8 बजे मृत्युंजय अपने घर के पास स्थित कुएं के मुहार (लहरा) पर बैठा हुआ था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह करीब 20 फीट गहरे पानी से भरे कुएं में जा गिरा। पानी अधिक होने के कारण वह डूब गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने रस्सी के सहारे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

**दो महीने पहले ही हुई थी दूसरी शादीः** मृत्युंजय मूल रूप से बछवाड़ा थाना क्षेत्र के झमटिया गांव का रहने वाला था। उसकी मां बसंती देवी पिछले 25 वर्षों से सपरिवार अपने मायके फतेहपुर में ही रह रही थी। मृत्युंजय तीन भाइयों में मंझला था, जबकि उसके बड़े भाई की पहले ही बीमारी से मौत हो चुकी है। मृत्युंजय की पहली पत्नी करीब 5 साल पहले उसे छोड़कर चली गई थी। करीब दो महीने पहले ही उसकी दूसरी शादी लखनपुर गांव की पिंकी देवी से हुई थी। पिंकी के हाथों की मेहंदी का रंग छूटा भी नहीं था कि हादसा हो गया। मौत के बाद मां बसंती देवी, नानी राजकुमारी देवी, पत्नी पिंकी देवी, पिता रामप्रीत महतो और नाना रामचंद्र महतो का रो-रोकर बुरा हाल है।

**पोस्टमार्टम के बाद हुआ अंतिम संस्कारः** घटना की सूचना मिलते ही तेयाय ओपी प्रभारी कुमारी निकिता भारती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। शुक्रवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जिसके बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## सुल्तानगंज में सड़क पर उतरे ग्रामीण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के सुल्तानगंज में शुक्रवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। गनगनिया पंचायत के घोरघट स्थित खड़िया-पिपरा मुख्य चौक पर गांव के लिए डायवर्सन (कट) नहीं दिए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-80) के साथ-साथ घोरघट-मुंगेर मार्ग पर पूरी तरह से जाम लगा दिया। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक जिला प्रशासन की ओर से लिखित आश्वासन नहीं दिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**'हर दिन लोगों को परेशानी होती है'**: प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश मुखिया संघ के उपाध्यक्ष एवं खड़िया पिपरा-पंचायत के मुखिया संजय कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि फोरलेन निर्माण के दौरान गांव जाने वाले मार्ग पर डायवर्सन नहीं दिए जाने से ग्रामीणों को प्रतिदिन काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। गांव तक पहुंचने के लिए लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। पूर्व में भी इस समस्या को लेकर जिला पदाधिकारी से कई बार शिकायत की गई थी। उस समय प्रशासन की ओर से डायवर्सन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**'शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ'**: मुखिया संजय कुमार ने आगे कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, संबंधित मंत्री, स्थानीय विधायक सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को कई बार लिखित आवेदन भी भेजे गए, लेकिन किसी स्तर पर समस्या का समाधान नहीं किया गया। प्रशासन की लगातार उपेक्षा के कारण ग्रामीणों को मजबूर होकर सड़क जाम का सहारा लेना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक भागलपुर और मुंगेर के जिला पदाधिकारियों की ओर से लिखित रूप में डाइवर्सन देने का आश्वासन नहीं मिलता, तब तक आंदोलन समाप्त नहीं होगा।

**अपनी मांग पर अड़े ग्रामीणः** सड़क जाम की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) संजीव कुमार और थानाध्यक्ष धनंजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर सड़क जाम समाप्त कराने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। प्रशासन की मौखिक आश्वासन को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अब केवल लिखित आदेश मिलने के बाद ही सड़क जाम समाप्त किया जाएगा।

**आंदोलन की चेतावनीः** जाम के दौरान यात्रियों को भीषण उमस और गर्मी के बीच घंटों सड़क पर इंतजार करना पड़ा। दोपहर में हल्की बारिश होने के बावजूद लोग जाम में फंसे रहे और कई यात्री भींगते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचने का इंतजार करते नजर आए। सड़क जाम के कारण आम लोगों, मरीजों, छात्रों और दैनिक यात्रियों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

## महिला लिपिक पर बाइक सवार बदमाशों ने की 2 राउंड फायरिंग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक महिला लिपिक पर जानलेवा हमला हुआ है। कटहरा कुमारपुर स्थित प्लस टू हाई स्कूल की लिपिक रंजू कुमारी स्कूल जाने के लिए अपने गांव नारायणपुर से ई-रिक्शा पर सवार होकर निकली थीं। जैसे ही उनका ई-रिक्शा साधुबाबा स्थान के पास पहुंचा, तभी लाल रंग की पल्सर बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने गाड़ी को रोककर उन पर ताबड़तोड़ दो राउंड फायरिंग कर दी। रंजू कुमारी ने सूझबूझ दिखाते हुए झूक कर खुद को बचा लिया, जिससे उनकी जान बाल-बाल बच गई। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही BDO संजीव कुमार, सांख्यिकी पदाधिकारी राकेश कुमार और सुल्तानगंज थानाध्यक्ष धनंजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़िता सहित अन्य लोगों से पूछताछ कर घटनास्थल का निरीक्षण किया।

**बदमाशों की पहचान कर रही पुलिसः** पुलिस ने आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग बिंदुओं पर छानबीन कर रही है। दिनदहाड़े स्कूल जा रही महिला कर्मी पर हुई फायरिंग की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़िता रंजू कुमारी ने बताया कि वह रोजाना की तरह टोटो से स्कूल जा रही थीं। साधुबाबा स्थान के पास पहुंचते ही बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने टोटो को रोककर उन पर दो गोलियां चला दीं। उन्होंने किसी तरह झुककर अपनी जान बचाई। रंजू कुमारी ने कहा है कि वह हमलावरों को नहीं पहचानती हैं और न ही किसी से उनकी कोई दुश्मनी है। टोटो चालक आशीष कुमार ने बताया कि वह रंजू कुमारी को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान लाल रंग की पल्सर बाइक पर सवार दो युवक आए और अचानक दो राउंड फायरिंग कर दी। घटना के बाद दोनों बदमाश हो गए।

## चोर की लोगों ने की पिटाई

**भागलपुर।** भागलपुर के लोहिया पुल पर शुक्रवार को दिनदहाड़े झपटमारी की घटना सामने आई। भीड़भाड़ का फायदा उठाकर दो झपटमारों ने एक महिला को निशाना बनाया और उसके गले से सोने का लॉकेट व अन्य आभूषण काट लिया। महिला की सतर्कता और मौके पर मौजूद लोगों की सक्रियता के कारण एक आरोपी को घटनास्थल पर ही दबोच लिया गया, जबकि उसका साथी सोने का लॉकेट लेकर भागने में सफल रहा। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए आरोपी को हिरासत में लेकर थाना ले गई। पुलिस उससे पूछताछ कर फरार साथी की तलाश में जुट गई है। डॉक्टर के पास जा रही थी महिलाः मकरमडीह निवासी ब्यूटी कुमारी अपने पति, बच्चे और परिवार के एक अन्य युवक के साथ डॉक्टर के पास जा रही थीं। सभी लोग लोहिया पुल से होकर गुजर रहे थे। इसी दौरान दो संदिग्ध युवक भीड़ में उनके आसपास मंडराने लगे। एक युवक महिला के बिल्कुल करीब आकर चलने लगा, जिससे किसी को कोई शक नहीं हुआ। अचानक उसने महिला के गले पर झपट्टा मारते हुए धारदार औजार से उनके आभूषण काट लिए। वारदात को अंजाम देते ही उसने सोने का लॉकेट अपने साथी को थमा दिया, जो तुरंत मौके से फरार हो गया।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: एमसी–38–लॉण्ड्री–ओएम–टीके–26, दिनांक** 08.07.2026, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (समन्वय), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के बेडरोल लिनेन की धुलाई हेतु टिकियापाड़ा कोचिंग डिपो में मशीनीकृत लॉण्ड्री प्लांट का 3 वर्ष की अवधि के लिए परिचालन एवं रखरखाव। **निविदा मूल्य :** रु. 15,83,20,934.45, **बयाना राशि जमा की जाएगी :** रु. 9,41,600/–, **अनुबंध की अवधि :** कार्य शुरू होने की तिथि से 36 माह। **बोली की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 30.07.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा ऑनलाइन जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण : www.ireps.gov.in**
HWH-204/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या : 30–एसडीएसटीई–एएसएन–2026–27, दिनांक** 09.07.2026, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल–निम्नलिखित कार्यों के संबंध में सिग्नलिंग कार्य (i) आसनसोल–03 वरिष्ठ डीईएन / 1 के तहत सीतारामपुर यार्ड सुधार और विभिन्न यार्ड का उन्नयन। (ii) आसनसोल–05 वरिष्ठ डीईएन/2 के तहत यार्ड सुधार और उन्नयन (iii) आसनसोल–04 वरिष्ठ डीईएन/3 के तहत यार्ड सुधार और विभिन्न यार्ड का उन्नयन (iv) आसनसोल–02 एक्सल काउंटर और अन्य सिग्नलिंग कार्य का उपयोग करके आसनसोल यार्ड के लिए यार्ड सुधार और उन्नयन"। **निविदा मूल्य:** रु. 2,62,77,164.17, **बयाना राशि:** रु. 5,25,600/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 03.08.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www. ireps.gov.in/**
ASN-174/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं.: ईएल–एसडीएएच–सीओएन–पीएसआई–182–2026–एनआईटी, निविदा सं.: ईएल–एसडीएएच–सीओएन–पीएसआई–182–2026, दिनांक** 08.07.2026 उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, सियालदह, आर.एम.एस. बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा अनुभवी विद्युत ठेकेदारों, पार्टनरशिप फर्मों आदि जिनके पास निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता और उपयुक्त अनुभव के साथ वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है, से ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** "पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में (क) गोपालनगर में 132 केवी/25 केवी ट्रैक्शन सब स्टेशन की डिजाइन, ड्राइंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना और (ख) 25 केवी ए.सी. सिंगल फेज ओवरहेड इक्विपमेंट, एलटी सप्लाई ट्रांसफार्मर की डिजाइन, ड्राइंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना एवं कूपर्स हॉल्ट में नए एसपी, माझेरग्राम में एसएसपी, बनगांव में एसएसपी, गोबरडांगा में एसपी द्वारा एसएसपी को प्रतिस्थापित करना और (ग) गोपालनगर में टीएसएस के लिए विद्युत (सा.) कार्य और कूपर्स हॉल्ट में नए एसपी, माझेरग्राम में एसएसपी, बनगांव में एसएसपी, गोबरडांगा में एसपी द्वारा एसएसपी को प्रतिस्थापित करना और (घ) रानाघाट–बनगांव दोहरीकरण के संबंध में टीएसएस, एसपी और एसएसपी के लिए रिटेनिंग वॉल, कंट्रोल बिल्डिंग का निर्माण और अन्य सिविल कार्य"। **निविदा मूल्य:** रु. 15,52,83,436.22, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **बयाना राशि:** रु. 31,05,700/– **समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 07.08.2026 को 15.00 बजे। निविदा कागजातों को **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है और इस निविदा के लिए ऊपर वर्णित अनुसार उल्लिखित निविदा की अंतिम तिथि और समय पर या उससे पहले "निविदा कागजात की लागत" और "बयाना राशि" के ऑनलाइन भुगतान के बाद बोली जमा की जा सकती है। इस निविदा के लिए हर पहलू से पूर्ण और ऊपर उल्लिखित सभी कागजातों के साथ निविदाएँ **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के माध्यम से जमा की जानी है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और यदि कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा कागजात, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) और अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत निविदा सूचना उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण, पूर्व रेलवे, आर. एम. एस. बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 के सूचना पट में भी देखी जा सकती है।
CON-22/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं. : 171_2026–27, 172_2026–27 और 173_2026–27, दिनांक:** 08.07.2026, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा –711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/ एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा। क्रम सं. 1, ई–निविदा सं. : 171_2026–27, कार्य का विवरण :** एईएन/रामपुरहाट के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/रामपुरहाट के खंड में रामपुरहाट इंस्टीट्यूट कॉलोनी में 24 यूनिट (04 बिल्डिंग, जी+2) टाइप-II स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण एवं एईएन/रामपुरहाट के अधीन सभी महिला कर्मचारियों के सुविधार्थ संलग्न शौचालय के साथ महिला ड्रेस चेंजिंग रूम का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 4,26,22,214.55, **बयाना राशि :** रु. 8,52,500/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य। **क्रम सं. 2, ई–निविदा सं. : 172_2026–27, कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल में तालित, खाना, झापटेरढाल, बनपास, नोआदार ढाल, गुसकरा, पिचकुरीधल, भेदिया, बोलपुर शांतिनिकेतन, प्रांतिक, कोपाइ, अहमदपुर, बतासपुर, सांइथिया, गदाधरपुर, मल्लारपुर में गैर-उपनगरीय स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म शेड का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 11,05,36,595.14, **बयाना राशि :** रु. 22,10,700/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य। **क्रम सं. 3, ई–निविदा सं. : 173_2026–27, कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल में 26 स्टेशनों पर गैर-उपनगरीय स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म शेड का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 10,41,32,731.67, **बयाना राशि :** रु. 20,82,700/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य। **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 30.07.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के जरिए स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-205/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**विस्तृत निविदा सं. ईपीसी–03–सीएओ–सी–ईआर–2026 : एकल चरण में खुली ईपीसी ई–निविदा–दो पैकेट प्रणाली, दिनांक:** 08.07.2026, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्व रेलवे, 4था तल, 14, स्ट्रैंड रोड, एनकेजी, कोलकाता–700001 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** ईपीसी मोड पर 'रानाघाट जंक्शन (छोड़कर) और कृष्णनगर जंक्शन (छोड़कर) के बीच किमी 75.210 (सियालदह से) से किमी 97.585 (सियालदह से) तक तीसरी लाइन बीजी ट्रैक का निष्पादन जिसमें विद्युतीकरण और सिग्नलिंग कार्य शामिल है'। **अनुमानित मूल्य :** रु. 252,87,96,407.71, **बयाना राशि :** रु. 5,05,75,900/–, **निविदा कागजात का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि :** 730 दिन। **अंतिम तिथि:** 22.09.2026 को 11.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। CON-23/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 08.07.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन–121–26–27, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कांचरापाड़ा के कार्यक्षेत्र में विभिन्न ट्रैक रखरखाव कार्य एवं सभी सहायक कार्य (01 वर्ष के लिए)। **निविदा मूल्य :** रु. 1,17,38,913.19, **बयाना राशि :** रु.2,34,800/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन–122–26–27, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/कांचरापाड़ा के कार्यक्षेत्र में ट्रैक नवीनीकरण कार्यों एवं ड्रेनेज सुधार प्रणाली आदि के प्रावधान द्वारा नैहाटी यार्ड का सुधार एवं सभी अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 11,37,11,172.99, **बयाना राशि :** रु.22,74,200/–, **कार्य की समापन अवधि:** 18 (अठारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 04.08.2026 को 15.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 04.08.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
SDAH-127/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### आरा-पटना फोर लाइन में स्टूडेंट की मौत

**आरा।** आरा-पटना फोर लाइन पर ट्रक ने बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि दोस्त की हालत गंभीर है। मृतक की पहचान राजा मोहल्ला वार्ड नंबर 28 निवासी मो. फिरोज के पुत्र मो. शाहनवाज(15) के तौर पर हुई है। आठवीं क्लास में पढ़ता था। घायल महताब कुरैशी के पुत्र मो. अरमान की हालत गंभीर बनी हुई है। बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। घटना टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा स्थित पेट्रोल पंप के पास की है।

**घर से दोस्त के साथ निकला था:** मृतक के पिता ने बताया कि स्कूल से वापस लौटने के बाद बुधवार शाम में दोस्त के दोस्त पेट्रोल लेने जा रहा था। रास्ते में ट्रक ने रौंद दिया। गंभीर हालत में दोनों को स्थानीय लोगों के सहयोग से अस्पताल लाया गया। जहां चेकअप के बाद डॉक्टरों ने शाहनवाज को मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहराम:** शाहनवाज छह भाई-बहन में सबसे बड़ा था। परिवार में मां रसीदन बानो भाई रहमत, साहिल, समर, आदिल और बहन रानी है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। मां और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सनोज की बरामदगी के लिए माले और आरवाइए का प्रतिरोध मार्च

**आरा।** बिहिया प्रखंड के गंज निवासी सनोज राम की सकुशल बरामदगी की मांग को लेकर भाकपा माले और आरवाइए ने आरा में प्रतिरोध मार्च निकाला। प्रतिरोध मार्च माले जिला कार्यालय, श्रीटोला आरा से निकलकर शहर के विभिन्न मांगों से होते हुए आरा रेलवे स्टेशन परिसर पहुंचकर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। सभा का संचालन इंनौस के नेता राजू राम ने किया। इस मौके पर संबोधित करते हुए भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य व अगियांव के पूर्व विधायक शिवप्रकाश रंजन ने कहा कि पिछले 13 अगस्त 2025 को उत्पाद विभाग पुलिस के द्वारा पकड़े गये सनोज राम की अभी तक बरामदगी नहीं हुई है। कहा कि भोजपुर जिला प्रशासन बताएं कि सनोज राम पुलिस हिरासत से कैसे गायब हो गए? इसका जिला प्रशासन को जवाब देना होगा और उनकी सकुशल बरामदगी नहीं तो भाकपा माले और आरवाइए 10 जुलाई को बिहिया में सड़क जाम कर आंदोलन को तेज करेगी। माले नेताओं ने मांग किया कि सनोज राम की घटना का न्यायिक जांच की जाए, सनोज राम की हत्या हो गयी होगी तो परिजनों को एक करोड़ रुपए मुआवजा दिया जाए व दोषी पुलिसकर्मियों पर दोहरे हत्या का मुकदमा दर्ज कड़ी से सजा दी जाए। प्रतिरोध मार्च में नगर सचिव सुधीर सिंह, राज्य कमेटी सदस्य संगीता सिंह, राज्य कमेटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी, राज्य कमेटी सदस्य शब्बीर कुमार आदि थे।

### कोईलवर सीएचसी में आधुनिक डेंटल चेयर से दंत चिकित्सा सेवा की शुरुआत

**कोईलवर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोईलवर में आधुनिक डेंटल चेयर के साथ दंत चिकित्सा सेवा का शुभारंभ कर दिया गया। इससे अब क्षेत्र के लोगों को दांतों से संबंधित जांच, उपचार और चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी। बताया गया कि एक दिन पहले जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने सीएचसी, कोईलवर का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में आधुनिक डेंटल चेयर स्थापित कर जल्द से जल्द दंत चिकित्सा सेवा शुरू करने का निर्देश दिया था। जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार को डेंटल चेयर स्थापित कर सेवा प्रारंभ कर दी। अस्पताल में दंत चिकित्सा सेवा शुरू होने से मरीजों को अब छोटी-बड़ी दंत समस्याओं के इलाज के लिए दूसरे शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही जांच, उपचार और आवश्यक परामर्श मिलने से समय और खर्च दोनों की बचत होगी और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सा सुविधाओं को सुदृढ़ करने और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

### प्रशिक्षणार्थियों की सुविधा बढ़ाने को पीएनबी आरसेटी में वाटर कूलर शुरू

**कोईलवर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी) कोईलवर के परिसर में प्रशिक्षणार्थियों के लिए नए वाटर कूलर शुरू किया गया। इसका उद्घाटन पंजाब नेशनल बैंक के आरा मंडल प्रमुख उत्पल कुमार ने की। इस अवसर पर उन्होंने रेफ्रिजरेटर व एयर कंडीशनर (आरएसी) ट्रेड के प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि तकनीकी प्रशिक्षण को गंभीरता से ग्रहण कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार शुरू करने के इच्छुक पात्र युवाओं को बैंक की योजनाओं के तहत ऋण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि वे अपना व्यवसाय स्थापित कर सकें। इस मौके पर पीएनबी आरा मंडल कार्यालय के मुख्य प्रबंधक करण कुमार ने कहा कि संस्थान में प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पर लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि आने वाले समय में पीएनबी आरसेटी भोजपुर जिले का एक मॉडल प्रशिक्षण संस्थान बनेगा। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक रमेश कुमार त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान संकाय सदस्य प्रेम कुमार, देव कुमार, कार्यालय सहायक आशीष प्रसाद समेत काफी संख्या में प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

### 114 आरएएफ में प्री-इंडक्शन व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण शुरू

**कोईलवर।** भोजपुर के कोईलवर में 114 रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) वाहिनी मुख्यालय में नए स्थानांतरित जवानों के लिए प्री-इंडक्शन प्रशिक्षण और बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस (बीएसएपी) के जवानों के लिए क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम कमांडेंट अश्विनी कुमार झा के मार्गदर्शन में बिहार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य नए जवानों और बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के कर्मियों को आरएएफ की कार्यप्रणाली, कानून-व्यवस्था व दंगा नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, मानवाधिकार, आपदा राहत व बचाव कार्य सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों की सैद्धांतिक और व्यावहारिक जानकारी देना है। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को विभिन्न परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए आवश्यक कौशल भी सिखाए जाएंगे। इस अवसर पर कमांडेंट अश्विनी कुमार झा ने कहा कि अनुशासन, शारीरिक क्षमता, व्यावसायिक दक्षता और उच्च नैतिक मूल्य किसी भी सुरक्षा बल की सबसे बड़ी पहचान होते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से पूरे मनोयोग और गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा सीखी गई बातों का ड्यूटी के दौरान प्रभावी ढंग से उपयोग करने को कहा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जवानों की कार्यकुशलता, आत्मविश्वास और परिचालन क्षमता को और मजबूत करेगा तथा भविष्य में उन्हें सौंपे जाने वाले दायित्वों के बेहतर निर्वहन में सहायक सिद्ध होगा।

### शिक्षा मंत्री का होगा सम्मान

**बक्सर।** बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी के गुरुवार को बक्सर आगमन को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है। सामाजिक कार्यकर्ता, बागीचा लॉन के संचालक तथा पूर्व पार्षद योगेश राय के द्वारा उनके सम्मान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उनका कहना है कि शिक्षा मंत्री का आगमन जिले के लिए गौरव का विषय है और उनके स्वागत में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। योगेश राय ने बताया कि शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी का बक्सर आगमन पूरे जिले के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनके कार्यों की व्यापक सराहना होती रही है। ऐसे में बक्सर की पावन धरती पर उनका स्वागत एवं सम्मान करना समाज के लिए गर्व का विषय है।

# राजमिस्त्री सनोज मीसिंग मामले में माले का प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर जिले के गंज गांव निवासी राजमिस्त्री सनोज कुमार की सकुशल बरामदगी की मांग को लेकर भाकपा-माले ने प्रदर्शन किया। पीरो-बिहिया स्टेट हाईवे-102 पर धरहरहा मोड़ के पास करीब एक घंटे तक जाम रखा। जिसके चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आंदोलन के दौरान माले नेताओं ने सनोज कुमार की बरामदगी के साथ-साथ मामले की न्यायिक जांच, दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाकर कठोर सजा, पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग उठाई।

**उग्र आंदोलन की चेतावनी:** चक्का जाम से पहले माले कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक मोड़ से जुलूस निकाला। जुलूस सब्जी मंडी और डाकबंगला मोड़ होते हुए धरहरहा मोड़ पहुंचा।



जहां कार्यकर्ताओं ने सड़क पर बैठकर सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यक्रम का नेतृत्व विधानसभा प्रभारी एवं प्रखंड सचिव हरेंद्र सिंह ने किया। हरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि 13 अगस्त 2025 को जगदीशपुर उत्पाद विभाग की टीम ने सनोज कुमार को हिरासत में लिया था, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों को न्याय की मांग को लेकर पटना हाईकोर्ट की शरण लेनी पड़ी, जिसके बाद प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई शुरू हुई। जब तक सनोज कुमार की सकुशल बरामदगी नहीं हो जाती और दोषियों को दंडित नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**आर्थिक सहायता और सुरक्षा की मांग:** प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं न्यायिक जांच कर सच्चाई सामने लाई जानी चाहिए। अगर समय रहते कार्रवाई की जाती तो पीड़ित परिवार को लंबे संघर्ष के लिए मजबूर नहीं होना पड़ता। माले नेताओं ने सरकार से पीड़ित परिवार को आर्थिक और सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग की।

**पुलिस ने जाम खुलवाया:** सड़क जाम की सूचना मिलते ही बिहिया थानाध्यक्ष सुन्देश्वर कुमार दास पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उनकी मांगों को संबंधित स्तर तक पहुंचाने और विधिसम्मत कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने जाम समाप्त कर दिया। पुलिस ने यातायात को सामान्य कराया।

## मारपीट में घायल किसान की मौत



♦ पटना में चल रहा था इलाज, जमीन विवाद में लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से हमला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में मारपीट में घायल किसान की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना पीएमसीएच में दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान रामईश्वर चौधरी(49) के तौर पर हुई है। घटना पीरो थाना क्षेत्र के सनेही टोला गांव की है। मृतक के बेटे गुड्डू कुमार ने बताया कि पाटीदार और गांव के लोगों से जमीन को लेकर कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। हमारी जमीन को जबरन अपना बता रहे हैं। इसे लेकर पहले भी विवाद हुआ था। हालांकि उस समय मामला खत्म हो चुका था। मंगलवार दोपहर पिताजी के साथ दरवाजे पर बैठा था। मेरे पाटीदार गांव के 10-12 लोगों के साथ घर पर आ धमके। लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से मारकर घायल कर दिया। आनन-फानन में इलाज के लिए पीरो पीएचसी लेकर गया। जहां से आरा सदर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया था।

**घर में मचा कोहराम:** गुड्डू कुमार ने अपने चचेरे भाइयों और गांव के कुछ लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। मृतक के परिवार में पत्नी रीता देवी, चार पुत्र गुड्डू कुमार, भूटी राय, महाराज कुमार, छोटू कुमार और एक पुत्री मीरा कुमारी है। परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## 3 जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों के बीच संभागों का हुआ आवंटन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता


**आरा।** शिक्षा विभाग, बिहार पटना के निर्देशानुसार भोजपुर जिले में पदस्थापित नए जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (डीपीओ) के बीच कार्य विभाजन कर दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ मानवेंद्र कुमार राय ने जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के अनुमोदनोपरांत इस संबंध में एक आधिकारिक कार्यालय आदेश जारी किया है। शिक्षा विभाग के निदेशक (प्रशासन) के स्थानांतरण व पदस्थापन आदेश के आलोक में जिले के तीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों के बीच अलग-अलग महत्वपूर्ण संभागों का आवंटन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राहुल रंजन को "प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान" की कमान सौंपी गई है। इसके साथ ही उन्हें योजना एवं लेखा संभाग का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। वहीं, दूसरे जिला कार्यक्रम अधिकारी मो. शारिक अशरफ को "पीएम पोषण योजना" (मिड-डे मील) की जिम्मेदारी दी गई है, साथ ही उन्हें स्थापना संभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## 12 जुलाई को मद्य निषेध परीक्षा आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर में बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग में अवर निरीक्षक (मद्य निषेध) पद के लिए प्रारंभिक लिखित परीक्षा 12 जुलाई 2026 को आयोजित की जाएगी। जिले के 18 केंद्रों पर एकल पाली में होने वाली इस परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त संचालन सुनिश्चित करने के लिए दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। यह आदेश परीक्षा समाप्त होने तक प्रभावी रहेगा।

**व्यक्तियों के एक स्थान पर एकत्र होने पर रोक:** प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रतिबंधित क्षेत्र में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर एकत्र होने पर रोक रहेगी। यह प्रतिबंध परीक्षार्थियों के अभिभावकों और मीडिया कर्मियों पर भी लागू होगा। हालांकि, परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त



दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और अन्य अधिकृत कर्मी इस आदेश से मुक्त रहेंगे। इसके अतिरिक्त, प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार के घातक हथियार या आग्नेयास्त्र लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, सिवाय ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल के। किसी भी प्रकार के जुलूस, प्रदर्शन, धरना और ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग पर भी रोक लगाई गई है। धार्मिक आयोजन, शवयात्रा और विवाह समारोह को इस प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। परीक्षा केंद्रों के आसपास धूम्रपान पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

**18 विद्यालयों-महाविद्यालयों को बनाया गया केंद्र:** परीक्षा के लिए एम.वी. कॉलेज, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, एम.पी. उच्च विद्यालय, प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय कृतपुरा, कैम्ब्रिज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फाउंडेशन स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, बिहार पब्लिक स्कूल, नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय और बी.बी. उच्च विद्यालय सहित कुल 18 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रशासन ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित तिथि पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्र में मौजूद रहकर परीक्षा संचालन में सहयोग करें। वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, महिला पुलिस बल और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराई जा सके।

♦ 18 केंद्रों पर होगा आयोजित, सेंटर के 200 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा प्रभावी

# भरत तिवारी की मां की तबीयत बिगड़ी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भरत तिवारी को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ते-लड़ते अब उनकी मां आशा देवी की सेहत बिगड़ने लगी है। आशा देवी की ऑक्सीजन लेवल और पल्ट रेट में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहा है। बीपी भी डाउन है। तबीयत बिगड़ने की वजह से आशा देवी ने आज से शुरू होने वाले भूख हड़ताल को 20 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया है। भरत तिवारी की एनकाउंटर में मौत के बाद से उन्होंने लगभग खाना-पीना छोड़ दिया है। भरत के बड़े और छोटे भाई किसी तरह थोड़ा-बहुत खिलाकर अपनी मां आशा देवी को संभाल रहे हैं। वहीं, इलाज करने वाले डॉक्टर के मुताबिक, आशा देवी के लगातार रोने, मानसिक तनाव की वजह से उनकी शारीरिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई है। आंखें सूज चुकी हैं, आवाज भर्रा गई है और शरीर में कमजोरी आ गई है।

**90/60 दर्ज किया गया आशा देवी का ब्लड प्रेशर:** गुरुवार को भी ब्लड प्रेशर कम होने और पल्स रेट में उतार-चढ़ाव की शिकायत के बाद शाहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक ने उनके घर पहुंचकर स्वास्थ्य जांच की। शाहपुर स्वास्थ्य केंद्र के



डॉ. मुन्ना प्रसाद ने बताया कि आशा देवी का ब्लड प्रेशर 90/60 दर्ज किया गया है। उन्हें हल्का बुखार भी है। लंबे समय से पर्याप्त भोजन नहीं करने के कारण शरीर में कमजोरी आ गई है। उन्हें हीमासेल चढ़ाया जा रहा है और लगातार निगरानी में रखा जा रहा है। परिवार का कहना है कि आशा देवी अपने बेटे भरत तिवारी को न्याय दिलाने की उम्मीद में जी रही हैं।

**आशा देवी बोलीं- तबीयत ठीक होने पर अनशन की नई तारीख बताऊंगी:** इधर, आशा देवी ने बताया कि मैं अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर गुरुवार से अनशन शुरू करने वाली थीं, लेकिन अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण इसे टाल दिया है। स्वास्थ्य में सुधार होने पर नई तारीख की घोषणा की जाएगी। वहीं, भरत तिवारी के भाई चंदन तिवारी ने कहा कि परिवार ने 20 जुलाई तक अनशन स्थगित करने का निर्णय लिया है। इस दौरान कानूनी प्रक्रिया में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई तो हमारी मां अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठेंगी। अदालत की प्रक्रिया शुरू होने से उन्हें उम्मीद जगी है।

**वकील बोले- भरत एनकाउंटर के प्रत्यक्षदर्शियों के 164 के बयान दर्ज कराए जाएंगे:** वहीं भोजपुर एनकाउंटर मामले में भरत तिवारी के परिवार की ओर से पैरवी कर रहे वकील विष्णुधर पांडेय ने बताया कि आशा देवी, भरत के भाई और भाभी का न्यायालय में धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराया जा चुका है। आने वाले दिनों में घटना के प्रत्यक्षदर्शियों और अन्य ग्रामीणों के भी बयान दर्ज कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि परिवार की ओर से जब्त किए गए मोबाइल फोन को रिलीज कराने के लिए अदालत में याचिका दायर की जाएगी। उनका कहना है कि घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य मोबाइल में मौजूद हो सकते हैं। साथ ही भरत तिवारी का चश्मा भी पुलिस ने घटनास्थल से जब्त किया है।

## भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में छह गवाहों को समन



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर के बिलौटी गांव में 17 जून को हुए भरत भूषण तिवारी के कथित पुलिस एनकाउंटर मामले की न्यायिक जांच तेज हो गई है। राज्य सरकार की ओर से गठित न्यायिक जांच आयोग ने गवाहों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आयोग के अध्यक्ष एवं पटना हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज विनोद कुमार सिन्हा के निर्देश पर जगदीशपुर एसडीपीओ पंकज कुमार मिश्रा ने छह प्रमुख गवाहों को समन जारी किया है। इनमें मृतक भरत तिवारी के परिवार के चार सदस्य और जवइनिया गांव के दो प्रत्यक्षदर्शी शामिल हैं। सभी को निर्धारित तिथियों पर आरा स्थित आयोग के कार्यालय में अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है।

**भरत तिवारी के परिजन को बुलाया:** एसडीपीओ पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि बिलौटी गांव निवासी मृतक की मां आशा देवी, पिता काशीनाथ तिवारी, भाभी सुमन देवी और भाई चंदन तिवारी को 11 जुलाई को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन दिया गया है। वहीं, जवइनिया गांव के दो गवाहों को 13 जुलाई को बुलाया गया है। ये दोनों वर्तमान में पुनर्वास टाउनशिप में रह रहे हैं। आयोग ने सभी गवाहों से मामले से संबंधित तथ्य, घटनाक्रम और अपने-अपने पक्ष को विस्तार से रखने को कहा है, ताकि जांच निष्पक्ष एवं तथ्यों के आधार पर आगे बढ़ सके।

**आयोग के अध्यक्ष आरा पहुंचे थे:** आरा के जिला शिक्षा कार्यालय परिसर स्थित डीपीआरसी भवन में न्यायिक जांच आयोग का कार्यालय विधिवत कार्य करना शुरू कर चुका है। बुधवार को आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विनोद कुमार सिन्हा स्वयं आरा पहुंचे थे और कार्यालय का निरीक्षण करने के साथ जांच की तैयारियों की समीक्षा की थी। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया था कि आयोग का उद्देश्य मामले से जुड़े प्रत्येक पक्ष को सुनना और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच करना है। इसके बाद गवाहों को समन जारी किए जाने की कार्रवाई तेज कर दी गई।

**परिजन ने फर्जी मुठभेड़ बताया:** 17 जून को बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी को शाहपुर क्षेत्र में हुई कथित पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोली लगी थी। गंभीर रूप से घायल भरत की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों ने इसे फर्जी एनकाउंटर बताते हुए न्याय की मांग की, जबकि पुलिस ने इसे मुठभेड़ की कार्रवाई बताया था। मामले ने पूरे बिहार में राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर व्यापक चर्चा बटोरी, जिसके बाद राज्य सरकार ने पटना हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज विनोद कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया। अब आयोग की ओर से गवाहों के बयान दर्ज किए जाने की प्रक्रिया शुरू होने से जांच ने नया मोड़ ले लिया है। आने वाले दिनों में मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

## 16 जुआरी गिरफ्तार, 1.43 लाख कैश बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर के डुमरांव थाना क्षेत्र स्थित वर्षों से बंद पड़े संतोषी सिनेमा हॉल में संचालित अवैध जुआ के अड्डे पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 1.43 लाख से अधिक नकदी, 15 मोबाइल फोन, तीन मोटरसाइकिल, ताश की गड्डियां और अन्य सामान बरामद किया। कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। डुमरांव थाना पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

**गुप्त सूचना पर बनाई गई थी विशेष टीम:** डुमरांव थानाध्यक्ष संजय सिन्हा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि लंबे समय से बंद पड़े संतोषी सिनेमा हॉल परिसर में अवैध रूप से जुआ का खेल संचालित किया जा रहा है। सूचना का सत्यापन करने के बाद पुलिस ने



विशेष टीम का गठन किया और योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। पुलिस की टीम जैसे ही सिनेमा हॉल परिसर में पहुंची, वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। कई लोगों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी कर 16 लोगों को मौके से ही दबोच लिया।

**नकदी, मोबाइल और बाइक बरामद:** तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपितों के पास से 1 लाख 43 हजार 810 रुपए नकद, 15 मोबाइल फोन, तीन मोटरसाइकिल और ताश की कई गड्डियां बरामद कीं। पुलिस के अनुसार, बरामद ताश की गड्डियों का इस्तेमाल जुआ खेलने में किया जा रहा था। बरामद सामान को जब्त कर लिया गया है और उसे केस के साक्ष्य के रूप में सुरक्षित रखा गया है।

**जुआ संचालकों की तलाश में जुटी पुलिस:** थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस अवैध जुआ के अड्डे का मुख्य संचालक कौन है, इसमें और किन लोगों की भूमिका रही है और यह धंधा कब से संचालित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि पूछताछ और तकनीकी जांच के आधार पर मामले में अन्य आरोपितों की भी पहचान की जाएगी।

### पश्चिम बंगाल के नगर विकास मंत्री का बक्सर में स्वागत

**बक्सर।** पश्चिम बंगाल सरकार में नगर विकास मंत्री बनने के बाद पहली बार बक्सर के मिश्रवलिया गांव स्थित अपने ससुराल पहुंचे उमेश राय का पारंपरिक रीति-रिवाज और पूरे सम्मान के साथ भव्य स्वागत किया गया। गांव में उनके आगमन को लेकर उत्सव जैसा माहौल रहा। ससुराल पक्ष, ग्रामीणों और समर्थकों ने फूल-मालाओं, पुष्पवर्षा और पारंपरिक गीतों के साथ उनका अभिनंदन किया। मंत्री के स्वागत में बज रहे "दामाद जी अंगना हैं पधारे" गीत ने पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया। मंत्री के स्वागत के लिए गांव के लोग सुबह से ही उत्साहित नजर आए। बड़ी संख्या में ग्रामीण उनके स्वागत के लिए एकत्र हुए और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। सास ने उतारी आरती, परिवार ने पहनाई फूल-मालाएं मिश्रवलिया गांव पहुंचते ही उमेश राय का सबसे पहले उनकी सास ने आरती उतारकर स्वागत किया। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाईं और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सिमरिया सिक्स-लेन पुल पर एक्सपेंशन जॉइंट के तकनीकी अनुरक्षण का कार्य प्रगति पर, यातायात जारी

**पटना।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-31 के औंटा–सिमरिया (गंगा पुल एवं एप्रोच मार्ग) खंड पर स्थित सिमरिया सिक्स-लेन पुल के पियर P12 एवं P13A के बीच लगे प्रसार जोड़ (एक्सपेंशन जॉइंट) के प्रतिस्थापन का कार्य प्रगति पर है। यह कार्य भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे की तकनीकी निरीक्षण रिपोर्ट एवं विशेषज्ञों की अनुशंसाओं के आधार पर किया जा रहा है। एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी आर. वेंकटेश्वरलु ने बताया कि आईआईटी बॉम्बे द्वारा पुल का नियमित तकनीकी निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के बाद प्राप्त सुझावों के अनुसार पियर P12 एवं P13A के बीच स्थित प्रसार जोड़ (एक्सपेंशन जॉइंट) को बदला जा रहा है, ताकि पुल की दीर्घकालिक मजबूती और सुरक्षित संचालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रसार जोड़ पुल का एक महत्वपूर्ण तकनीकी भाग होता है, जो तापमान में बदलाव, वाहनों के भार तथा संरचनात्मक हलचलों के अनुसार पुल को आवश्यक लचीलापन प्रदान करता है। विशेषज्ञों के नियमित निरीक्षण के आधार पर आवश्यकता पड़ने पर ऐसे भागों का अनुरक्षण अथवा प्रतिस्थापन किया जाता है। यह आधुनिक पुलों के निवारक अनुरक्षण का अहम हिस्सा है, जिसका उद्देश्य संभावित समस्याओं का समय रहते समाधान कर पुल की सुरक्षा, स्थायित्व तथा सुगम और आरामदायक आवागमन सुनिश्चित करना है। क्षेत्रीय अधिकारी ने स्पष्ट किया कि वर्तमान अनुरक्षण कार्य पुल के केवल एक सीमित हिस्से तक ही सीमित है। मरम्मत के दौरान भी पुल पर वाहनों का आवागमन सामान्य रूप से जारी है तथा यातायात पर न्यूनतम प्रभाव सुनिश्चित करते हुए सभी निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है। कार्य पूरा होने के बाद यातायात पूरी तरह सामान्य रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की सर्वोच्च प्राथमिकता सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा तथा राष्ट्रीय राजमार्ग परिसंपत्तियों की दीर्घकालिक विश्वसनीयता बनाए रखना है। इसी उद्देश्य से प्रमुख पुलों एवं अन्य संरचनाओं का नियमित तकनीकी निरीक्षण कराया जाता है और विशेषज्ञों की अनुशंसाओं के आधार पर समयबद्ध अनुरक्षण कार्य किए जाते हैं।

### स्टेम सेल और पुनर्योजी चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य : प्रो. शरद कुमार यादव

**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय (एकेयू) के स्टेम सेल प्रौद्योगिकी एवं पुनर्योजी चिकित्सा विद्यालय द्वारा शुक्रवार को "स्टेम सेल प्रौद्योगिकी के युग में मानव उपयोग के लिए सूअर के अंगों का पर-प्रजातीय प्रत्यारोपण" विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने कहा कि स्टेम सेल प्रौद्योगिकी और पुनर्योजी चिकित्सा आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य हैं। उन्होंने विद्यार्थियों और शोधार्थियों से वैज्ञानिक सोच, नवाचार और बहुविषयक अनुसंधान को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इन उन्नत तकनीकों के माध्यम से चिकित्सा विज्ञान में नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में स्टेम सेल प्रौद्योगिकी, जीन संपादन और पुनर्योजी चिकित्सा गंभीर बीमारियों के उपचार तथा अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती हैं। व्याख्यान के दौरान इन क्षेत्रों में हो रहे नवीनतम शोध और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के सलाहकार एवं विभागाध्यक्ष डॉ. एच.एन. दिवाकर के स्वागत भाषण से हुई। मुख्य वक्ता बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अनुसंधान निदेशक प्रो. (डॉ.) नरेश कुमार सिंह ने पर-प्रजातीय अंग प्रत्यारोपण (ज़ेनो-ट्रांसप्लांटेशन) की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आनुवंशिक रूप से संशोधित सूअर के अंग भविष्य में मानव अंगों की बढ़ती मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रो. सिंह ने स्टेम सेल प्रौद्योगिकी, जीन संपादन और पुनर्योजी चिकित्सा के क्षेत्र में हो रही वैज्ञानिक प्रगति तथा अंग प्रत्यारोपण में इन तकनीकों की उपयोगिता पर भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में उप-कुलसचिव डॉ. कुमारी अंजना, संकाय सदस्य डॉ. प्रियंका कृति नारायण, डॉ. श्वेता सिन्हा, डॉ. सुशांत कुमार सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। महावीर कैंसर संस्थान, पटना के विद्यार्थियों ने भी व्याख्यान में भाग लिया। व्याख्यान के बाद आयोजित संवादात्मक सत्र में प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से स्टेम सेल प्रौद्योगिकी, जीन संपादन और अंग प्रत्यारोपण से जुड़े विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर प्रश्न पूछे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर डॉ. एच.एन. दिवाकर ने मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) नरेश कुमार सिंह को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

### वैशाली पुलिस ने पकड़ी 50 लाख की शराब

**हाजीपुर।** वैशाली पुलिस को 'ऑपरेशन नीलकंठ' के तहत एक बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाना क्षेत्र में की गई छापेमारी में पुलिस ने लगभग 50 लाख रुपए मूल्य की विदेशी शराब की एक बड़ी खेप जब्त की है। पुलिस और मद्य निषेध विभाग की टीम ने एक ट्रक को पकड़ा, जिसमें शराब को बेहद चालाकी से छिपाया गया था। ट्रक के ऊपरी हिस्से में जीरा पानी की बोतलें रखी हुई थीं, जबकि उनके नीचे भारी मात्रा में विदेशी शराब की पेटियां थीं। एसपी शुभांक मिश्रा ने बताया कि ट्रक से कुल 6132 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है। हालांकि, छापेमारी के दौरान ट्रक का चालक और खलासी मौके से फरार होने में सफल रहे। पुलिस ने इस शराब खेप को मंगवाने वाले जिले के दो बड़े शराब माफियाओं, विपिन सिंह और पंकज ठाकुर की पहचान कर ली है। इन दोनों माफियाओं सहित फरार चालक और खलासी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस दोनों मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

### वैशाली पुलिस ने 4 चोरी की बाइक बरामद की

**हाजीपुर।** वैशाली पुलिस ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। इस मामले में एक कबाड़ी दुकानदार सहित तीन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई वैशाली थाना क्षेत्र से की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में छोटू कुमार, सुजीत राय और कबाड़ी दुकानदार गंगा साह शामिल हैं। पुलिस ने गंगा साह की कबाड़ी दुकान से कुल चार मोटरसाइकिलें बरामद कीं। इनमें प्राथमिकी में दर्ज तीन मोटरसाइकिलें और एक अतिरिक्त अपाचे मोटरसाइकिल शामिल है, जिसके संबंध में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने बताया कि वैशाली पुलिस चोरी हुई मोटरसाइकिलों की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई कर रही थी। यह मामला नंदलालपुर निवासी ओमप्रकाश तिवारी द्वारा अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत के बाद दर्ज किया गया था। ओमप्रकाश तिवारी ने बीते बुधवार को वैशाली थाने में आवेदन दिया था। त्वरित अनुसंधान, तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस ने इस गिरोह का पर्दाफाश किया। गिरफ्तार अभियुक्तों छोटू कुमार और सुजीत राय से गहन पूछताछ की गई। उनकी निशानदेही और स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई, जिसके परिणामस्वरूप चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद हुईं।

### मुजफ्फरपुर में आपसी रंजिश में गोलीबारी

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के आपसी रंजिश के चलते एक युवक को गोली मार दी गई। घायल को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पीड़ित की पहचान मीनापुर के प्रसाद गांव का निवासी मो. अफरोज(20) के तौर पर हुई है। घटना कांटी थाना क्षेत्र के कोठिया की है। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। डीएसपी पश्चिमी सुचित्रा कुमारी ने बताया कि अफरोज के पैर में गोली लगी है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि जुनैद और उसके साथियों ने अफरोज को गोली मारी है। इन दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसमें पहले चाकूबाजी की घटना भी हो चुकी है। घायल अफरोज ने बताया कि गांव के ही एक युवक से उसका वर्ष 2024 से मारपीट को लेकर विवाद चल रहा है। इस मामले में वह पहले जेल भी जा चुका है। जेल से निकलने के बाद उसने मजार पर चादरपोशी की मन्नत मांगी थी। गुरुवार को चादरपोशी करके लौट रहा था और अगले दिन काम के सिलसिले में बाहर जाने वाला था। इसी दौरान दो युवकों ने उसे घेर लिया और फायरिंग कर दी। गोली उसके बाएं पैर में लगी, जिससे वह सड़क पर गिर गया।

# पटना रिंग रोड टाउनशिप योजना के विरोध में किसानों का प्रदर्शन

## प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मसौढ़ी।** प्रस्तावित पटलिपुत्र (पटना) रिंग रोड टाउनशिप योजना के विरोध में शुक्रवार को बड़ी संख्या में किसानों ने मसौढ़ी प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। किसानों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) के माध्यम से प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए लैंड पूलिंग नीति पर आपत्ति जताई और इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार लैंड पूलिंग के माध्यम से उनकी कृषि भूमि लेकर निजी कंपनियों और बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने की तैयारी कर रही है। उनका कहना है कि इससे किसानों के सामाजिक, संवैधानिक और कानूनी अधिकार प्रभावित होंगे तथा उनकी आजीविका पर भी संकट खड़ा हो जाएगा।

किसानों ने कहा कि टाउनशिप, सड़क, बिजली, अस्पताल और अन्य विकास परियोजनाओं के नाम पर उपजाऊ कृषि भूमि का अधिग्रहण कर उसे निजी कंपनियों को सौंपने की योजना बनाई जा रही है। उनका आरोप है कि एक ओर सरकार किसानों की आय बढ़ाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर उनकी जमीन छीनने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि कोई किसान आर्थिक तंगी के कारण अपनी जमीन बेचना चाहता है तो उस पर भी सरकार द्वारा रोक लगाने की बात कही जा रही है। किसानों ने इसे अलोकतांत्रिक बताते हुए कहा कि यह उनके संवैधानिक अधिकारों का हनन है।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार से जनविरोधी नीतियों पर पुनर्विचार करने तथा किसानों के हितों और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर जयपति नारायण सिन्हा, संजय कुमार सिंह, कराय पंचायत के मुखिया एवं मुखिया संघ के अध्यक्ष पिंकू कुमार, अनिल कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार सिंह, महेश प्रसाद सिंहा, नवनीत कुमार, पंकज कुमार सिंह, राजेश सिंह, मनीष कुमार पटेल, अमित पटेल, मंटू कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संगीत शिक्षक के अभाव में सरकारी स्कूलों के म्यूजिक सिस्टम बने शोपीस



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी।** सरकारी विद्यालयों में बच्चों की सांस्कृतिक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से उपलब्ध कराए गए म्यूजिक सिस्टम का समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है। मसौढ़ी प्रखंड के कई प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में संगीत शिक्षक नहीं होने के कारण लाखों रुपये की लागत से लगाए गए म्यूजिक सिस्टम शोपीस बनकर रह गए हैं। इससे छात्र-छात्राएं नियमित संगीत शिक्षा से वंचित हैं। इस स्थिति का एक उदाहरण प्राथमिक विद्यालय, मिरचक में देखने को मिल रहा है। विद्यालय में म्यूजिक सिस्टम उपलब्ध होने के बावजूद संगीत शिक्षक के अभाव में नियमित संगीत कक्षाओं का संचालन नहीं हो रहा है। परिणामस्वरूप उपकरणों का उपयोग केवल स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, वार्षिकोत्सव और अन्य विशेष अवसरों तक ही सीमित होकर रह गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार ने विद्यालयों में आधुनिक संसाधन तो उपलब्ध करा दिए हैं, लेकिन प्रशिक्षित संगीत शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने से इनका उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। लंबे समय से उपकरण बिना नियमित उपयोग के पड़े रहने से उनके खराब होने की भी आशंका बनी हुई है। अभिभावकों और ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि विद्यालयों में जल्द से जल्द संगीत शिक्षकों की नियुक्ति की जाए, ताकि सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधनों का प्रभावी उपयोग हो सके और बच्चों को संगीत शिक्षा के साथ-साथ उनकी सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतिभा को विकसित करने का अवसर मिल सके।

## जमीन विवाद में हथियार लहराना पड़ा महंगा, देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

### धनरूआ के रसलपुर गांव में पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

मसौढ़ी। पटना जिले के धनरूआ थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव में जमीन विवाद के दौरान अवैध हथियार का प्रदर्शन करना एक युवक को महंगा पड़ गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को एक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रसलपुर गांव निवासी कपिल प्रसाद के पुत्र जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, रसलपुर गांव में जमीन विवाद की सूचना मिलने पर धनरूआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान आरोपी अवैध हथियार का प्रदर्शन करता मिला। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर थाने ले आई। मामले में उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। धनरूआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## डीडीयू मंडल संसदीय समिति की बैठक में रेल विकास और यात्री सुविधाओं पर मंथन, सांसदों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

♦ आधारभूत संरचनाओं के कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर, अमृत भारत स्टेशन योजना और नई परियोजनाओं की प्रगति की दी गई जानकारी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**हाजीपुर।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मंडल की मंडल संसदीय समिति की बैठक शुक्रवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, डीडीयू के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने की। इसमें डीडीयू मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदों एवं उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया और रेल विकास, यात्री सुविधाओं तथा आधारभूत संरचना से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने सुझाव दिए। बैठक में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, डीडीयू मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना सहित मुख्यालय एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह, काराकाट के सांसद राजा राम सिंह, आरा के सांसद सुदामा प्रसाद, सासाराम के सांसद मनोज कुमार, औरंगाबाद के सांसद अभय कुमार सिन्हा तथा राज्यसभा सांसद साधना सिंह ने भाग लिया। इसके अलावा केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री तथा गया के सांसद जीतन राम मांझी के प्रतिनिधि राजेश कुमार पांडेय, बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह के प्रतिनिधि अजीत कुमार तथा राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह के प्रतिनिधि विवेकानंद केसरी भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक के दौरान सांसदों ने रेल विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार, सुरक्षा, आधारभूत संरचना के विकास तथा लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर जोर दिया। साथ ही भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सभी सांसदों एवं उनके प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि संसदीय समिति की बैठक रेलवे और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त सुझाव रेलवे की सेवाओं में और अधिक सुधार लाने में सहायक होंगे। महाप्रबंधक ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में डीडीयू मंडल की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि मंडल ने 92 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों का सफल परिचालन किया। परिचालन क्षमता बढ़ाने की दिशा में डीडीयू-मानपुर रेलखंड पर 180 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से सफल परीक्षण किया गया। इसके अलावा 4.5 किलोमीटर लंबी 'रुद्रास्त्र' मालगाड़ी का सफल संचालन भी किया गया, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। उन्होंने बताया कि वैगन रखरखाव के क्षेत्र में दिसंबर माह के दौरान 905 वैगनों की रूटीन ओवरहॉलिंग कर भारतीय रेल में सर्वाधिक मासिक रिकॉर्ड स्थापित किया गया। इससे मालगाड़ियों की उपलब्धता और विश्वसनीयता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। महाप्रबंधक ने यह भी बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत डीडीयू मंडल के 15 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं, विश्वस्तरीय आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त गया रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य भी तेजी से प्रगति पर है। बैठक के अंत में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सांसदों द्वारा दिए गए सुझावों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन सुझावों के आधार पर भविष्य में रेल विकास की योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया

## कार्य के दौरान मौत के बाद आश्रितों को ईएसआईसी का सहारा, परिवार को मिलेगी 8,430 मासिक पेंशन

♦ कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने स्व. रिंकी देवी के आश्रितों को सौंपा आश्रित हितलाभ, करीब 1.85 लाख का बकाया भी किया स्वीकृत



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), बिहार क्षेत्र द्वारा शुक्रवार को आयोजित एक सादे समारोह में कार्य के दौरान दुर्घटना में दिवंगत हुई बीमित कर्मचारी स्व. रिंकी देवी के आश्रित परिवार को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के तहत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर ईएसआईसी बिहार के क्षेत्रीय निदेशक सीए. निरंजन कुमार ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हितलाभ से संबंधित दस्तावेज सौंपे। स्व. रिंकी देवी फायरमैक्स टेक्निकल सर्विसेज के अंतर्गत कंकड़बाग (पटना) में हाउसकीपर के पद पर कार्यरत थीं। उनकी 23 जुलाई 2024 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण मृत्यु हो गई थी। परिवार की आजीविका पूरी तरह उन्हीं पर निर्भर थी। ईएसआईसी ने नियोजक द्वारा भेजी गई दुर्घटना रिपोर्ट की जांच के बाद उनकी आश्रित पुत्रियां रिया कुमारी, विधा कुमारी और नव्या कुमारी तथा पुत्र कृष कुमार और टाइगर कुमार के लिए मासिक आश्रित पेंशन स्वीकृत की है। निगम के अनुसार आश्रितों को 281 रुपये प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह 8,430 रुपये की पेंशन मिलेगी। इसके अलावा दुर्घटना की तिथि से अब तक का लगभग 1,85,460 रुपये बकाया भी उनके बैंक खाते में हस्तांतरित किया जा रहा है। इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के तहत कार्यस्थल पर अथवा कार्यस्थल और निवास के बीच आवागमन के दौरान हुई दुर्घटना को रोजगार चोट माना जाता है।

ऐसी स्थिति में यदि बीमित कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो उसके आश्रितों को ईएसआई योजना के तहत कर्मचारी के वेतन का 90 प्रतिशत तक मासिक आश्रित पेंशन प्रदान करने का प्रावधान है। समारोह में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के सहायक निदेशक (हितलाभ) अशोक कुमार भी उपस्थित रहे।

## धनरूआ में घर पर छापेमारी, 5.100 किलो गांजा बरामद; आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी।** पटना जिले के धनरूआ थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक घर में छापेमारी कर 5.100 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने बरामद गांजा जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया है। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना मिली थी कि धनरूआ थाना क्षेत्र के सिम्हारी खुर्द गांव स्थित एक घर में अवैध रूप से गांजा रखा गया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित घर में छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर से 5.100 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। हालांकि, छापेमारी के दौरान आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने सिम्हारी खुर्द गांव निवासी स्वर्गीय अमीरका प्रसाद के पुत्र अजीत कुमार के विरुद्ध मादक पदार्थ एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, आरोपी की जल्द गिरफ्तारी कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा तथा मामले में विधि सम्मत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्टेशन रोड से 20 कैरेट आम चोरी, फल व्यवसायी को 25 हजार रुपये का नुकसान

### देर रात काली स्थान के पास वारदात, पुलिस ने शुरू की जांच; सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही टीम

**मसौढ़ी।** नगर मुख्यालय के स्टेशन रोड स्थित काली स्थान के समीप गुरुवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक फल व्यवसायी के 20 कैरेट आम चोरी कर लिए। चोरी गए आम की कीमत करीब 25 हजार रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार ने थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ओमप्रकाश साव ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह काली स्थान के समीप फल की दुकान लगाते हैं। गुरुवार रात दुकान बंद करने के बाद उन्होंने 20 कैरेट आम को तिरपाल से ढंककर दुकान के पास सुरक्षित रख दिया था। शुक्रवार सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे तो वहां रखे सभी आम के कैरेट गायब मिले। काफी खोजबीन के बाद भी आम का कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। पीड़ित व्यवसायी के अनुसार चोरी की इस घटना से उन्हें लगभग 25 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने अज्ञात चोरों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित का आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों की पहचान कर जल्द उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।

## पालीगंज में बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, पांच आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पालीगंज/पटना।** पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत दुल्हिनबाजार थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले एक सक्रिय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी की दो मोटरसाइकिल और एक समरसेबल मोटर बरामद की है। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और चोरी के नेटवर्क की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार, दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लगातार बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुकरी बीघा और पाठक मिल्की गांव में चोरी का सामान छिपाकर रखा गया है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विकास कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों गांवों में छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान पहले पाठक मिल्की गांव से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने कुकरी बीघा गांव में छापेमारी कर तीन अन्य आरोपियों को भी दबोच लिया। इस तरह कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल और एक समरसेबल मोटर बरामद की। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि गिरोह चोरी की गई मोटरसाइकिलों को कम कीमत पर दूसरे जिलों में बेच देता था। थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस उनके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने और यह पता लगाने में जुटी है कि गिरोह ने किन-किन इलाकों से वाहन चोरी किए तथा अब तक कितनी चोरी की मोटरसाइकिलों की खरीद-बिक्री की है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# डिजिटाइज़ेशन का काम जिन इलाकों में धीमा है, वहां कैंप लगाकर तेज़ी लाएं : के. रवि कुमार

एजेंसी। रांची



झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने कहा कि राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराया जा रहा है। सभी पात्र मतदाता फॉर्म को सही जानकारी के साथ भरकर हस्ताक्षर करें और यथाशीघ्र बीएलओ को वापस सौंप दें, ताकि पुनरीक्षण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जा सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (ईआरओ), सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (एईआरओ), उप निर्वाचन पदाधिकारियों, कंप्यूटर ऑपरेटरों तथा बीएलओ सुपरवाइजरों के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में इन्यूमरेशन फॉर्म के डिजिटाइजेशन का कार्य अपेक्षाकृत धीमा है, वहां विशेष शिविर आयोजित कर प्रक्रिया में तेजी लाई जाए, ताकि निर्धारित समय के भीतर सभी फॉर्म ऑनलाइन दर्ज किए जा सकें। के. रवि कुमार ने स्पष्ट किया कि इन्यूमरेशन फॉर्म केवल पात्र भारतीय नागरिकों द्वारा ही भरा जाना है। अपात्र व्यक्तियों या विदेशी नागरिकों को यह फॉर्म नहीं भरना चाहिए। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-31 के तहत किसी विदेशी नागरिक द्वारा अवैध रूप से फॉर्म भरना, गलत या भ्रामक जानकारी देना अथवा बिना हस्ताक्षर के फॉर्म जमा करना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। इस दौरान एएसडीडी सूची को सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाया जाए, ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बनी रहे और मतदाताओं की शंकाओं का मौके पर ही समाधान किया जा सके। उन्होंने बताया कि इन्यूमरेशन फॉर्म भरने से जुड़े सभी तकनीकी और प्रक्रियागत पहलुओं पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यदि किसी मतदाता को फॉर्म भरने में कठिनाई होती है तो वह अपने क्षेत्र के बीएलओ या स्वयंसेवकों से सहायता प्राप्त कर सकता है। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से तैयार एआई आधारित वीडियो ट्यूटोरियल भी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराए गए हैं, जिनकी सहायता से मतदाता पूरी प्रक्रिया को आसानी से समझ सकते हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि फॉर्म के मैपिंग कॉलम में वही जानकारी दर्ज की जाए, जो पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण के अभिलेखों में उपलब्ध है। के. रवि कुमार ने बताया कि बीएलओ प्रत्येक मतदाता को इन्यूमरेशन फॉर्म की दो प्रतियां उपलब्ध करा रहे हैं। फॉर्म के ऊपरी भाग में संबंधित बीएलओ का नाम और मोबाइल नंबर अंकित है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर मतदाता सीधे उनसे संपर्क कर सकें। फॉर्म के पहले भाग में मतदाता का नाम, ईपीआईसी नंबर, पता, भाग संख्या, विधानसभा क्षेत्र और राज्य का नाम पहले से मुद्रित है। इसके साथ एक यूनिक क्यूआर कोड तथा पूर्व में दर्ज फोटो भी उपलब्ध है। मतदाता को निर्धारित स्थान पर अपनी नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकानी होगी। आवश्यकता पड़ने पर बीएलओ अपने मोबाइल एप के माध्यम से नई फोटो भी अपलोड कर सकते हैं। दूसरे भाग में मतदाता को अपनी जन्मतिथि और अन्य विवरण निर्धारित प्रारूप के अनुसार भरने होंगे। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी, ईआरओ, एईआरओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर और बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रांची समाहरणालय में तीन और लिफ्ट शुरू, अब कुल आठ लिफ्टों से मिलेगी सुविधा

**रांची।** रांची समाहरणालय आने वाले आम लोगों और विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बहुमंजिला समाहरणालय भवन में शुक्रवार को तीन और अत्याधुनिक लिफ्टों का शुभारंभ किया गया। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने ब्लॉक-ए में दो तथा ब्लॉक-बी में एक नई लिफ्ट का उद्घाटन किया। इसके साथ ही समाहरणालय परिसर में संचालित लिफ्टों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है। इससे पहले भवन में पांच नई लिफ्टें शुरू की गई थीं। उद्घाटन के अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि समाहरणालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग विभिन्न सरकारी कार्यों के लिए आते हैं। भवन की ऊपरी मंजिलों पर स्थित कार्यालयों तक पहुंचने में विशेषकर बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, महिलाओं और अन्य आगंतुकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नई लिफ्टों के शुरू होने से लोगों को राहत मिलेगी और विभिन्न विभागों तक पहुंच पहले की तुलना में अधिक आसान एवं तेज होगी। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन समाहरणालय में आधारभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार कर रहा है, ताकि आम नागरिकों को बेहतर और सुगम प्रशासनिक सेवाएं मिल सकें। नई लिफ्टों से अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच विभागीय आवागमन भी सुगम होगा, जिससे कार्य निष्पादन की गति में सुधार आएगा। समाहरणालय में स्थापित सभी नई लिफ्टें अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित हैं। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत, अपर समाहर्ता (विधि-व्यवस्था) धनंजय, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी, आईटीडीए परियोजना निदेशक मनीषा तिर्की, नजारत उप समाहर्ता डॉ. सुदेश कुमार, स्थापना उप समाहर्ता ज्योति वंदना कुजूर, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, विद्युत कार्यपालक अभियंता जयकांत कुमार सहित समाहरणालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### झारखंड में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मजबूत इकोसिस्टम बनाएगी सरकारः शिल्पी नेहा तिर्की

**रांची!** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड को कृषि निर्यात में अग्रणी राज्य बनाने के लिए मजबूत निर्यात आपूर्ति श्रृंखला विकसित करेगी। आज APEDA के प्रतिनिधिमंडल से शिष्टाचार भेंट में मंत्री को बताया गया कि 2026 में पूर्वी सिंहभूम, लोहरदगा, सिमडेगा, गुमला और देवघर से आम का लंदन, दुबई में सफल निर्यात हुआ। इसके अलावा लॉन्ग बीन्स, अरबी, भिंडी, जिमीकंद दुबई, कतर, मलेशिया, सिंगापुर और गैर-बासमती चावल रूस, बेनिन, आइवरी कोस्ट, टोगो को भेजा जा रहा है। मंत्री ने कहा कि किसानों, FPO, निर्यातकों और सरकारी विभागों के बीच समन्वित मॉडल बनाया जाएगा। किसानों से लेकर अंतरराष्ट्रीय बाजार तक उत्पादों की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जल्द ही राज्य स्तरीय हितधारक बैठक बुलाने की घोषणा की, जिसमें APEDA, विभागों और निर्यातकों के साथ मिलकर कृषि निर्यात को नई गति देने की कार्ययोजना तैयार होगी।

### अग्रसेन पथ के श्री श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया योगिनी एकादशी उत्सव

**रांची!** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को योगिनी एकादशी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र व स्वर्ण आभूषणों से सजाकर रजनीगंधा, गुलाब, बेला व तुलसी की मालाओं से विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर में विराजमान शिव परिवार और बजरंगबली का भी श्रृंगार हुआ। रात्रि 9 बजे जयकारों के बीच पावन ज्योत प्रज्वलित की गई। "हारे का सहारा है बाबा श्याम हमारा" सहित भजनों पर भक्तगण देर रात तक झूमते रहे। प्रभु को मिष्ठान, फल, मेवा और केसरिया दूध का भोग लगाया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन में गोपी किशन ढांढनीयाँ, ओम जोशी, रमेश सारस्वत सहित कई भक्तों का विशेष सहयोग रहा।

### रांची समाहरणालय में 3 नई आधुनिक लिफ्ट शुरू, कुल 8 लिफ्ट अब कार्यरत

**रांची!** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने आज समाहरणालय रांची के ब्लॉक-ए में 2 और ब्लॉक-बी में 1 अतिरिक्त आधुनिक लिफ्ट का शुभारंभ किया। इसके साथ ही समाहरणालय में अब कुल 8 लिफ्ट संचालित हो रही हैं। उपायुक्त ने कहा कि नई लिफ्ट सुविधा से आम नागरिकों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और महिलाओं को ऊपरी मंजिलों के कार्यालयों तक पहुंचने में काफी राहत मिलेगी। ये लिफ्ट अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं। इनमें "सेल्फ रेस्क्यू" प्रणाली लगी है जो बिजली जाने पर लिफ्ट को नजदीकी मंजिल पर लाकर लोगों को सुरक्षित बाहर निकालती है। उपायुक्त ने अधिकारियों को लिफ्टों के नियमित रख-रखाव और सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एसडीओ सदर कुमार रजत, एडीएम धनंजय सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### समाहरणालय कर्मियों ने नियमावली संशोधन पर मुख्यमंत्री को जताया आभार

**रांची!** समाहरणालय रांची के कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने आज जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम धन्यवाद पत्र सौंपा। कर्मियों ने समाहरणालय संवर्ग के लिपिकों की संशोधित नियुक्ति एवं प्रोन्नति नियमावली अधिसूचित किए जाने पर आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाने में वे पूर्ण निष्ठा के साथ योगदान देते रहेंगे।

## झारखंड में 13 और 14 जुलाई को भारी बारिश की चेतावनी

एजेंसी। रांची



झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक मानसून सक्रिय रहने के आसार हैं। मौसम विभाग ने 13 और 14 जुलाई को राज्य के विभिन्न जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके साथ ही 17 जुलाई तक राज्यभर में गर्जन, वज्रपात और वर्षा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, 13 जुलाई को राज्य के उत्तर-पूर्वी, उससे सटे मध्यवर्ती तथा दक्षिण-पूर्वी जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। वहीं 14 जुलाई को उत्तर-पश्चिमी और मध्यवर्ती जिलों में भारी बारिश की संभावना है। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने तथा वज्रपात की आशंका को देखते हुए सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। विभाग के मुताबिक, 17 जुलाई तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में रुक-रुक कर वर्षा, मेघगर्जन और तेज हवाओं के साथ वज्रपात की स्थिति बनी रह सकती है। लगातार बारिश के कारण कुछ स्थानों पर जलभराव तथा स्थानीय स्तर पर यातायात प्रभावित होने की भी आशंका जताई गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सर्वाधिक 75.5 मिलीमीटर वर्षा चतरा जिले के हंटरगंज में दर्ज की गई। इसी अवधि में सबसे अधिक तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस बोकारो में तथा सबसे कम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रांची के नामकुम में रिकॉर्ड किया गया। अन्य प्रमुख शहरों में जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री और न्यूनतम 27.2 डिग्री सेल्सियस, डाल्टनगंज का अधिकतम 32.6 डिग्री और न्यूनतम 25.7 डिग्री सेल्सियस, बोकारो का अधिकतम 33.5 डिग्री और न्यूनतम 26.6 डिग्री सेल्सियस तथा चाईबासा का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री और न्यूनतम 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने विशेष रूप से किसानों तथा खुले स्थानों पर कार्य करने वाले लोगों से मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने की अपील की है। विभाग ने सलाह दी है कि गर्जन और वज्रपात के दौरान पेड़ों के नीचे या खुले मैदानों में शरण लेने से बचें तथा सुरक्षित स्थानों पर ही रहें।

## वाईबीएन विश्वविद्यालय की शासी निकाय बैठक में कई अहम निर्णय, दीक्षांत समारोह को मिली मंजूरी

एजेंसी। रांची




**रांची!** वाईबीएन विश्वविद्यालय की 10वीं शासी निकाय की बैठक कुलाधिपति बैद्यनाथ यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कुलपति प्रो. सत्यदेव पोद्दार, कुलसचिव डॉ. दीप्ति भार्गव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में शैक्षणिक एवं संस्थागत विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। पात्र शिक्षकों को CAS के तहत पदोन्नति, नए शिक्षकीय पदों का सृजन, नए पाठ्यक्रमों और विद्यालयों की शुरुआत को स्वीकृति दी गई। इसके अलावा शैक्षणिक सत्र 2026-27 का बजट पास किया गया, शिक्षकों-कर्मचारियों की वेतनवृद्धि, आधारभूत संरचना व प्रयोगशालाओं के विकास, शोध प्रकाशन प्रोत्साहन योजना और महिला कारीगरों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम को हरी झंडी मिली। शासी निकाय ने विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह के आयोजन को भी मंजूरी दी। निकाय ने शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान और समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

## SIR कार्य में लापरवाही पर रांची प्रशासन सख्त, BLO और सुपरवाइजर पर कार्रवाई की चेतावनी



एजेंसी। रांची

**रांची!** विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्य में लापरवाही बरतने वाले BLO और BLO सुपरवाइजर पर कार्रवाई तय है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने समीक्षा बैठक में चिन्हित कर्मियों पर निलंबन, कानूनी और विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि SIR सर्वोच्च प्राथमिकता का काम है और इसमें किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी ERO/AERO को 14 जुलाई तक बूथ स्तर पर BLO और BLO-2 की बैठक सह चुनावी पाठशाला आयोजित करने को कहा गया। जिले में अब तक कुल 15,69,153 (58.67%) Enumeration Form वितरित और 3,49,404 (13.06%) फॉर्म डिजिटाइज्ड किए जा चुके हैं। तमाड़ में 79.74% और सिल्ली में 79.34% फॉर्म वितरित हुए, जबकि डिजिटाइजेशन तमाड़ में 18.08% और सिल्ली में 19.99% है। रांची और हटिया में वितरण और डिजिटाइजेशन की गति सबसे कम रही। उपायुक्त ने मतदाताओं से अपील की कि भरे हुए फॉर्म जल्द से जल्द BLO के पास जमा करें। शिकायत के लिए जिला प्रशासन का हेल्पलाइन नंबर 9430328080 भी जारी किया गया।

## कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 11/2026–27

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑंव।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 20.07.2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समयः– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक 21.07.2026 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समयः– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक 21.07.2026 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणीः–

| क0. सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 08 | नागरिक सुविधा | Rcc drain from muslim khan house to nasruddin khan at ward-08 | 359500 | 1000 | 7200 | 45 दिन |
| 02 | 08 | नागरिक सुविधा | Rcc drain from main road to parmeshwar pathak house at ward-08 | 371800 | 1000 | 7500 | 45 दिन |
| 03 | 01 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab from Krishna Ram house to Jagarnath Chandrawanshi Land at ward no 01 | 732000 | 5000 | 14700 | 45 दिन |
| 04 | 01 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with Slab from Satendra Ram house to Krishna Ram house at ward no 01 | 732000 | 5000 | 14700 | 45 दिन |
| 05 | 05 | नागरिक सुविधा | Repair of RCC drain from Bus Stand to old Hospital at ward no 05 | 574100 | 5000 | 11500 | 45 दिन |
| 06 | 05 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab From Chandravanshi Tola main road to Rauph Ansari house at ward no 05 | 596200 | 5000 | 12000 | 45 दिन |
| 07 | 06 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab from Mandip Singh house to Damodar Soni house. | 874700 | 5000 | 17500 | 45 दिन |
| 08 | 06 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab from Ramesh Chaudhary house to Dukhan Chaudhary house. | 702800 | 5000 | 14100 | 45 दिन |
| 09 | 06 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain with slab from Dukhan Chaudhary house to Purushottam General Store. | 739800 | 5000 | 15000 | 45 दिन |
| 10 | 09 | नागरिक सुविधा | Construction of RCC drain from Nagendra Pandey house to Vijay Pandey house. | 998500 | 5000 | 20000 | 45 दिन |

नोट :– विस्तृत सूचना एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

PR.NO.384610 Urban Development(26-27):D

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑंव।

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
### BUILDING DIVISION, DALTONGANJ

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Ref. No.-07/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2026-27**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 25.07.2026 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 27.07.2026 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of. Sealed tenders :- 27.07.2026 From 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj. 2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle - No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | E/R repair of 2 Nos Bathroom in Quarter no F3 in Judicial colony Daltonganj, palamu. For the Year 2026 -27 | 2,47,700.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 2 | Repair and Painting of colony no. SC/B/15 and tiles, sliding and miscellaneous work at sadik chowk at Daltonganj, Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,43,900.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 3 | Installation of Deep Bore well with Submersible in E-02 Quarter In Sichai Colony, Daltonganj, Palamu. For the Year 2026-27 | 2,45,500.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 4 | E/R of Repair and Painting of Quarter No D-05, Irrigation Colony at Daltonganj, Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,20,600.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 5 | E/R Renovation Of Quarter- NTN/C/06, at Officer Colony, Nawatoli, Daltonganj, Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,39,500.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 6 | E/R of Gate, Shed and Window at DDC Residence , Daltonganj, Dist:- Palamu. For the Year 2026 -27 | 1,57,900.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 7 | Repair and Painting of colony no. SC/B/16 and miscellaneous work at sadik chowk at Daltonganj, Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,47,200.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 8 | Repair and Installation of Deep Bore well with Submersible in the old quarter no. B4 at Nawatoli Daltonganj. For the Year 2026 -27 | 2,48,300.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 9 | Repair and Painting of colony no.NTN/B/02 at nawatoly at Daltonganj, Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,47,824.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 10 | Repair and Painting of colony no.NTN/B/05 at nawatoly at Daltonganj, Palamu.For Year 2025 -26 | 2,46,125.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 11 | Repair and Painting of colony no.NTO/B/05 at nawatoly at Daltonganj, Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,49,598.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 12 | E/R of Conference hall and CCTV room bathroom in Civil Court Building, Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,47,900.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 13 | E/R of Shushila Soreng ma'am and Akhilesh Sir Chamber Bathroom in Civil Court Building, Palamu. For the Year 2026-27 | 2,46,350.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 14 | Painting Work of DC Residence, Daltonganj, Dist: - Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,45,200.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 15 | Renovation of Conference hall Bathrooms, Railing and Miscellaneous work in Collectorate Building, Daltonganj, Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,35,500.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 16 | Painting Work of DDC Residence, Daltonganj, Dist: - Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,36,700.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 17 | Repair and putty/Painting of colony no.SC/C/14 and miscellaneous work at Sadik chowk at Daltonganj, Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,48,100.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 18 | E/R of Rashmi Chandel (JMFC) Chambers and bathroom of Fast track Court Building at Civil Courts, Palamu at Daltonganj. For the Year 2026 -27 | 2,36,400.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 19 | E/R of Pratik Chaturvedi (ADJ-II) Chambers and bathroom of Fast track Court Building at Civil Courts, Palamu at Daltonganj. For the Year 2026 -27 | 2,44,800.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 20 | E/R of Rajesh Mishra (ADJ-VI) Chambers and bathroom of Fast track Court Building at Civil Courts, Palamu at Daltonganj. For the Year 2026 -27 | 2,32,300.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 21 | E/R of Rojleena Bara (Judge) Chamber and bathroom in Civil Courts Building, Palamu at Daltonganj. For the Year 2026-27 | 2,35,700.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 22 | E/R of POCSO Chamber and bathroom in Civil Courts Building, Palamu at Daltonganj. For the Year 2026 -27 | 2,31,300.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 23 | Construction of GCI Shed near P.P Cell in Civil Court Campus Palamu Daltonganj. For the Year 2026 -27 | 2,44,000.00 | 5000.00 | 500.00 | 01 Month |
| 24 | E/R of Water Supply and Wallpaper Work in DDC Chamber Office Daltonganj, Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,34,700.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 25 | Construction of Boundary Wall and View Blocker in DC Residence at Daltonganj, Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,29,700.00 | 5000.00 | 500.00 | 01 Month |
| 26 | E/R of Repair and Painting Work of Boundary Wall in Office of B.C.D Office Daltonganj. For the Year 2026 -27 | 2,43,200.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 27 | E/R of Repair Painting and APP Work and other Miscellaneous Work in Guard Room of Trainee IPS Quarter Campus at Daltonganj, Palamu. For the Year 2026 -27 | 1,99,000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 28 | Aluminum Work, Shed Extension and Miscellaneous work in A1 Quarter at Judge Colony, Palamu. For the Year 2026 -27 | 1,74,200.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 29 | Laying of Paver Block Back side of F Block in Judge Colony, Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,23,000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 30 | E/R Of Stair Head Room, Electrification and Miscellaneous work in C-Type Building at Nawatoli, Officer Colony, Daltonganj, Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,42,000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 31 | Construction of Main Gate and Paver Work at Officer Colony, Nawatoli, Daltonganj, Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,47,500.00 | 5000.00 | 500.00 | 01 Month |
| 32 | Construction of Boundary Wall, Tiles in Backward, Plumbing and Miscellaneous work in D1 Quarter , Judge Colony, Daltonganj. For the Year 2026 -27 | 2,30,500.00 | 5000.00 | 500.00 | 01 Month |
| 33 | Repair and Painting of colony no.SC/C/16 at sadik chowk at Daltonganj, Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,14,000.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 34 | E/R of Miscellaneous Work Computer Table, Supply Chair and other Work in B.C.D Office Daltonganj, Palamu. For the Year 2026 -27 | 2,45,100.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |
| 35 | UPVC work in campus of DC Residence, Daltonganj, Dist:- Palamu. For the Year 2026 -27 | 238200.00 | 5000.00 | 500.00 | 15 Days |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा।

- परिमाण विपत्र क्रय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचनापरांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj**

PR 384709 Building (26-27)_D

# असम में सनसनीखेज वारदात 8 वर्षीय मासूम का अपहरण

## दुष्कर्म के बाद हत्या, आरोपी दबोचा; इलाके में भारी तनाव

**श्रीभूमि, एजेंसी।** असम के श्रीभूमि जिले के मदनमोहन इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। आठ वर्षीय एक बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस ने एक किशोर को आरोपी के रूप में गिरफ्तार कर लिया है।




पुलिस के अनुसार, बुधवार को बच्ची खेलने के लिए घर से बाहर निकली थी। आरोपी, जो परिवार से परिचित था, उसे जंगल में ले गया। वहां उसने बच्ची को पहले हाथों से घोंटकर और फिर उसके ही फ्रॉक से गला घोंटकर मार डाला।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन भुयान ने बताया कि बच्ची के लापता होने पर आरोपी खुद परिवार के साथ उसे ढूंढने निकला था और अनजान बन रहा था। बाद में उसने कबूल किया कि बच्ची के पिता ने उसे कथित तौर पर प्रताड़ित किया था, जिसके बदले में उसने यह घटना की। आरोपी ने हत्या की बात तो स्वीकार की, लेकिन दुष्कर्म से इनकार किया। बच्ची का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मामले की पूरी तस्वीर साफ होगी।

आरोपी पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या), 141 (अपहरण), 65(2) (12 वर्ष से कम उम्र की बच्ची के साथ दुष्कर्म) और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी खुद को 18 वर्ष से कम उम्र का बता रहा है, जिसकी जांच चल रही है।

घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बच्चों की सुरक्षा पर सवाल उठाए और दोषी को सख्त सजा देने की मांग की। उच्च पुलिस अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद सड़कें खाली कराई गईं।

## लोन के नाम पर 43 शिक्षकों से 12 करोड़ों की ठगी

**कोंडागांव, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में पुलिस ने शिक्षकों को ऋण दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले संगठित गिरोह का राजफाश किया है। इस मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह ने 43 शिक्षकों को झांसे में लेकर लगभग 10 से 12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। आरोपितों के पास से मोबाइल, पासबुक, चेकबुक, एटीएम और लैपटाप जब्त किए गए हैं। शिक्षकों ने शिकायत की थी कि आरोपितों ने उन्हें एक विशेष योजना का लालच देकर ऋण दिलवाया, जिसमें 40 प्रतिशत राशि उन्हें दी जाती थी और 60 प्रतिशत आरोपित अपने खातों में स्थानांतरित कर लेते थे। पुलिस को आशंका है कि पीड़ितों की संख्या और बढ़ सकती है। शिक्षकों का दावा है कि बदनामी और सामाजिक संकोच के कारण कई पीड़ित अब तक पुलिस के सामने नहीं आए हैं।

# चार राज्यों की नई मतदाता सूची से एक झटके में बाहर हुए 22 लाख नाम

**भुवनेश्वर/इंफाल/म्आईजोल/म्गंगटोक, एजेंसी।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे चरण के तहत चार प्रदेशों की मसौदा मतदाता सूची से लगभग 22 लाख मतदाताओं के नाम बाहर हो गए हैं।



मिजोरम, ओडिशा, मणिपुर और सिक्किम के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक किए गए आंकड़ों के अनुसार, इन चारों राज्यों के कुल मतदाताओं की संख्या में लगभग 22 लाख की कमी आई है।

इन राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने से पहले कुल 3.68 करोड़ मतदाता थे। ये अब घटकर 3.46 करोड़ रह गए हैं। सबसे अधिक 20.11 लाख नाम ओडिशा में मतदाता सूची से हटाए गए हैं।

जिन लोगों के नाम मसौदा मतदाता सूची में शामिल नहीं हैं, उन्हें इस वर्ष बाद में प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने का अवसर मिलेगा। मिजोरम, ओडिशा, मणिपुर और सिक्किम उन 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में शामिल हैं, जहां चरणबद्ध कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण किया जा रहा है। बीते 14 मई को एसआईआर के तीसरे चरण की शुरुआत के समय इन 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में कुल मतदाताओं की संख्या 36.73 करोड़ थी। बिहार में एसआईआर प्रक्रिया की तैयारी के दौरान निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने दावा किया था कि आयोग के जमीनी स्तर के कर्मियों को राज्य में बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार के कई नागरिक मिले हैं। हालांकि, बाद में निर्वाचन आयोग ने ऐसे लोगों की संख्या या कोई प्रमाण सार्वजनिक नहीं किया जो मतदाता सूची में शामिल होने के पात्र नहीं थे। विपक्षी दलों ने निर्वाचन आयोग के इस दावे को भाजपा और उसके सहयोगी दलों के विरोधी माने जाने वाले मतदाताओं को निशाना बनाने के उद्देश्य से एसआईआर प्रक्रिया चलाने की एक रणनीति करार दिया।

### सक्षिप्त समाचार

## सिलीगुड़ी में टीएमसी कार्यालय पर गरजा बुलडोजर

**सिलीगुड़ी (कोलकाता), एजेंसी।** सिलीगुड़ी में नदी के बांध पर कब्जा कर बनाए गए तृणमूल कांग्रेस कार्यालय पर गुरुवार को बुलडोजर चला। आरोप है कि वार्ड नंबर 47 में पंचनई नदी के बांध पर कब्जा कर इस कार्यालय को बनाया गया था। गुरुवार सुबह से ही भारी पुलिस बल की सुरक्षा में नगर निगम के अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू की। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि तीन जुलाई को नोटिस जारी कर स्वयं ही कार्यालय हटाने के लिए कहा गया था। समय सीमा समाप्त होने के बाद बुलडोजर कार्रवाई की गई है। भाजपा का कहना है कि पांच साल पहले इस कार्यालय का निर्माण हुआ था। उस समय एसडीओ से शिकायत की गई थी और काम रोक दिया गया था। बाद में रातों-रात निर्माण किया गया। तब तृणमूल सरकार में थी। सिलीगुड़ी के मेयर ने इसका उद्घाटन किया था।

## मध्य प्रदेश के एकमात्र यहूदी कब्रिस्तान में तोड़फोड़ और कब्जे पर उठे सवाल

**जबलपुर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश का एकमात्र यहूदी कब्रिस्तान अब वैश्विक चर्चा में है। जबलपुर स्थित लगभग सौ वर्ष पुराने इस ऐतिहासिक स्थल पर कथित अतिक्रमण, तोड़फोड़ और भूमि कब्जे के आरोपों का मामला मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में विचाराधीन है। इसी बीच इजरायल में बसे भारतीय मूल के यहूदियों ने भी विरासत बचाने के लिए अपनी सरकार और राजनयिक मिशनों से हस्तक्षेप की मांग की है। इसके साथ ही यह विवाद स्थानीय सीमाओं से निकलकर अंतरराष्ट्रीय महत्व का विषय बन गया है। रानीताल की खामोश जमीन पर दफन इतिहास आज अदालत में संरक्षण की उम्मीद लगाए बैठा है। यह लड़ाई केवल कुछ कब्रों की नहीं, बल्कि उस साझा सांस्कृतिक विरासत की है, जिसने कभी जबलपुर को विविध आस्थाओं का सम्मान करने वाली संस्कारधानी के रूप में पहचान दिलाई है। अब निगाहें हाई कोर्ट की सुनवाई और प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं। यहूदी समुदाय की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता मनीष वर्मा ने बताया कि कब्रिस्तान की सुरक्षा, अतिक्रमण हटाने और विरासत संरक्षण संबंधी याचिका हाई कोर्ट में विचाराधीन है। ब्रिटिश शासनकाल में जबलपुर में करीब 200 यहूदी परिवार रहते थे।

# जम्मू-कश्मीर में सरकार के एक आदेश से मचा हड़कंप

## स्कूलों में पढ़ाया जा रहा था अलगाववाद

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने स्कूलों और कोचिंग सेंटरों में मौजूद किताबों को लेकर एक बड़ा और सख्त कदम उठाया है। प्रशासन ने कश्मीर और जम्मू डिविजन के सभी सरकारी व निजी स्कूलों के साथ-साथ कोचिंग संस्थानों को अपनी लाइब्रेरी और क्लासरूम में मौजूद सभी किताबों की गहन जांच करने का आदेश दिया है। इस आदेश का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी किताब में 'देशविरोधी', आपत्तिजनक या अलगाववाद को बढ़ावा देने वाली सामग्री ना हो। वहीं, इस फैसले पर राजनीतिक घमासान भी शुरू हो गया है और विपक्षी दलों ने इसे 'इतिहास मिटाने की साजिश' करार दिया है।

**7 दिन का अल्टीमेटम:** सभी स्कूल और कोचिंग संस्थानों के प्रमुखों को 7 दिन के भीतर चेकिंग पूरी करके एक सर्टिफिकेट देना होगा कि उनके परिसर में कोई भी आपत्तिजनक किताब नहीं है।

**एलजी का कड़ा एक्शन:** हाल ही में दो विवादित किताबों का मामला सामने आने के बाद उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 8 शिक्षा अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। जिन किताबों पर बवाल हुआ, उनमें जम्मू-कश्मीर को 'भारत के कब्जे वाला कश्मीर बताया गया था और अलगाववादी मकबूल भट जैसे लोगों को महिमामंडित किया गया था।

**यूएपीए के तहत केस:** विवादित किताबों के प्रकाशकों और लेखकों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। पुलिस की काउंटर-इंटेलिजेंस विंग ने यूएपीए के तहत एफआईआर दर्ज कर जम्मू में प्रकाशक के ठिकानों पर छापेमारी भी की है। स्कूल शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी नए आदेश के मुताबिक, सभी संस्थानों के प्रमुखों को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली लाइब्रेरी, स्टाफ रूम, क्लासरूम और दफ्तरों में रखी नई-पुरानी सभी किताबों की चेकिंग करनी होगी। आदेश में साफ कहा गया है कि कोई भी



ऐसा कंटेंट नहीं होना चाहिए जो धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाए, छात्रों के लिए अनुचित हो या जिससे राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचने की आशंका हो। साथ ही सभी सामग्री को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दिशा-निर्देशों के अनुरूप होना चाहिए। अगर चेकिंग के दौरान कोई आपत्तिजनक किताब मिलती है, तो स्कूल प्रमुखों को किताब का शीर्षक, लेखक, पब्लिशर, छपने का साल और किताबों की संख्या की पूरी डिटेल बनाकर शीर्ष अधिकारियों को सौंपनी होगी। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। यह पूरा विवाद 'समग्र शिक्षा अभियान' के तहत स्कूलों में बांटी गई दो किताबों के सामने आने के बाद शुरू हुआ। ये किताबें हैं- पर्सनैलिटीज एंड लीजेंड्स ऑफ छ्न्य (हिलाल अहमद और संतोष मीणा) और ग्रेट पर्सनैलिटीज ऑफ जम्मू एंड कश्मीर (डॉ. सुशांत गिरि)। इन किताबों में अलगाववादी नेताओं को सकारात्मक रूप से पेश किया गया था। बीजेपी ने इसके खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए इसे 'एकेडमिक जिहाद' करार दिया था। इसके बाद सरकार ने तुरंत एक्शन लेते हुए न सिर्फ इन दोनों किताबों को वापस मंगाया, बल्कि उपराज्यपाल ने पूरे केंद्र शासित प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में ऑडिट के आदेश दे दिए।

# भारी बारिश के बीच ढाढर नदी में दिखा मगरमच्छों का झुंड, वीडियो वायरल

**अहमदाबाद, एजेंसी।** मॉनसून की शुरुआत के साथ ही हर साल की तरह इस साल वडोदरा के रिहायशी इलाकों में मगरमच्छ निकलने लगे हैं। बारिश का मौसम शुरू होते ही शहर के अलग-अलग इलाकों में घूमते हुए देखे जा रहे हैं, जिससे लोगों की चिंता काफी बढ़ गई है। हाल ही में शहर के पश्चिमी इलाके के टंडलजा गांव और पॉश वासना-भयाली रोड पर मगरमच्छ देखे गए हैं, जिससे पूरे इलाके में डर का माहौल है।

पाद्रा-करजन रोड पर कोथवाड़ा गांव के पास ढाढर नदी में एक साथ तैरते मगरमच्छों के झुंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वायरल वीडियो में नदी में कई छोटे-बड़े मगरमच्छ एक साथ दिखाई दे रहे हैं, पुल से गुजरने वाले लोगों और स्थानीय निवासियों ने इसे अपने कैमरे में कैद किया। ढाढर नदी में बड़ी संख्या में मगरमच्छों की मौजूदगी से आसपास के ग्रामीण इलाकों में, खासकर नदी के किनारे जाने वाले किसानों और पशुपालकों के बीच भारी डर का माहौल है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग को इस बारे में जानकारी दी है और प्रशासन ने लोगों से नदी के पानी से दूर रहने और सावधानी बरतने की अपील की है। कल रात शहर की आलीशान और पॉश वासना-भयाली रोड पर स्थित गैलेक्सी बंगलो में विशाल मगरमच्छ घुस गया। जब 9 फीट लंबा यह मगरमच्छ सोसाइटी की अंदरूनी सड़क पर आराम से घूमता हुआ दिखा, तो वहां रहने वाले लोग बुरी तरह डर गए। बंगले के बाहर मगरमच्छ को देखकर लोगों में अफरातफरी और दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत जीवदया संस्था गौ रक्षा सेवा समिति और वन



विभाग को इसकी सूचना दी। वन विभाग और संस्था की प्रोफेशनल टीम तुरंत मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद 9 फीट लंबे इस विशाल मगरमच्छ को रेस्क्यू कर पिंजरे में बंद किया, जिससे निवासियों ने राहत की सांस ली। दूसरी ओर, टंडलजा गांव के बस स्टैंड के पास रिहायशी इलाके के बीच बने तालाब में एक विशाल मगरमच्छ को देखकर भी लोग घबरा गए हैं। इस झील के आसपास बड़ी संख्या में सोसायटियां, अपार्टमेंट और घर हैं, जहां छोटे बच्चे भी खेलते हैं। डर है कि मॉनसून के दौरान पानी का स्तर बढ़ने पर मगरमच्छ सीधे सोसायटियों में घुस सकते हैं।

### बैठक से राजा वड़िंग को रखा दूर

# पंजाब कांग्रेस में आर-पार! पूर्व सीएम चन्नी और रंधावा से मिलेंगे भूपेश बघेल

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब कांग्रेस में चल रहे घमासान में अब पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और सांसद सुखजिंदर रंधावा प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल संग बैठक के लिए तैयार हो गए हैं। शुक्रवार को यह बैठक संभावित है।

हालांकि सूत्र बताते हैं कि चन्नी ने बड़ी शर्त रखी है कि इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग शामिल नहीं होंगे और मीटिंग कांग्रेस भवन में नहीं, किसी अन्य जगह होगी।

चंडीगढ़ में वीरवार को विधायक राणा गुरजीत सिंह के आवास पर हुई बैठक में चन्नी समर्थक सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा, विधायक परगट सिंह, बरिंदरमीत सिंह पाहड़ा, पूर्व विधायक भारत भूषण आशु, बरिंदर ढिल्लों सहित करीब दस नेताओं ने दो घंटे बैठक की।

### भूपेश बघेल के साथ बैठक का लिया फैसला: रंधावा

बैठक के बाद रंधावा ने कहा कि सर्वसम्मति से प्रदेश कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल के साथ बैठक का फैसला लिया है। बघेल ने भी बैठक होने की पुष्टि की है। बैठक में चन्नी व रंधावा चुनाव समिति की सूची को लेकर आपत्ति बघेल के समक्ष रखेंगे। विधायक



परगट सिंह ने कहा कि पार्टी में कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं, जिन्हें प्रभारी के सामने रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस एकजुट है और हमारा लक्ष्य 2027 के चुनाव में सत्ता में वापसी करना है। बैठक के बाद विधायक राणा गुरजीत सिंह ने भी कहा कि हाईकमान से ऊपर कोई नहीं है। उधर, प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा सब को बात रखने का हक है। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल के पांच दिवसीय दौरे का चौथा दिन भी बैठकों के बीच गुजरा। सुबह बघेल ने विधायक तृप्त राजिंदर सिंह बाजवा के घर बैठक की।

### आउटसोर्सिंग पर भी लगी रोक!

# अयोध्या राम मंदिर: ट्रस्ट ने चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्रा की वीआईपी आईडी की बंद

**अयोध्या , एजेंसी।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में चंपत राय और अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। इस्तीफे के साथ-साथ उन दोनों से वीआईपी आईडी देने का अधिकार खत्म कर लिया गया। राम मंदिर ट्रस्ट ने चंपत राय, गोपाल राव और अनिल मिश्रा की वीआईपी दर्शन पास बनाने वाली आईडी बंद कर दी। इसके साथ ही अब तीनों के पास आईडी से कोई वीआईपी पास जारी करने का अधिकार खत्म कर दिया गया।

दरअसल, पहले रिकमेंडेशन के जरिए श्रद्धालुओं को वीआईपी आईडी से सुगम दर्शन और विशिष्ट दर्शन पास जारी किए जाते थे। रमाशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव इस पास के जरिए सैंकड़ों पास जारी करवाता था। चंपत राय और अनिल मिश्रा के करीबी पास के जरिए भी भक्तों को ऐंठने का गोरखधंधा चला रहे थे और लाखों की कमाई कर रहे थे। यह मामला सामने आते ही तीनों का वीआईपी आईडी बंद कर दी गई।

राम मंदिर चढ़ावा मामले के बाद कर्मचारी आउटसोर्स नहीं किए

राम मंदिर दान प्रकरण में 8 आरोपियों की गिरफ्तारी के विवाद के बाद मंदिर ट्रस्ट ने कोई नया आउटसोर्स कर्मचारी नियुक्त नहीं किया है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के सूत्रों के अनुसार श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने पिछले वर्ष महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बाद एक आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से कर्मचारियों की भर्ती की थी।

इन कर्मचारियों को मुख्य रूप से हाउसकीपिंग स्टाफ के रूप में नियुक्त किया गया था। राम मंदिर ट्रस्ट का प्राथमिक बैंक खाता एसबीआई शाखा में है, जहां जांचकर्ता मामले में बैंक अधिकारियों की संभावित भूमिका की जांच कर रहे हैं। पुलिस द्वारा शाखा प्रबंधक से पूछताछ करने और जांच के तहत उनका बयान दर्ज करने की संभावना है।



मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि भर्ती के लिए किसी विशेष योग्यता वाले कर्मियों की आवश्यकता नहीं थी क्योंकि आउटसोर्स कर्मचारियों को नकदी गिनने का काम नहीं सौंपा गया था। बैंक सूत्रों ने यह भी बताया कि आउटसोर्स किए गए कर्मचारी कथित तौर पर केवल मुड़े हुए नोटों को सीधा करने और उन्हें उचित बंडलों में व्यवस्थित करने के लिए ही जिम्मेदार थे। नकदी की वास्तविक गिनती एसबीआई बैंक के कर्मचारियों द्वारा की गई थी। उनकी भूमिका केवल दान पेटियों में डालने से पहले भक्तों द्वारा मोड़े गए नोटों को सीधा करने और व्यवस्थित करने तक सीमित थी।

# वडोदरा की मंजलपुर सीट से भाजपा ने किसे बनाया उम्मीदवार

**वडोदरा , एजेंसी।** गुजरात की वडोदरा स्थित मंजलपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवार के नाम का आधिकारिक ऐलान कर दिया है। इतना ही नही बल्कि पार्टी ने इस महत्वपूर्ण सीट से सतीशभाई गोविंदभाई पटेल को चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया है। उम्मीदवार की घोषणा के साथ ही मंजलपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसके अलावा भाजपा इस सीट को बरकरार रखने के उद्देश्य से पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी, जबकि विपक्ष भी मुकाबले को रोचक बनाने की तैयारी में जुट गया है।

मिली जानकारी के अनुसार भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने गुजरात में होने वाले विधानसभा उपचुनाव 2026 के लिए सतीश पटेल के नाम को मंजूरी दे दी गई है। इतना ही नही बल्कि पार्टी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई।

बता दें कि मंजलपुर विधानसभा सीट



भाजपा विधायक योगेश पटेल के निधन के बाद जगह खाली हुई थी। इसके बाद इस सीट पर 30 जुलाई को मतदान होने जा रहा है। इसके अलावा पार्टी ने उम्मीदवार की घोषणा के साथ ही मंजलपुर सीट पर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। भाजपा इस सीट को बरकरार रखने के लिए पूरी ताकत लगा रही है।

सतीश पटेल के नाम की घोषणा के बाद क्षेत्र में राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वहीं दूसरी ओर उम्मीदवार चयन को लेकर संघ की लॉबी की भूमिका की चर्चाएं भी राजनीतिक गलियारों में फैलती हुई नजर आ रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक वडोदरा की मंजलपुर विधानसभा सीट पर 30 जुलाई को उपचुनाव के लिए मतदान होने वाला है। योगेश पटेल इस सीट से चुने गए थे, लेकिन 2 जून को उनका निधन हो गया था, जिसके बाद यह सीट खाली हुई थी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश पटेल ने इस सीट से तीन बार बड़े अंतर से जीत हासिल की थी और इतना ही नही वह अपने राजनीतिक करियर में गुजरात विधानसभा के लिए लगातार आठ बार चयनित हुए थे। इस लिए योगेश पटेल की मंजलपुर सीट पर मजबूत पकड़ थी और इसी लिए यह सीट उनकी पहचान से जुड़ी हुई मानी जाती थी। भाजपा में लंबे समय से वरिष्ठ नेताओं को सक्रिय चुनावी राजनीति से धीरे-धीरे अलग करने की चर्चा होती रही है। इसके बावजूद पार्टी ने वर्ष 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव में 77 वर्षीय योगेश पटेल पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए उन्हें लगातार आठवीं बार मंजलपुर सीट से उम्मीदवार बनाया था, और उन्होंने जीत भी दर्ज की थी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### डोपिंग संकट- भारतीय खेलों की साख पर सवाल।

अहम सवाल यह है कि क्या देश में डोपिंग रोधी नियमों की गंभीरता को समझने में लापरवाही बरती जा रही है या फिर इसकी वजह कुछ और है ।यह बात सच है कि भारत में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। देश में कई ऐसे खिलाड़ी उभरकर सामने आए हैं, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। हालांकि, इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि कौशल विकास की कमी और पर्याप्त अवसर एवं बुनियादी सुविधाओं का अभाव आज भी बना हुआ है ।इस बीच, एक और गंभीर समस्या की जकड़बंदी का दायरा इतना बड़ा हो गया है कि भारतीय खेलों की साख पर ही सवाल खड़े हो गए हैं। यह समस्या डोपिंग नियमों का पूरी तरह पालन नहीं करने से जुड़ी है ।यही वजह है कि 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट' की ओर से हाल ही में जारी की गई डोपिंग उल्लंघन करने वालों की वैश्विक सूची में भारत को फिर से शीर्ष स्थान पर रखा गया है ।ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या देश में डोपिंग रोधी नियमों की गंभीरता को समझने में लापरवाही बरती जा रही है या फिर इसकी वजह कुछ और है। यहां प्रश्न सिर्फ खिलाड़ियों पर ही नहीं, बल्कि सरकार, प्रशासक और प्रशिक्षकों की कुशलता, सतर्कता एवं संवेदनशीलता पर भी है ।गौरतलब है कि पिछले दो वर्षों से डोपिंग उल्लंघन करने वालों की सूची में सबसे ऊपर रहने के कारण विश्व एथलेटिक्स ने बीते अप्रैल में भारत को डोपिंग के 'बहुत अधिक' जोखिम वाले देश के रूप में भी चिह्नित किया था। इसकी गंभीरता को देखते हुए हालांकि सरकार की ओर से डोपिंग रोधी कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, लेकिन इनकी गुणवत्ता जोखिमों के अनुपात में कहीं कम नजर आती है ।यह सही है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित खिलाड़ी को ही दोषी माना जाता है, लेकिन इससे प्रशासकों या खेल संघों की जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती है ।अगर कोई खिलाड़ी अनजाने में ऐसी दवा या खाद्य एवं पेय पदार्थ लेता है, जो नियमों के विरुद्ध है, तो इसके लिए जवाबदेही पूरे खेल तंत्र की बनती है। नियमों की पर्याप्त जानकारी देकर खिलाड़ियों को सतर्क एवं जागरूक करना और नियमित निगरानी की जिम्मेदारी प्रशासकों तथा प्रशिक्षकों की ही होती है ।ऐसे में जरूरी है कि 'डोप मुक्त भारत' बनाने के लिए प्रतिक्रियात्मक प्रवर्तन से आगे बढ़कर एक परिवर्तनकारी बदलाव की ओर कदम बढ़ाया जाए।

### फीफा का यू-टर्न और ट्रंप कनेक्शन! खेल से ज्यादा सियासत की चर्चा

फुटबॉल विश्व कप में अमेरिका के स्ट्राइकर फोलारिन बालोगन के निलंबन पर फीफा के फैसले ने विवाद खड़ा कर दिया है। रेड कार्ड के बाद सजा में बदलाव और ट्रंप कनेक्शन के आरोपों ने संस्था की निष्पक्षता व पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं। आलोचकों का कहना है कि खेल को राजनीतिक प्रभाव से दूर रखना FIF की बड़ी जिम्मेदारी है। इस फुटबॉल विश्व कप में बहुत कुछ ऐसा है, जो पहली बार देखने को मिल रहा है। इसके बाद भी इवेंट की शुरुआत में चर्चा खेलों से ज्यादा अमेरिका-ईरान टकराव की रही। अब अमेरिका के स्ट्राइकर फोलारिन बालोगन से जुड़े विवाद ने खेलों में राजनीतिक दखल को लेकर चिंता और बढ़ा दी है। बालोगन को नॉकआउट मुकाबले में रेड कार्ड मिलने के बाद एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया था। शुरुआत में खुद फीफा और अमेरिकी फुटबॉल संघ ने कहा था कि सीधे रेड कार्ड मिलने के कारण इस मामले में अपील नहीं की जा सकती। लेकिन, अचानक आर्टिकल 27 का इस्तेमाल करते हुए फीफा ने बालोगन के निलंबन पर रोक लगा दी। यह आर्टिकल संस्था की न्यायिक समिति को विशेष अधिकार देता है। लेकिन, विवाद शुरू इस दावे से हुआ कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की वजह से फीफा को फैसला बदलना पड़ा है। ट्रंप ने बाद में फीफा को शुक्रिया भी कहा। यह पूरा घटनाक्रम जिस तरह सामने आया, उसने सहज ही फुटबॉल प्रेमियों के मन में संदेह पैदा कर दिया। अनुशासनात्मक मामलों में फीफा का रुख हमेशा कठोर माना जाता है, पर इस बार किन वजहों से उसने यूटर्न लिया, यह सवाल पूछा जा रहा है। विशेष अधिकार का इस्तेमाल असाधारण परिस्थितियों में किया जाता है। अगर इस मामले में वाकई ऐसा था, तो फीफा को स्पष्ट करना चाहिए। वरना आगे भी इस आर्टिकल के मनमाने इस्तेमाल की आशंका बनी रहेगी।

*पहचान, शिक्षा, सम्मान, कमाई, समय, पसंद, नापसंद जो भी उसका है, उसे हक के साथ लेना होगा। पहली बार में ही हिंसा की कुचेष्टा पर अंतिम रूप से लगाम लगाना अनिवार्य है। घर का होना और उसका हंसता-मुस्कुराता स्वरूप जरूरी है, पर यह सब उस घर की बेटी, बहू या अन्य स्त्री चरित्र की खुशियों की कीमत पर अस्वीकार्य है। कानून भी यही कहता है।*

## नौकरी भी, घर भी और समझौता भी, परतों में पलती स्त्री के विरुद्ध हिंसा

(संगीता सहाय )

स्त्री के विरुद्ध हिंसा के तमाम मामले किसी खास वर्ग में सीमित न होकर शिक्षित-अशिक्षित, संपन्न-गरीब हर तबके में समान रूप से होते हैं। दफ्तर से लौटने के बाद घर के काम करती एक कामकाजी महिला, जो महिलाओं पर दोहरी जिम्मेदारियों और लैंगिक असमानता को दर्शाती फीचर इमेज। कामकाजी महिलाओं से आज भी घर और दफ्तर दोनों की जिम्मेदारियां समान रूप से निभाने की अपेक्षा की जाती है। अक्सर बड़े पदों पर आसीन, निजी व्यवसाय या अन्य कामों में व्यस्त महिलाओं से भी यह आशा की जाती है कि वे अपनी नौकरी के काम के साथ-साथ घर के कामों को भी शिद्दत के साथ निपटाएं। चाहे इसके लिए उन्हें अपने विकास से समझौता ही क्यों न करना पड़े। हमारे आसपास घर के कामों में पिसती, चूल्हा-चौकी के लिए 'दिन-रात एक करती' और ऐसा नहीं कर पाने पर तानों की बौछार झेलती, अपमानित होती और पिटती महिलाएं देखी जा सकती हैं। आश्चर्य यह है कि ज्यादातर महिलाएं इन चीजों को सहज भाव से लेती हैं। उनके अनुसार दोहरी, तिहरी जिम्मेदारियों को एक साथ निभाने में ही स्त्री होने की सफलता है। सामाजिक मानक ऐसी स्त्रियों को ही अपने खांचे के अनुकूल मानता है। आर्थिक रूप से सक्षम और मानसिक रूप से खुद को मजबूत दिखाती, घर के अंधेरे में उत्पीड़ित और अपमानित होती स्त्रियां सभी जगह हैं। परिवार बनाने और बचाने से लेकर उसकी शांति और सुव्यवस्था के नाम पर अपनी योग्यता तथा डिग्रियों को दफ्न करती, अपनी पसंद-नापसंद को दरकिनार करती स्त्रियां किसी न किसी रूप में प्रत्येक घर में हैं। पिता की खराब आर्थिक स्थिति और भाई की शिक्षा के लिए पढ़ाई से वंचित की जाती बेटियां भी आम हैं। उच्च शिक्षित लड़कियों की शादी होते ही परंपरागत बहू, पत्नी, सेविका बन जाने की कामना अधिसंख्य भारतीय घरों में इतनी बड़ी है कि ऐसा न कर पाने वाली महिलाओं को लांछित और प्रताड़ित तो किया ही जाता है, कई बार हत्या तक कर दी जाती है। हाल में घटी कई निर्मम घटनाएं भारत में महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा की भयावह तस्वीर पेश करती हैं। दरअसल, स्त्री कोई भी हो, पढ़ी-लिखी, सुयोग्य, ओहदेदार, डॉक्टर, इंजीनियर, मॉडल, कलाकार, सामान्य घरेलू या कोई अन्य, सभी से कमोबेश यही आशा की जाती है और उसका मूल्यांकन इसी रूप में किया जाता है कि वह वंशवृद्धि कर पाई या नहीं, पति और ससुराल वालों को कितना खुश कर पाई, घर की सजावट, दूसरों की खुशी के लिए किस हद तक समझौता करती है, साफ-सफाई, खाना बनाने आदि में कितनी माहिर है और सबसे बढ़कर यह कि कैसे वह एक आदर्श परंपरागत बहू बनकर खुद को, अपने काम और पसंद को दोयम बना देती है। समाज कहता है कि स्त्री होने के नाते उसकी पहली और अंतिम प्राथमिकता यही है। वास्तव में समाज तथा परिवार के वर्तमान स्वरूप में बने रहने का बीज स्त्री के इसी दोहन में छिपा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, 18-49 आयु वर्ग की लगभग 32 फीसद विवाहित महिलाओं ने अपने जीवनकाल में कभी न कभी पति या ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा शारीरिक, यौन तथा भावनात्मक हिंसा को झेला है। 15-49 साल की महिलाओं में 31.9 फीसद ने मात्र 15 वर्ष की उम्र में शारीरिक हिंसा झेली है। ग्रामीण क्षेत्र में हर चौथी तथा शहरी क्षेत्रों में हर छठी महिला घरेलू हिंसा का शिकार होती है। स्वयं को अतिशय संस्कृतिनिष्ठ कहने वाले हमारे देश को दुनिया भर में अंतरंग साथी द्वारा की जाने वाली शारीरिक और यौन हिंसा के उच्च प्रसार वाले देशों में गिना जाता है। गौरतलब है कि एनसीआरबी के आंकड़े सिर्फ दर्ज हुए मामले बताते हैं। एनएफएचएस बताता है कि घरेलू हिंसा के मामले में 86 फीसद महिलाओं ने कभी मदद मांगी ही नहीं। यानी असली हिंसा के मामले इन आंकड़ों से कई गुना ज्यादा हैं। ज्यादातर महिलाएं सामाजिक बदनामी, लोकलाज, भय, असुरक्षा के भाव, आर्थिक परनिर्भरता आदि के कारण पुलिस तक पहुंच ही नहीं पाती हैं। स्त्री के विरुद्ध हिंसा के तमाम मामले किसी खास वर्ग में सीमित न होकर शिक्षित-अशिक्षित, संपन्न-गरीब हर तबके में समान रूप से होते हैं। आश्चर्यजनक यह भी है कि स्त्री आर्थिक रूप से सक्षम हो या घरेलू, पढ़ी-लिखी हो या अनपढ़, कमोबेश सभी स्तर पर घरेलू हिंसा का शिकार बनती है और कई कारणों से इसे जीवन का हिस्सा मानकर चुप्पी ओढ़े रहती है। चूंकि अधिकांश स्त्रियां अपनी मां, दादी, चाची, बुआ आदि को इसी रूप में देखती बड़ी होती हैं, इसीलिए उनके लिए यह सब साधारण बात होती है। आर्थिक रूप से पराश्रित स्त्रियों को अक्सर यह भी सुनने को मिल जाता है कि खाना, कपड़ा, गहना, दुलार, सुरक्षा सब तो मिल ही रहा है, पति है, गुस्से में कभी-कभार पीट ही दिया तो क्या हो गया! घरेलू हिंसा के प्रति यह सामाजिक स्वीकार्यता ही इस अपराध को और बढ़ा रही है। सवाल यह है कि क्या स्त्रियों के साथ होने वाली हिंसा बदस्तूर यों ही जारी रहेगी। तमाम कानूनों, नियमों और पहल के बावजूद इसमें कमी क्यों नहीं हो रही है? स्त्री की शिक्षा, उसका सशक्तीकरण आदि क्या इसे रोक पा रहे हैं? इस समस्या का निदान क्या है? सच यह है कि कई सकारात्मक सामाजिक और व्यवस्थागत कोशिशों के बावजूद भारत के लगभग हर हिस्से में स्त्रियों के विरुद्ध होने वाली घरेलू हिंसा के मामले और बढ़े हैं। कानून और व्यवस्थाएं एक हद तक अपना काम कर रही हैं, लेकिन जरूरत उस सोच को जानने और समझने की है, जो घरेलू हिंसा का कारण है। हमारी व्यवस्था में स्त्री को बेचारगी से उबारने के लिए पता नहीं कितने नियम और कानून बने हैं। सामाजिक संस्थाएं लगातार स्त्रियों के उत्थान के लिए काम करने का दावा करती रही हैं। पर दुखद है कि अभी तक हम उस नासूर से ही अनजान हैं, जहां से यह दर्द निकलकर आता रहा है। वह नासूर है, पुरुष मानसिकता की श्रेष्ठतावादी सोच। सदियों से पितृसत्तावादी समाज की जड़ों में यह बैठा है कि स्त्री, पुरुष से कमतर है, दोयम है, संपत्ति है आदि। हर स्तर पर हो रही स्त्री के खिलाफ हिंसा की असली वजह भी इसी सोच में समाई है। इसे रोकने के लिए इसी सोच के खिलाफ लड़ना और इसे मिटाना होगा। महिलाओं के कथित उत्थान में लगी व्यवस्थाओं को अपनी ऊर्जा इसी सोच को स्थायी तौर से मिटाने में लगानी होगी। महत्त्वपूर्ण यह भी है कि जिसके साथ गलत हो रहा है, वह मजबूती से आवाज उठाए। सामाजिक बनावट, परंपरा, सोच, शर्म, भय आदि को परे झटककर स्त्री सबसे पहले अपने लिए, अपने साथ खड़ी हो जाए। उसे सबसे पहले अपने आप को मनुष्य समझना होगा, अपनी खुशियों की पहचान करनी होगी। स्वयं को वास्तविक संदर्भों में तरजीह देनी होगी। 'जिसकी छत टपकती है, निर्माण की पहल भी उसे ही करनी होती है।'यहां तो एक पक्ष चाहता ही है कि पितृसत्ता की भ्रामक श्रेष्ठता वाली व्यवस्था सदैव बनी रहे, क्योंकि उसका सुख उसी में है। स्त्री को हर स्तर पर इस जाल को न सिर्फ समझना होगा, बल्कि उसे काटने के लिए खड़ा भी होना पड़ेगा।

## बढ़ता समुद्री जलस्तर और गर्मी, भारत के तटीय क्षेत्रों पर मंडराता बड़ा खतरा

(सुधांशु माहेश्वरी)

जलवायु परिवर्तन का असर भारत के तटीय क्षेत्रों पर तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ता समुद्री जलस्तर, गर्मी, चक्रवात और बदलता मानसून करोड़ों लोगों की आजीविका के लिए बड़ा खतरा बन रहे हैं। जलवायु परिवर्तन को वैश्विक ताप से जुड़ी समस्या के रूप में परिभाषित किया गया है। इससे निपटने के लिए दुनिया भर में कई नियम-कानून बनाए गए, प्रतिबद्धताएं दिखाई गईं, लेकिन जब उन पर अक्षरशः अमल की बारी आई, तो कदम पीछे खींच लिए गए। इसका असर अब भारत समेत कई देशों के समुद्री तटक्षेत्रों में साफतौर पर दिखने लगा है। भारत की लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा के आसपास के क्षेत्र अब एक आसन्न जलवायु संकट का सामना कर रहे हैं, जो अगले कुछ वर्षों के भीतर यहां के लोगों के जीवन, आजीविका तथा पारिस्थितिकी तंत्र को व्यापक रूप से बदल देगा। इन क्षेत्रों में तापमान के साथ-साथ वर्षा का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। समुद्र का बढ़ता स्तर इस संकट को और जटिल बना रहा है। यह समस्या इसलिए भी गंभीर और चिंताजनक है, क्योंकि देश की तटीय पट्टी केवल भौगोलिक सीमा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की एक प्रमुख धुरी है। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की ओर से हाल में जारी रिपोर्ट 'भारतीय तटीय क्षेत्र : जलवायु अनुमान 2021-2040' के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव हमारी कल्पना से कहीं अधिक तेजी से सामने आ रहे हैं। अध्ययन में वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त सीएमआइपी-6 जलवायु माडल का उपयोग किया गया, जिसे भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप क्षेत्रीय स्तर पर संशोधित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आबादी वाले अधिकांश क्षेत्रों में 1.5 डिग्री सेल्सियस तापवृद्धि की सीमा अपेक्षा से कहीं पहले छूने का खतरा पैदा हो चुका है। इसी सीमा को वैज्ञानिक पृथ्वी की जलवायु प्रणाली के लिए एक निर्णायक मोड़ मानते हैं। इसका सीधा अर्थ है कि अब केवल कार्बन उत्सर्जन कम करने की चर्चा पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि हमें अपने शहरों, गांवों और विकास योजनाओं को जलवायु परिवर्तन के अनुरूप ढालना होगा। अध्ययन से पता चलता है कि देश के लगभग चालीस तटीय जिलों में गर्मी के दौरान अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस से अधिक वृद्धि होने की संभावना है। केरल का एर्नाकुलम जिला इस परिवर्तन का सबसे बड़ा उदाहरण बन सकता है, जहां अधिकतम तापमान में लगभग 1.3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का अनुमान है। यह वृद्धि मामूली लग सकती है, लेकिन वैज्ञानिकों के अनुसार, औसत तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी भी गर्मी के दबाव, ऊर्जा की बढ़ती मांग, श्रम उत्पादकता में कमी और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को कई गुना बढ़ा देती है। इसका सबसे अधिक असर उन लोगों पर पड़ेगा, जिनका जीवन खुले वातावरण में श्रम पर निर्भर है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6148

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 6 | | | 7 |
| | 6 | | | | | | 9 | 8 |
| 1 | | | 4 | | 2 | | 3 | |
| | 4 | 9 | | 6 | 7 | | 5 | |
| | 1 | | | | | | 6 | |
| | 3 | | 8 | 9 | | 4 | 7 | |
| | 2 | | 5 | | 1 | | | 4 |
| 5 | 8 | | | | | | 2 | |
| 6 | | | 3 | | | | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6147

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 2 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 |
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 9 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 6 |

## वर्ग पहेली 6148

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | 6 | | ■ | |
| 7 | 8 | | | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | | ■ |
| ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | 18 | | ■ |
| 19 | | | 20 | ■ | 21 | | 22 |
| | | ■ | 24 | | | ■ | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. भारत में पहली बार इस राज्य में विद्युत मंडल प्रारंभ किया था (6)
6. धिक्कार, दुत्कार, झिड़की (2)
7. रईस, मालदार, जिसके पास अपार संपत्तिह हो (4)
9. भक्त का अपभ्रंश (3)
11. रमण करना, लिप्त होना (3)
12. जो पर्वत पर उत्पन्न हो (3)
13. चंद्रमास का एक पक्ष, कृष्ण पक्ष, अकल्याण, अपकार (2)
14. अकल्याणकारी, दुश्चरित्र, दुष्कर्मी (2)
15. स्वास्थ्य, तंदरूस्ती, आरोग्य (3)
17. सहयोग, सहायता, इमदाद (3)
19. हल्का बुखार, ज्वरांश (4)
21. गहन चिंतन करने का भाव, अध्ययन करना (3)
23. दशरथ के पुत्र जो दस अवतारों में से एक माने जाते है (2)
24. पुराणानुसार भगवान विष्णु का पांचवां अवतार जो राजा बलि को छलने के लिए हुआ था (3)

**(ऊपर से नीचे**

1. पक्ष लेने वाला, पक्षपाती, हिमायती (4)
2. मानने को प्रेरित करना, मानने का काम करवाना (4)
3. विश्वामित्र के पिता तथा कुशिक राजा के पुत्र का नाम (2)
4. प्रायः, करीब-करीब (4)
5. आराम, चैन, सुख (3)
8. उपकार न मानने वाला, कृतघ्न (6)
10. जिसका बदन हाथी के जैसा हो (5)
12. पास बैठने वाला, पार्श्ववर्ती (3)
15. विवाह का मुकुट, मौर (3)
16. अधिक गीला, अतिआर्द्र (2)
18. बर्बरतापूर्वक दबाने की क्रिया, बलपूर्वक शांत करने का भाव (3)
20. रसोई घर से संबंधित एक पात्र, नर्मदा की एक सहायक नदी (2)
22. ईशदूत, पैगम्बर, रसूल (2)

### वर्ग पहेली 6147 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | नी | ल | क्ष्मी | बा | ई | ■ | भ |
| म | म | ता | ■ | व | श | व | र्ती |
| च | ■ | ■ | ता | न | ■ | त | ■ |
| रि | रा | ई | ■ | ग | ब | न | ■ |
| त | ■ | मा | ■ | जा | ■ | प | क्ष |
| मा | ■ | न | बी | ■ | भ | र | त |
| न | र्म | दा | ■ | प | रा | स्त | ■ |
| स | ■ | र | ■ | ना | व | ■ | जौ |

## आज का राशिफल

### मेष
आज खुद की मेहनत से धन कमाने के नए मौके मिल सकते हैं। इसके बाद भी जल्दबाजी में कोई चीज खरीदने या कहीं पैसा लगाने से पूरी तरह बचें। बुध देव की स्थिति के कारण कुछ बारीक बातें छूट सकती हैं, इसलिए सोच-समझकर लिया गया फैसला ही आपकी बचत को सुरक्षित रखेगा। बिना वजह का जोखिम उठाने के बजाय अपने पुराने संचित धन को संभालकर रखें।

### वृष
आज घर-परिवार की जरूरतों के कारण कुछ खर्चे सामने आ सकते हैं, इसलिए बजट बनाकर ही आगे बढ़ें। सही प्लानिंग से आप अपने फालतू के खर्चों को कम कर लेंगे। आपका शांत स्वभाव आज दफ्तर की मुश्किलों को बहुत आसानी से दूर कर देगा। अकेले काम करने के बजाय टीम के साथ मिलकर चलने से बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे।

### मिथुन
आज आज निवेश या बचत को लेकर परिवार के किसी बड़े और भरोसेमंद व्यक्ति से बहुत अच्छी सलाह मिल सकती है। भावनाओं में बहकर पैसे खर्च करने से बचें। धीरे-धीरे धन को बढ़ाना ही आपके लिए सबसे अच्छा रहेगा। आपकी लगन और मेहनत पर आज बड़े अधिकारियों की नजर रहेगी।

### तुला
आज सुख-सुविधा की महंगी चीजों पर सोच-समझकर खर्च करे। दिखावे में आकर कोई भी महंगी खरीदारी न करें। नियम के साथ की गई बचत आपके मन को बहुत शांति देगी। तुरंत लाभ देने वाले जोखिम भरे कामों से अभी पूरी तरह दूर रहें। जो लोग रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े हैं, आज उन्हें कोई अच्छा संदेश मिल सकता है।

### वृश्चिक
आज अपनी पुरानी आर्थिक योजनाओं को दोबारा देखने का दिन है, कहीं भी नया धन लगाने का वादा अभी न करें। पुराने रुके हुए बिल या किसी भूले हुए भुगतान पर ध्यान दें। बजट को व्यवस्थित रखने से आगे का तनाव कम होगा। कोई पुराना पैसों का मामला आज सुलझने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। मुश्किलों को हल करने का आपका तरीका आज आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा।

### धनु
आज एक संतुलित सोच के साथ लिए गए फैसले आज आपकी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाएंगे। केवल मौखिक बातों या वादों के भरोसे धन का कोई लेन-देन न करें। हर बात की लिखित पुष्टि रखना ही आपको भविष्य की उलझनों से बचाएगा। आज खर्च और बचत के बीच सही तालमेल बनाकर चलना बहुत जरूरी है।

### कर्क
आज धन से जुड़े कागजातों को बहुत ही ध्यान से देखें। बिना अच्छे से पढ़े किसी भी नए समझौते पर दस्तखत न करें। आज की गई छोटी सी बचत भी आगे चलकर आपके बहुत काम आएगी। धन की किसी भी बड़ी डील को अंतिम रूप देने से पहले पूरा समय लें। कार्यक्षेत्र में आज पुराने कामों को दोबारा सुधारना पड़ सकता है।

### सिंह
आज पैसों का प्रबंधन नियम के साथ करें। अपने पुराने बकाये को चुकाने और बचत को मजबूत करने पर पूरा ध्यान दें। ऐसा कोई वादा न करें जो आगे चलकर आपके आर्थिक बजट पर दबाव बढ़ाए। धीरे-धीरे किया गया निवेश ही आपकी स्थिति को मजबूत करेगा। आपकी कड़ी मेहनत आज आपके करियर को एक मजबूत आधार दे रही है।

### कन्या
आज पूरे नियम के साथ बनाई गई योजना ही आज आपके आर्थिक पक्ष को मजबूत रखेगी। धन के मामलों में जरूरत से ज्यादा भरोसा रखने से बचें और अपने लक्ष्यों को दोबारा देख लें। यात्रा या पढ़ाई से जुड़े कुछ जरूरी खर्चे आज सामने आ सकते हैं।

### मकर
अचानक सामने आए कुछ खर्चे आज आपका ध्यान खींच सकते हैं। धन से जुड़ा कोई भी फैसला भावनाओं में बहकर बिल्कुल न लें। सोच-समझकर बनाई गई योजना और खर्चों पर रखा गया नियंत्रण ही आपकी स्थिति को ठीक बनाए रखेगा। मासिक बजट को दोबारा देखना भविष्य के तनाव को कम करेगा। नए लोगों से मिलना-जुलना आज आपके करियर के लिए नए रास्ते खोल सकता है।

### कुंभ
आज पैसों को लेकर आपका नियम से चलना ही हमेशा आपके हक में काम करता है। आज किसी से भी नया कर्ज लेने या जोखिम भरे कामों में हाथ डालने से पूरी तरह बचें। सोची-समझी प्लानिंग ही आपकी आर्थिक स्थिति को सुरक्षित रखेगी। कोई पुराना रुका हुआ पैसा आज आपको वापस मिल सकता है। करियर को लेकर आपकी जिम्मेदारियां आज थोड़ी बढ़ सकती हैं।

### मीन
आज आपको अपनी आय को और बेहतर करने के कुछ नए रास्ते मिल सकते हैं। तुरंत लाभ दिखाने वाले जोखिम भरे कामों से दूर रहें और पूरी तरह सुरक्षित प्लानिंग पर ही ध्यान दें। सूझबूझ से आगे बढ़ने पर कुछ अच्छे आर्थिक मौके आपके सामने आ सकते हैं, जिनका अच्छे से मूल्यांकन करना जरूरी होगा। आपकी लगन आज दफ्तर के रुके हुए कामों को समय पर पूरा करने में आपकी मदद करेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# इंग्लैंड से पहली बार टी20 सीरीज हारा भारत

## 7 साल बाद लगातार दो सीरीज हारे विश्व विजेता

**नई दिल्ली। (एजेंसी)** श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारतीय टीम लगातार मैच हार रही है। इंग्लैंड ने शुक्रवार (10 जुलाई) को चौथे टी20 में भारत को 9 विकेट से हराकर 5 मैचों की सीरीज को 3-0 से अपने नाम कर लिया। इंग्लैंड ने पहली बार दो या उससे ज्यादा मैचों की द्विपक्षीय सीरीज में भारत को हराया है।

भारत ने पिछले छह में से पांच सीरीज जीते हैं, जबकि एक सीरीज ड्रॉ रही थी। मार्च में लगातार दूसरा विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय टीम इंग्लैंड से पहले आयरलैंड से 2 मैचों की टी20 सीरीज हारी। इससे पहले भारतीय टीम फरवरी 2019 में लगातार 2 टी20 सीरीज हारी थी।

न्यूजीलैंड ने उसे 1-2 और ऑस्ट्रेलिया ने उसे 2-0 से हराया था। मौजूदा सीजन से पहले भारत ने अपनी पिछली 12 द्विपक्षीय टी20 सीरीज में से 11 में जीत दर्ज की थी। दिसंबर 2023 में साउथ अफ्रीका में हुई सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही थी।



### इंग्लैंड से 2018 के बाद सीरीज हारी भारतीय टीम

भारतीय टीम 2018 में इंग्लैंड दौरे पर 2 सीरीज हारी थी। वनडे में में 2-1 और टेस्ट में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से दोनों देशों के बीच खेली गई किसी भी प्रारूप की सीरीज भारतीय टीम नहीं हारी थी। वह 10 में से 8 सीरीज जीती थी। इंग्लैंड में खेली गई पिछली 2 टेस्ट सीरीज 2-2 से बराबर रहीं।

**इंग्लैंड की दूसरी बड़ी जीत–** भारत ने चौथे टी20 में 37 गेंद रहते 9 विकेट से जीत हासिल की। 150 से ज्यादा रनों के लक्ष्य को पीछा करते हुए यह इंग्लैंड की विकेट के हिसाब से संयुक्त रूप से दूसरी सबसे बड़ी जीत थी। इससे पहले उसने 2020 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में 192 रनों के लक्ष्य को 1 विकेट खोकर हासिल किया था।

# फ्रांस ने लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई

### एम्बाप्पे ने की मेसी की बराबरी

**नई दिल्ली।** बोस्टन के जिलेट स्टेडियम में खेले गए 2026 फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में किलियन एम्बाप्पे और उस्मान डेम्बेले के गोलों की बदौलत फ्रांस ने मोरक्को को 2–0 से करारी शिकस्त दी। फ्रांस लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में पहुंचा है। कतर में 2022 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी फ्रांस ने मोरक्को को 2–0 से हराया था। एम्बाप्पे ने 60वें मिनट में पहला गोल किया।



इसके ठीक छह मिनट बाद डेम्बेले ने दूसरा गोल करके फ्रांस की बढ़त को दोगुना कर दिया। पहले हाफ में एम्बाप्पे ने पेनल्टी को गोल में बदलने से चूक गए, लेकिन इससे उनकी टीम को कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने दूसरे हाफ में एक शानदार गोल किया और फिर उस्मान डेम्बेले को असिस्ट भी किया। इस गोल के साथ, एम्बाप्पे आठ गोलों के साथ लियोनेल मेसी के साथ गोल्डन बूट की दौड़ में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

# इंग्लैंड ने नौ विकेट से हराया

### 3-0 से बनाई अजेय बढ़त

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला ब्रिस्टल में हुआ। इंग्लैंड ने 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज करते हुए भारत को 9 विकेट से हराया। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले खेलते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 158 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 13.5 ओवर में सिर्फ 1 विकेट गंवाकर मुकाबला जीत लिया। फिल साल्ट ने 59 और हैरी ब्रूक ने नाबाद 79 रन बनाकर शानदार अर्धशतक जड़े। इसी के साथ इंग्लैंड ने सीरीज भी जीत ली है और 3–0 से अजेय बढ़त बना ली है।





# श्रेयस अय्यर ने तोड़ा रोहित शर्मा और एमएस धोनी का रिकॉर्ड

### ● ब्रिस्टल में टॉस जीतते ही किया कमाल

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच ब्रिस्टल में टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला खेला जा रहा है। इस मुकाबले में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने एक बार फिर से टॉस जीता। बतौर भारतीय कप्तान उन्होंने लगातार अपना छठा टॉस जीता और रोहित शर्मा व एमएस धोनी का रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने अपनी कप्तानी में भले अभी तक पहला मैच नहीं जीता है लेकिन वह एक भी टॉस अभी तक नहीं हारे हैं। श्रेयस अय्यर ने इससे पहले आयरलैंड दौरे पर भी दोनों मैचों में टॉस जीता था। वह मौजूदा इंग्लैंड सीरीज में भी पहले चारों मैच में टॉस जीते हैं। उन्होंने बतौर कप्तान लगातार सबसे ज्यादा टॉस जीतने के मामले में विराट कोहली (6) की बराबरी की है। वह अब लगातार सबसे ज्यादा टॉस जीतने वाले संयुक्त रूप से दूसरे भारतीय कप्तान बने हैं।

### लगातार सबसे ज्यादा टॉस जीतने वाले भारतीय कप्तान

- 7 : एमएस धोनी (मई 2010 – फरवरी 2012)
- 6 : विराट कोहली (अगस्त 2019 – दिसंबर 2019)
- 6* : श्रेयस अय्यर (जून 2026 – जुलाई 2026)
- 5 : रोहित शर्मा (फरवरी 2020 – फरवरी 2022)
- 5 : एमएस धोनी (सितंबर 2007)

# 5 छक्के, 27 गेंद, 42 रन

### वैभव सूर्यवंशी का इंग्लैंड में अब तक का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी का इंटरनेशनल क्रिकेट में आगाज खास नहीं रहा है। इंग्लैंड में खेली पहली तीन पारियों में लगातार वह फेल ही साबित हुए हैं। उन्होंने पहली तीन पारियों में 14, 13 और 15 रन ही बनाए हैं। अभी तक लगातार उनकी आईपीएल वाली कमजोरी ही इंग्लैंड में उजागर हुई है। वह तीनों मुकाबलों में शॉर्ट बॉल के सामने दिक्कत में दिखे हैं। पिछली दोनों पारियों में वह शॉर्ट पिच डिलीवरी पर ही आउट हुए हैं।

वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड सीरीज में अभी तक तीन पारियों में 42 रन ही बनाए हैं। उन्होंने 27 गेंद का सामना किया है जिसमें 5 छक्के और सिर्फ एक चौका उनके बल्ले से निकला है। मगर उनकी सबसे बड़ी दिक्कत शॉर्ट बॉल की समस्या नहीं दूर हो रही है। जोफ्रा आर्चर ने लगातार दूसरी बार वैभव का विकेट झटका है।

उन्होंने ब्रिस्टल में खेले गए चौथे टी20 इंटरनेशनल में 10 गेंद पर 15 रन ही बनाए हैं। इंटरनेशनल डेब्यू करते हुए मैनचेस्टर में उन्होंने 12 गेंद पर 14 रन बनाए थे। फिर दूसरी पारी में नॉटिंघम में वह 13 रन ही बना पाए थे। नॉटिंघम के बाद ब्रिस्टल में भी वह आर्चर का शिकार बने हैं। आर्चर के खिलाफ वैभव ने 3 पारियों में 13 गेंद पर सिर्फ 18 रन ही बनाए हैं और दो बार उनका शिकार भी वह बने हैं।



### वैभव सूर्यवंशी की जगह पर मंडराया खतरा?

भारतीय टीम ने तीन महीने पहले विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने संजू सैमसन को बाहर करते हुए वैभव सूर्यवंशी को टीम इंडिया में जगह दी थी। अब वैभव ने पहली तीनों पारियों में निराश किया है। उनके अप्रोच पर सवाल उठने लगे हैं।

वैभव को जितनी तेजी से टीम में लाने की मांग उठ रही थी। उतनी तेजी से ही अब उनकी खामियां सामने आ रही हैं। इसी कारण सीरीज के आखिरी मुकाबले में अब उनकी जगह पर भी खतरा मंडरा रहा है। वैभव सूर्यवंशी ने पहली तीन पारियों में सिर्फ 42 रन बनाए हैं। उनका इंटरनेशनल डेब्यू खास नहीं रहा है। अब आखिरी टी20 में उनकी जगह संजू सैमसन की एंट्री होती है या नहीं यह देखने वाली बात होगी।

# हमेशा संजू को ही क्यों बाहर किया जाता है: पार्थिव

**नई दिल्ली।** संजू सैमसन की जगह वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टी20 टीम में शामिल किए जाने की बहस को आगे बढ़ाते हुए पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल ने कहा कि इस युवा बल्लेबाज को टीम में जगह देना भावनात्मक रूप से सही फैसला है, लेकिन इसके लिए सीनियर बल्लेबाज को टीम से बाहर करना तर्कहीन है। पटेल ने यह भी स्वीकार किया कि अतीत में सैमसन को प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रखने के कारण टीम से बाहर कर दिया गया था लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में उन्हें बाहर करने का कोई कारण नजर नहीं आता है। पटेल ने जियोस्टार से कहा, 'हमेशा संजू सैमसन को ही क्यों बाहर किया जाता है। अगर आप पिछले 11-12 सालों में संजू सैमसन के करियर को देखें तो एक चीज शुरू से उनका पीछा कर रही है और वह है उनके खेल में निरंतरता का अभाव।' उन्होंने कहा, 'या तो उस खिलाड़ी को बाहर किया जाता है जो तेजी से रन नहीं बना पा रहा हो या फिर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहा हो। आप भावनाओं और तर्क दोनों के आधार पर फैसले नहीं ले सकते। इसलिए वैभव सूर्यवंशी को मौका देना भावनात्मक रूप से सही फैसला था।'



पार्थिव ने कहा, 'लेकिन अगर तर्क की बात करें तो यह सवाल उठता है कि संजू सैमसन को क्यों बाहर किया गया। लेकिन मुझे लगता है कि यह फैसला भावनात्मक आधार पर लिया गया।' इस साल के टी20 विश्व कप में टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए सैमसन लगातार तीन मैचों में नाकाम रहे जिसमें उन्होंने कुल मिलाकर छह रन बनाए। इसके बाद उनकी जगह पर 15 वर्षीय सूर्यवंशी को टीम में शामिल किया गया। यह प्रतिभाशाली बल्लेबाज अब तक आईपीएल जैसा कमाल नहीं दिखा पाया है। सूर्यवंशी ने आईपीएल में सर्वाधिक रन बनाए थे। भारत मौजूदा श्रृंखला में अभी इंग्लैंड से 0-3 से पीछे है। यह पहला अवसर है जबकि इंग्लैंड ने भारत से टी20 श्रृंखला जीती है।

# एशियन गेम्स के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम का ऐलान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से चार अक्तूबर तक होने वाले 20वें एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी। 20 सदस्यीय टीम की कमान एक बार फिर सलिमा टेटे को सौंपी गई है। सलिमा की कप्तानी में भारत ने पिछले महीने न्यूजीलैंड में एफआईएच नेशंस कप का खिताब जीता था। हाल ही में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित अनुभवी गोलकीपर सविता को टीम में जगह मिली है। उनके साथ बिचू देवी खरीबाम दूसरी गोलकीपर होंगी।

### युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलन

डिफेंस में सुशीला चानू पुखरंबम, ईशिका चौधरी, ज्योति, लालथांतलुआंगी और शिल्पी डबास को शामिल किया गया है। लालथांतलुआंगी और शिल्पी ने एफआईएच नेशंस कप के दौरान सीनियर टीम में पदार्पण किया था और शानदार प्रदर्शन के दम पर एशियन गेम्स टीम में जगह बनाई।

### मिडफील्ड और आक्रमण में मजबूत संयोजन

मिडफील्ड में कप्तान सलिमा टेटे के साथ निक्की प्रधान, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, नेहा और दीपिका सोरेंग खेलती नजर आएंगी। वहीं, फॉरवर्ड लाइन में लालरेमसियामी, रुतुजा दादासो पिसाल, नवनीत कौर, दीपिका, ईशिका, बलजीत कौर और ब्यूटी डुंगडुंग को शामिल किया गया है। मुख्य कोच स्जोएर्ड मारिज्ने ने टीम चयन पर कहा, 'हमारे पास ऐसी टीम है जिसमें युवा, अनुभवी और सीनियर खिलाड़ियों का बेहतरीन संतुलन है। सभी खिलाड़ी एक-दूसरे से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'इस टीम ने पिछले कुछ महीनों में शानदार फॉर्म और फिटनेस दिखाई है। हमें पूरा विश्वास है कि यह टीम एशियन गेम्स की चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार है।'

### भारत की 20 सदस्यीय महिला हॉकी टीम

- **गोलकीपर:** सविता पूनिया, बिचू देवी खरीबाम
- **डिफेंडर:** ईशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरंबम, लालथांतलुआंगी, ज्योति, शिल्पी डबास
- **मिडफील्डर:** निक्की प्रधान, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, सलिमा टेटे (कप्तान), नेहा, दीपिका सोरेंग

# पूर्व विकेटकीपर की लताड़: वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम ऐसे नहीं खेलती

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज सबा करीम का मानना है कि श्रेयस अय्यर को अब भारत के टी-20 कप्तान के तौर पर अपनी पहचान बनानी चाहिए। उनका कहना है कि आईपीएल में उन्होंने जो रणनीतिक समझ दिखाई थी, वह अभी तक इंटरनेशनल लेवल पर नहीं दिखी है। करीम की यह बात तब आई जब भारत को ब्रिस्टल में खेले गए चौथे टी-20 मैच में इंग्लैंड से 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पहला मैच बारिश की वजह से रद्द होने के बाद इस हार से मेजबान टीम को 5 मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त मिल गई। आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद भारत की यह दूसरी बाइलेटरल टी-20 सीरीज हार है जबकि अभी एक मैच खेला जाना बाकी है।

करीम ने जियो हॉटस्टार से कहा, 'मुझे लगता है कि श्रेयस अय्यर के लिए कप्तान के तौर पर खुद को साबित करने का समय आ गया है। आईपीएल में हमने उनकी जो रणनीतिक कप्तानी देखी है, वह इंटरनेशनल क्रिकेट में अभी तक नहीं दिखी है।' पूर्व नेशनल सेलेक्टर ने मैदान पर अय्यर के कुछ फैसलों पर सवाल उठाए, खासकर ब्रिस्टल में मिली हार के दौरान भारत के बैटिंग ऑर्डर पर।



उन्होंने कहा, 'उदाहरण के लिए, जब वह बीच में बैटिंग कर रहे थे, तो शिवम दुबे पांचवें नंबर पर आए। मुझे वह फैसला समझ नहीं आया। यह वह श्रेयस अय्यर नहीं हैं जिन्हें हम आईपीएलसे जानते हैं। लॉजिकली, अगर वह अभी आईपीएलमें कप्तानी कर रहे होते, तो शिवम दुबे की जगह तिलक वर्मा पांचवें नंबर पर आते।'

करीम ने इस बात पर भी जोर दिया कि पारी के अहम मौकों पर कप्तान की तरफ से बातचीत करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने आगे कहा, 'जब आप कप्तान के तौर पर बीच में बैटिंग कर रहे होते हैं, तो अपने पार्टनर को भेजे गए मैसेज बहुत अहम होते हैं। हो सकता है कि उन्हें इस भूमिका में ढलने में समय लगे।'

## न्यूज बाइट्स

### मुख्य सचिव ने की पीएम सूर्य घर योजना व अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों की समीक्षा

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ नगर निकायों में मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ), कम्पोस्ट प्लांट, सैनिटरी लैंडफिल तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। औरंगाबाद से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रितेश कुमार यादव सहित संबंधित अधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक में मुख्य सचिव ने नगर निकायों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए एमआरएफ, कम्पोस्ट प्लांट, सैनिटरी लैंडफिल तथा एसटीपी/एफएसटीपी परियोजनाओं हेतु भूमि उपलब्धता की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया, ताकि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत अधोसंरचना विकास के कार्य समय पर पूरे हो सकें।

### आर्म्स एक्ट के दोषी को 3 साल की सजा, 15 हजार जुर्माना भी

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय दाउदनगर के न्यायिक दंडाधिकारी विकास कुमार ने आर्म्स एक्ट के एक मामले में अनंतु पांडेय उर्फ बोस पांडेय को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। खुदवां थाना कांड संख्या 8/2024 में कोर्ट ने धारा 25(1बी)(ए) के तहत 3 वर्ष का साधारण कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माना नहीं भरने पर 3 माह अतिरिक्त सजा होगी। वहीं धारा 26 के तहत 1 वर्ष का साधारण कारावास और 5 हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माना नहीं भरने पर 1 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। दोनों सजाएं साथ - साथ चलेंगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक अभियोजक विनय कुमार ने पैरवी की। न्यायालय ने कहा कि अवैध हथियार रखने वालों के प्रति किसी प्रकार की उदारता नहीं बरती जाएगी। सजा का उद्देश्य समाज में भय और रोकथाम स्थापित करना है।बताया गया कि इसी अभियुक्त को पहले खुदवां थाना कांड 33/24 में भी 2 वर्ष की सजा और अर्थदंड मिल चुका है। पिछले 6 माह में इस न्यायालय ने आर्म्स एक्ट के कई मामलों में दोषियों को सजा सुनाकर कड़ा संदेश दिया है।

देव प्रखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र में हादसा

# ईंट लदा ट्रैक्टर 20 फीट गड्ढे में पलटा मजदूर की दबकर मौत, चालक फरार



निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)

जिले के देव प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में ईंट लदे ट्रैक्टर के पलट जाने से एक मजदूर की दबकर मौत हो गई। हादसा पचोखर और सुंदरबीघा गांव के बीच पानी टंकी के समीप हुआ। दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान देव थाना क्षेत्र के रघुनी बिगहा गांव निवासी महेंद्र पासवान के 28 वर्षीय पुत्र धनंजय रिकियासन के रूप में हुई है। वह मजदूरी करता था और घोड़ाडीह स्थित एक ईंट-भट्ठे से ट्रैक्टर पर ईंट लादकर निर्धारित स्थान पर पहुंचाने जा रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पानी टंकी के पास चालक ने ट्रैक्टर से नियंत्रण खो दिया, जिससे ट्रैक्टर इंजन और ट्रॉली सहित सड़क किनारे करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में पलट गया। इस दौरान ट्रॉली पर बैठा धनंजय ईंटों के नीचे दब गया और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और धनंजय को गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कंचनपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। कंचनपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। हादसे के बाद फरार चालक की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण चालक द्वारा वाहन से नियंत्रण खोना सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

## तेज रफ्तार कार ने तीन लोगों को रौंदा, किताब खरीदकर लौट रहे आठ वर्षीय मासूम की मौत

- ओबरा के देवकली मोड़ पर हादसा, दो गंभीर घायल मुआवजे और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दो घंटे किया सड़क जाम
- रोहित कुमार (10) और रामेश्वर साव (58) गंभीर रूप से घायल।



निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)

जिले के ओबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवकली मोड़ के समीप गुरुवार देर रात तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक आठ वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान मनीष कुमार (8) के रूप में हुई है। वहीं, घायल रोहित कुमार (10) और रामेश्वर साव (58) का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, रामेश्वर साव सब्जी बेचकर घर लौट रहे थे, जबकि मनीष और रोहित बाजार से किताब खरीदकर अपने गांव वापस जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे पैदल जा रहे तीनों को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद मनीष कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल से मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। शुक्रवार सुबह मासूम की मौत की खबर मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने देवकली मोड़ पर औरंगाबाद–पटना मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी चालक की तत्काल गिरफ्तारी, मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। करीब दो घंटे तक चले सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्कूल जाने वाले बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और अन्य यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। ओबरा थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया गया है। फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण



एसववी संवाददाता | औरंगाबाद

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गई ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रखरखाव, अभिलेखों के संधारण तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आयोग के सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने तथा वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का सुरक्षित रखरखाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की आधारशिला है।

जिला प्रशासन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का नियमित निरीक्षण निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता, विश्वसनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। औरंगाबाद जिला प्रशासन स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

## 19 सूत्री मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स तथा सीटू के आह्वान पर शुक्रवार को जिले की आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने 19 सूत्री मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की। प्रदर्शन के बाद जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) के माध्यम से केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका एवं कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारी अध्यक्ष संजू कुमारी, जिला मंत्री मीना कुमारी, जिला कोषाध्यक्ष कमला कुमारी तथा संरक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने किया। संघ के नेताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाएं वर्षों से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, लेकिन उन्हें उनके कार्य के अनुरूप मानदेय नहीं मिल रहा है। उन्होंने मांग की कि नियमितीकरण होने तक सेविकाओं को 41 हजार रुपये तथा सहायिकाओं को 35 हजार रुपये मासिक न्यूनतम वेतन दिया जाए।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की डीएम ने की समीक्षा, लक्ष्य पूरा करने के दिए निर्देश



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

समाहरणालय सभाकक्ष में शुक्रवार को जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, पीएम कुटीर योजना एवं मॉडल विलेज योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरा किया जाए तथा पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से योजना का लाभ सुनिश्चित कराया जाए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बैंकों को अस्वीकृत आवेदनों की विस्तृत समीक्षा कर उनके कारणों का विश्लेषण करने तथा पात्र आवेदकों को अनावश्यक परेशानी से बचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए लंबित एवं अस्वीकृत आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को अधिक से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से जोड़ने, संभावित लाभार्थियों की पहचान करने तथा आवेदन प्रक्रिया में हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। बैठक में मॉडल विलेज योजना की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले से 10-10 गांवों के चयन की प्रक्रिया जारी है। जिस राजस्व ग्राम में सर्वाधिक सोलर रूफटॉप लगाए जाएंगे, उसे मॉडल विलेज के रूप में विकसित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने, बिजली बिल में कमी लाने, पर्यावरण संरक्षण तथा आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण के उद्देश्य से इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों को योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत विशेष सखी वार्ता

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

महिला एवं बाल विकास निगम, औरंगाबाद के अंतर्गत जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन (डीएचईडब्ल्यू) द्वारा शुक्रवार को मदनपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय आजन में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत विशेष सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं किशोरियों को शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बाल विवाह, लैंगिक हिंसा, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

## जितिया लोकोत्सव को मिला राज्य स्तरीय पहचान राज्य के सांस्कृतिक कैलेंडर में हुआ शामिल

निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

दाउदनगर का खास और प्रसिद्ध लोकोत्सव जितिया (नकल पर्व) अब राज्य के पटल पर है। राज्य के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग ने इस पर अपना मोहर लगाया और इसे अपने 2026 के संस्कृति कैलेंडर में शामिल कर लिया। विभाग की निदेशक रूबी द्वारा जारी अधिसूचना में औरंगाबाद के अन्य महोत्सवों में यह भी शामिल हो गया है। हालांकि इसके लिए यहां के लोगों ने लंबी लड़ाई लड़ी। नगर पंचायत से नगर परिषद तक ने इसके लिए अथक प्रयास किया। नगर पंचायत के मुख्य पार्षद रहे परमानंद प्रसाद के बोर्ड ने नगर पंचायत सरकार की ओर से पहली बार जितिया के मौके पर आयोजित होने वाले हैरतअंगेज लोक संस्कृति (लोकोत्सव) का सफलता पूर्वक आयोजन कर इसे राज्य स्तरीय दर्जा प्राप्त कराने में एक पटकथा तैयार की थी। दूसरी ओर इसके बेस में पत्रकारों की शानदार भूमिका भी इसके आगे के रास्ते को दिशा देने में समय - समय पर अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करती रही। अंततः



सफलता मिल गई, जश्न मनाने का मौका मिल गया। नगर परिषद दाउदनगर के मुख्य पार्षद अंजली कुमारी के अंतिम प्रयास के कारण यह संभव हो पाया और यह दाउदनगर की तंग गलियों से उठ कर राज्य के पटल पर पहुंच गया। अब यह माना जा रहा है यह फैसला यहां की इस खास लोक संस्कृति के लिए बड़ी उपलब्धि है। यहां यह महत्वपूर्ण है कि किसी खास आयोजन को राज्य के पटल पर लाना कोई साधारण बात नहीं है। इसके लिए मेहनत करनी पड़ती है। मुख्य पार्षद अंजली ने की और इसे कर दिखाया। इन्होंने लाखों पापड़ बेल दिए, एक इतिहास रच दिया और इसे अपने नाम कर लिया। अब दाउदनगर की अवाम राज्य सरकार के संस्कृति विभाग के इस फैसले से गदगद है।

## बारुण रेलवे अंडरपास के पास चला विशेष स्वच्छता अभियान, ग्रामीणों को मिली राहत



निज संवाददाता | बारूण(औरंगाबाद)

बारुण प्रखंड के कोचाढ़ पंचायत अंतर्गत रेलवे अंडरपास के समीप लंबे समय से जमा गंदगी को हटाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार के निर्देश पर संचालित किया गया। बताया गया कि अंडरपास के आसपास काफी मात्रा में गंदगी जमा हो जाने के कारण लोगों का आवागमन कठिन हो गया था। स्थानीय ग्रामीणों को प्रतिदिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामले की जानकारी मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार ने तत्काल संज्ञान लिया और सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया।

निर्देश के बाद स्वच्छता कर्मियों ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से पूरे क्षेत्र की व्यापक सफाई की। अभियान के दौरान अंडरपास एवं आसपास की सड़क से कचरा और गंदगी हटाकर मार्ग को पूरी तरह स्वच्छ बनाया गया, जिससे आवागमन फिर से सुगम हो गया। ग्रामीणों ने त्वरित कार्रवाई के लिए प्रखंड प्रशासन एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर उठाए गए इस कदम से लोगों को बड़ी राहत मिली है।

## जिला अस्पताल की साफ-सफाई का जिम्मा संभालेंगी जीविका दीदियां

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बिहार सरकार के महत्वपूर्ण निर्णय के तहत जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार शुक्रवार से सदर अस्पताल, औरंगाबाद की साफ-सफाई का कार्य जीविका दीदियों द्वारा शुरू कर दिया गया। राज्य सरकार ने जिला एवं अनुमंडल अस्पतालों में साफ-सफाई की जिम्मेदारी जीविका समूहों को सौंपने का निर्णय लिया है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्थायी रोजगार उपलब्ध कराना, उनकी आय में वृद्धि करना तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। जिला अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य



विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनवर आलम, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक पवन कुमार तथा जागृति जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, बतवा की अध्यक्षा ममता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नई व्यवस्था का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक पवन कुमार ने कहा कि जीविका का मूल उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। अस्पताल की साफ-सफाई जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से महिलाओं की आय बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि जीविका दीदियां अपनी कार्यकुशलता, अनुशासन और समर्पण से इस जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगी। जागृति जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ की अध्यक्षा ममता देवी ने कहा कि जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल की साफ-सफाई की जिम्मेदारी मिलना जीविका दीदियों के लिए सम्मान और गर्व की बात है। यह महिलाओं की कार्यक्षमता, ईमानदारी और प्रतिबद्धता पर सरकार के विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस पहल से बड़ी संख्या में महिलाओं को रोजगार मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इसके लिए उन्होंने बिहार सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

गर्मी के मौसम में पोल्ट्री फार्म को सुरक्षित और उत्पादनशील बनाए रखने के लिए मुर्गीपालकों को सलाह

गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ने से मुर्गियों के अंडे एवं मांस उत्पादन में कमी, मृत्यु दर में वृद्धि और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इन समस्याओं से बचने के लिए निम्नलिखित सावधानियाँ बरतेंः

तापमान नियंत्रण
- शेड में उचित वेंटिलेशन (हवादारी) रखें।
- छत पर घास या टाट बिछाकर ऊपर पानी छिड़कें।
- कूलर, फैन, या वाटर फॉगिंग सिस्टम का उपयोग करें

प्रबंधन
- दिन में 2-3 बार पानी की टंकियों को भरें और उन्हें छाया में रखें।
- इलेक्ट्रोलाइट्स (ORS) व विटामिन सी पानी में मिलाएं ताकि डिहाइड्रेशन न हो।

आहार प्रबंधन
- सुबह और शाम के ठंडे समय में दाना दें।
- एनर्जी रिच (ऊर्जा युक्त) आहार दें, लेकिन हाई प्रोटीन से बचें।

स्वास्थ्य प्रबंधन
- गर्मी में तनाव कम करने वाले सप्लीमेंट्स दें।
- टीकाकरण और डि-वॉर्मिंग शेड्यूल का पालन करें।
- बीमार मुर्गियों को तुरंत अलग करें।

सफाई और स्वच्छता
- फार्म को सूखा और साफ रखें।
- नियमित रूप से कीट-नाशक छिड़काव करें।



विषम परिस्थिति में अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क करें या 1962 पर कॉल कर समस्या का समाधान प्राप्त करें

PR No.- 007473 (Animal)D. 2026-27